रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ


RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 10 दिसंबर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 108 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने शहीद वीर नारायण सिंह को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह को उनके बलिदान दिवस 10 दिसम्बर पर नमन किया है।



बघेल ने वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के लिए योगदान को याद करते हुए कहा है कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जन-नायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे।

### चार राज्यों की नयी जातियों को मिलेगा एसटी का दर्जा

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ एवं हिमाचल प्रदेश की कुछ जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के उद्देश्य से लोकसभा में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश 1950 में संशोधन करने वाले चार विधेयक पेश किये गये। जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा ने तमिलनाडु के बारे में संविधान (अजजा) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक 2022, हिमाचल प्रदेश के बारे में संविधान (अजजा) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक 2022, कर्नाटक के बारे में संविधान (अजजा) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक 2022 तथा छत्तीसगढ़ के बारे में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 पेश किया।

# एकसमान नागरिक संहिता विधेयक राज्यसभा में पेश

**वार्ता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



विपक्षी दलों के भारी विरोध को मतविभाजन के जरिए नामंजूर करते हुए गैर सरकारी विधेयक 'भारत में एकसमान नागरिक संहिता 2022' शुक्रवार को राज्यसभा में पेश हो गया। भारतीय जनता पार्टी के किरोड़ी लाल मीणा के इस विधेयक को पेश करने के लिए लाये गये प्रस्ताव के पक्ष में 63 तथा विरोध में 23 मत पड़े। तृणमूल कांग्रेस, बीजू जनता दल और वाईएसआरसीपी के सदस्य मतविभाजन से पहले बिना कुछ कहे सदन से बाहर चले गये। सभापति जगदीप धनखड ने जैसे ही मीणा का नाम यह विधेयक पेश करने के लिए पुकारा तो विपक्ष के कई सदस्य इसका विरोध करते हुए खड़े हो गये और कहा कि इसे पेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इस पर श्री धनखड़ ने कहा कि यह सदन विचार विमर्श करने के लिए हैं और विधेयक पेश करना और अपनी बात कहना प्रत्येक सदस्य का अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों ने इस विधेयक को पेश करने का विरोध किया है। लेकिन सब कुछ प्रक्रिया के तहत होगा। इसके बाद उन्होंने श्री मीणा को विधेयक पेश करने की अनुमति दी और विरोध कर रहे सदस्यों का नाम पुकारा। सदन के नेता पीयूष गोयल ने विपक्ष के विरोध को खारिज करते हुए कहा कि यह विधेयक संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्य विधेयक का विरोध करने के लिए संविधान सभा के सदस्यों के नाम का गलत ढंग से उल्लेख कर रहे हैं। इससे पहले विधेयक को पेश करने का विरोध करते हुए एमडीएमके के वायको ने कहा कि भारत कई विचारों और भाषाओं तथा धर्मों का देश है। यह विधेयक भाजपा का एजेंडा है। इस पेश करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने कहा कि यह विधेयक मौलिक अधिकार 26 बी और 29(1) के खिलाफ हैं। इसके प्रावधान संविधान की भावना के खिलाफ हैं। इसलिए इसे अनुमति नहीं देनी चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के इलावरम करीम, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जान ब्रिटास, द्रविड मुनेत्र कषगम के तिरुचि शिवा, कांग्रेस के एल. हनुमंतैया और इमरान प्रतापगढ़ी तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की फौजिया खान ने भी विधेयक को पेश करने का विरोध किया।

# गोपनीयता, क्षमता और अनुशासित आचरण लोक सेवकों के आभूषण : राष्ट्रपति मुर्मू

**वार्ता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि गोपनीयता, क्षमता और अनुशासित आचरण भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के आभूषण हैं और इनसे ही उन्हें आत्मबल मिलेगा। मुर्मु ने उत्तराखंड के मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के 97 वें सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रम के विदाई समारोह में प्रशिक्षु अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि उन्हें सरदार वल्लभ भाई पटेल के शब्द याद आ रहे हैं। अप्रैल 1947 में सरदार पटेल भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिल रहे थे। उस समय उन्होंने कहा था कि प्रत्येक जनसेवक, चाहे वह किसी भी दायित्व का निर्वहन कर रहा हो, हमें उससे सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद करनी चाहिये और यह उम्मीद रखना हमारा अधिकार है। हम गर्व से कह सकते हैं कि जनसेवक इन उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आधारभूत पाठ्यक्रम का मूलमंत्र 'वी, नॉट आई' (हम, न कि मैं) है। उन्होंने भरोसा जताया कि पाठ्यक्रम के प्रशिक्षु अधिकारियों को सामूहिक भावना के साथ देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी उठानी चाहिये।

## ईडी ने अदालत में 8 हजार पेज की चार्जशीट पेश की

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com

प्रवर्तन निदेशालय के अफसर शुक्रवार को गाड़ियों में चार्जशीट लेकर गुपचुप तरीके से रायपुर स्थित ईडी की विशेष कोर्ट पहुंचे। जज अजय सिंह की कोर्ट में 8 हजार पेज की चार्जशीट पेश की गई। वहीं मामले की अगली सुनवाई आज होनी है। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा था कि शनिवार को चार्जशीट पेश की जा सकती है। मगर एक दिन पहले ईडी ने इसे पूरी गोपनीयता के साथ कोर्ट में पेश कर दिया। 8 हजार पेज की चार्जशीट में मनी लॉड्रिंग और कोल परिवहन से संबंधित जानकारी तथा दस्तावेज प्रस्तुत किए गए है। मामला आईएएस समीर विश्नोई, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी और सुनील अग्रवाल से जुड़ा है। ईडी ने मनी लॉड्रिंग मामले में अभी तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर करोड़ों रूपए के हेर-फेर का आरोप है। प्रस्तुत चालान में कैसे पद पर रहकर आईएएस तथा अफसरों ने अपनी ताकतों का इस्तेमाल किया और मिल जुलकर किस तरह से इस अपराध को अंजाम दिया गया इन तमाम विषयों की जानकारी ईडी के द्वारा अदालत में प्रस्तुत की गई है। वहीं मामले की सुनवाई पुनः आज होनी है।

## किसान कांग्रेस ने किया जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**एजेंसी ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com




किसानों की समस्या को लेकर ऑल इंडिया किसान कांग्रेस ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और सरकार से किसानों से किये गये वादे पूरे करने की मांग की। कार्यक्रम के आयोजक अखिल भारतीय किसान कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने कहा कि उन्होंने किसानों की समस्या को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है लेकिन मोदी सरकार किसानों तथा खेतिहर मजदूरों की दयनीय स्थिति एवं उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली की सीमा पर एक साल पहले तक आंदोलन चलाया था और किसानों का यह आंदोलन करीब एक साल तक चला था लेकिन आंदोलन को खत्म हुए लगभग एक वर्ष हो चुका है लेकिन केंद्र सरकार ने आंदोलन को खत्म करने के समय किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर जो वादे किसानों से किये थे इस बारे कोई भी कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## देश में खाद्यान्न की कोई कमी नहीं : गोयल

**वार्ता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा को आश्वस्त किया कि देश में खाद्यान्न की न तो अभी कोई कमी है और आने वाले वर्षों में भी इसकी कमी नहीं होगी। गोयल ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि देश में खाद्यान्न की न तो अभी कोई कमी है और आने वाले वर्षों में भी इसकी कमी नहीं होने वाली। उन्होंने बताया कि देश में खाद्यान्न और दालों का पर्याप्त भंडार है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मंत्री समूह स्थिति पर कड़ी नजर रखता है। खाद्यान्न की कमी और महंगाई दोनों मामलों से निपटने के लिए सरकार पूरी तरह सजग है। उन्होंने कहा कि बफर स्टॉक की स्थति भी ठीक है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब लोगों को मुफ्त खाद्यान्न की योजना चला रही है और पिछले दो वर्षों में भूख के कारण किसी की मौत नहीं हुई है। गोयल ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि दिल्ली सरकार घर घर राशन पहुंचाने के नाम पर गड़बड़ी करना चाहती थी लेकिन न्यायलय ने उस पर रोक लगा दी है।




# मनोरा विकासखंड मुख्यालय में चार दिवसीय ज्ञान पर आधारित क्षमता कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




विकासखंड स्तरीय 4 दिवसीय स्त्रस्ह बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान पर आधारित क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी उदित चौहान के नेतृत्व में एवं विकासखंड श्रोत समन्वयक तरुण पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विकासखंड समन्वयक तरुण पटेल द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं वर्तमान में गुणवत्ता की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए अपनी क्षमता का विकास कर बच्चों के गुणात्मक विकास में बेहतर कार्य करने को कहा।

खंड स्तरीय सम्पन्न हुए 4 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों से उनके पूर्व अनुभव के आधार प्री-एवं पोस्ट टेस्ट कराते हुए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ,बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान , शिक्षकों द्वारा किए गए कार्य, विद्यालय के वर्तमान स्तर में सुधार हेतु विभिन्न उपायों पर चर्चा किया गया। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक शिक्षकों को जानकारी दी गई। निष्ठा, दीक्षा, संपर्क फाउंडेशन, सरल कार्यक्रम, स्टोरी विवर की कहानी, मुस्कान पुस्तकालय के संचालन, रूम टू रीड, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और बालवाड़ी मिशन के लक्ष्य तथा उद्देश्य, बहु भाषा शिक्षण एवं रणनीतियों पर चर्चा भी किया गया। विभिन्न तरह की खेल गतिविधियों जैसे- साथी ढूंढो , बैलून पास, राजा रानी का खेल, फुटबॉल थ्रो करायी गई।

बालवाड़ी के विकासात्मक लक्ष्य, मौखिक भाषा विकास संप्रेषण कौशल और परिवेश से सीखने पर गतिविधि आधारित प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी खेल -खेल के माध्यम से पूरी रुचि के साथ सुनिश्चित की। मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान अंतर्गत कक्षावार निर्धारित लक्ष्य एवं उनके लर्निंग आउट पर प्रशिक्षण में विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण का संपादन मास्टर ट्रेनर्स प्रशांत षडंगी स.शि.एवं नवीन कुमार मिश्रा स.शि.द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड के 30 संकुल के 60 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के अगले चरण में प्रशिक्षित शिक्षक/मेंटर्स संकुल स्तर पर शिक्षको को प्रशिक्षित कर निपुण भारत अभियान के अंतर्गत चलाये जा रहे स्त्रस्ह आधारित दक्षताओं के प्राप्ति हेतु कार्य करेंगे।

## वंदे भारत ट्रेन रायगढ़ से चलाने की मांग को लेकर रेल मंत्री से मिली सांसद गोमती साय



**जशपुरनगर।** रायगढ़ सांसद गोमती साय ने शुक्रवार को सत्र के दौरान केंद्रीय रेलमंत्री अश्विन वैष्णव से मुलाकात कर 11 दिसंबर से बिलासपुर से नागपुर तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को रायगढ़ से चलाने की मांग की। औपचारिक चर्चा के दौरान रायगढ़ सांसद गोमती साय ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्विन वैष्णव से कहा कि वंदे भारत ट्रेन को रायगढ़ से शुरू करने से पूरे छत्तीसगढ़ को इसका लाभ मिलेगा। इस पर रेलमंत्री वैष्णव ने कहा कि आपके प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# फिट इंडिया क्विज की परीक्षा में सेजेस के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में प्राचार्य पी.के.ग्वाल के कुशल निर्देशन एवं व्याख्याता /तकनीकी के जानकार प्रदीप नारायण सेठ के मार्गदर्शन में प्रभारी प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी के सफल नेतृत्व में वरिष्ठ शिक्षक विनोद चौधरी के सहयोग, समर्पण से 20 विद्यार्थियों ने फीट इंडिया क्विज 2022 में अपना पंजीयन कराकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा ली जाने वाली प्रारंभिक दौर (प्रीलिमिनेरी राउंड) की परीक्षा में शत् - प्रतिशत विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और खेल,फिटनेस, स्वस्थ जीवन शैली,विज्ञान संबंधी ज्ञान को क्विज के माध्यम से परखा. आठवीं कक्षा की रीतिका पटेल, महक गर्ग,नंदिनी पटेल, रीतिका दुबे, सिमरन सागर पटेल, अनुष्का प्रधान, अदिति साहू, मेहुल कर, फरहीन फातिमा, रिंकी साव, प्राची पटेल, फलक पटेल, सुमन पटेल,पायल साहू, पायल पटेल,आयुष पंडा,सोनाली प्रधान,अतुल पटेल, हर्षित चौधरी, रिया प्रधान ने क्विज में भाग लिया है। फिट इंडिया क्विज स्कूली बच्चों के बीच फिट इंडिया के संदेश का प्रचार- प्रसार करने और स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए की गई.फिट इंडिया क्विज स्कूली छात्रों को समर्पित है जहां खेल और फिटनेस में रुचि रखने वाले देश भर के पंजीकृत विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा में भाग लिए। क्विज के माध्यम से फिटनेस और खेल संबंधी ज्ञान का प्रदर्शन किया गया। बच्चों को फिट जीवन शैली अपनाने के लिए यह एक लोकप्रिय कार्यक्रम है। फिट इंडिया क्विज में प्रारंभिक दौर, राज्य स्तरीय दौर और राष्ट्रीय दौर शामिल हैं। पंजीयन, मॉक टेस्ट, एडमिट कार्ड प्राप्ति, बेबिनार 1, बेबिनार 2 , मोबाइल एप्प डाउन लोड करने, परीक्षा की तिथि और सत्र प्राप्त करना, फीट इंडिया क्विज में प्रतिभागिता हेतु इन प्रोसेस से गुजर कर विद्यार्थियों ने अपनी हुनर राष्ट्रीय स्तर पर आनलाइन वर्चुअल प्लेटफार्म के माध्यम से दिखाया है। फिट इंडिया क्विज में शामिल होने का सुनहरा अवसर प्राप्त किया सेजेस सरायपाली के मिडिल स्कूल के पंजीकृत 20 विद्यार्थियों ने. इस क्विज प्रतियोगिता में बच्चों के प्रोत्साहन हेतु लाखों का ईनाम भारत सरकार खेल मंत्रालय द्वारा रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता पी. एन. सेठ,शिक्षक विनोद चौधरी, कंप्युटर शिक्षक अक्षय कुमार भोई,शिक्षिका रश्मि राजा,वरिष्ठ शिक्षक श्यामसुंदर दास, गजानंद प्रधान, विशिकेशन नैरोजी, रूपसिंह यादव आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## अभा सिक्ख क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से, पोस्टर का विमोचन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहीद भाई तारू सिंघ फाउंडेशन द्वारा अखिल भारतीय सिक्ख क्रिकेट प्रतियोगिता का विगत 14 वर्षों से आयोजन किया जा रहा है। इस बार 16 से 25 दिसंबर तक सिक्ख प्रीमियर लगेज 2022 के सभी मैच एमपी नचरानी मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम सेरीखेड़ी में खेले जायेंगे। प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी बल्देव सिंग (पप्पु) भाटिया ने किया और प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर फाउंडेशन के सभी सदस्य उपस्थित थे। आयोजन समिति की ओर से जानकारी देते हुए मुखी त्रिलोचन सिंह काले ने बताया कि देश के प्राय~ सभी राज्यों की सिक्ख क्रिकेट टीम हिस्सा ले रही हैं। इन राज्यों में पहले 44 क्वालीफाइ मैच खेले गए उसके बाद अब कुल 12 टीमें यहां लीग मैच खेलेंगे। राष्ट्रीय स्तर की यह क्रिकेट प्रतियोगिता सिक्ख समाज की सबसे लोकप्रिय आयोजनों में से एक है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेंड्रा में शपथ दिलाई गई

पायनियर संवाददाता ➤ पेंड्रा
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन और जिला शिक्षा अधिकारी के तत्वाधान में नगर के सभी विद्यालयों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों और शर्तो की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नाबालिक छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए। 2 पहिया या 4 पहिया वाहनों को न चलने की हिदायत दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों को अपने परिजनों के साथ साझा करने की जानकारी दी की गई। कार्यक्रम का आयोजन सुबह की शाला प्रार्थना सभा में आयोजित किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेंड्रा हमेशा की तरह छात्र छात्राओं ने शत प्रतिशत उपस्थिति के साथ शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रा सर ( जिला शिक्षा अधिकारी जीपीएम ) ने सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेंड्रा की प्रार्थना सभा की खूब सहराना की। ज्ञात हो की सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेंड्रा की प्रार्थना छात्र छात्राओं द्वारा ही आयोजित किया जाता है। यह सभा शाला में गठित 4 समूह द्वारा प्रति सप्ताह अयोजित की जाती है जिसमे सुबह का शुभ विचार, रोचक तथ्य, मुख्य समाचार, जीके प्रश्न छात्र छात्राओं द्वारा पूछे व बताए जाते है। कार्यक्रम के अध्यक्ष व प्राचार्य वी के वर्मा जी ने छात्र छात्राओं के हितों के ध्यान रखते हुए। शाला में पहले से ही 2 पहिया वाहनों पर रोक लगा दी है। अथवा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेंड्रा के छात्र छात्राओं को सभी के लिए एक सर्व श्रेष्ठ विद्यार्थी बन जन गण के लिए उदारण बनाना है।

# कवासी लखमा पहुंचे जिला अस्पताल हालचाल पूछकर किया फल वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर मंत्री छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य कर और उद्योग मंत्री सह कोण्डागांव जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया। साथ ही इस दौरान जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों से मंत्री कवासी लखमा व उनके साथ उपस्थित अंतागढ़ विधायक अनूप नाग ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली व जिला अस्पताल में मिल रही सुविधाओ के बारे में जानकारी ली गई। फल वितरण के पश्चात उन्होंने जिला अस्पताल में निर्मित हमर लैब का निरीक्षण किया और जिला चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी से हमर लैब के माध्यम से आमजनमानस को मिल रही सुविधाओ की विस्तृत जानकारी ली। इस फल वितरण कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दीवान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखबति मरकाम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कैलाश पोयाम, विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम, जिला महामंत्री गीतेश गांधी, शोभापती बघेल, युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव गीतेश बघेल, आई टी सेल जिला उपाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा सहीत अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# महिला एवं बाल अधिकारों की जागरुकता के लिए किया गया कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





महिला एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरुकता के लिए शौर्य भवन में कार्यशाला का आयोजन गुरुवार 8 दिसंबर को किया गया। इस कार्यक्रम के तहत् महिला एवं बालिकाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम एवं अनैतिक व्यापार के अधिनियम के साथ अन्य विभिन्न महिला संबंधित कानुन योजना के बारे में जागरूक करना है साथ ही विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर 112, पुलिस हेल्प, 181 महिला हेल्पलाईन, 1098 चाईल्ड लाईन, 1800123610 यूनिसेफ एवं चाईल्ड हेल्पलाईन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 25 नवंबर 2022 से 10. दिसंबर 2022 तक अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के विरूद्ध हो रही हिंसा का उन्मूलन करना है। इसी कड़ी में 25 नवंबर 2022 से यह अभियान सतत रूप से चालाया जा रहा है। जिसकी शुरुवात 25 नवंबर को जगदलपुर के शासकीय संस्थाओं से की गई है।

विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गीता बृज ने इस अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण के योजनाओं के माध्यम से लाभ प्रदान करने और महिलाओं को विभिन्न अपराधों के तहत प्राप्त क्षतिपूर्ति का लाभ दिलाने में सहयोग करने का आग्रह किया। एडिशनल एसपी निवेदिता पॉल द्वारा अनैतिक व्यापार व पलायन के प्रकरणों में बच्चों के साथ अपनत्व की भावना रखें, जिससे बच्चे भी अपने मन की बात व भावनायें व सहज रूप से व्यक्त कर पाएं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, मनोज कुमार सिन्हा द्वारा विभागीय योजनाओं को लोगो तक पहुचाने एवं सभी विभाग के लोग एकजुट होकर व संवेदनशीलता के साथ महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार व उनके संरक्षण के लिये मिलकर समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की गई।

आज के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में वीनू हिरवानी, महिला संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 व कार्यस्थल पर महिलाओं का लैगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत रूप से बताया गया, साथ ही महिलाओं के लिये विभिन्न जारी हेल्पलाईन नम्बर के साथ सखी वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। बाल संरक्षण अधिकारी विजय शंकर शर्मा द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न संस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुये बाल कल्याण समिति व जेजे बोर्ड व जेजे एक्ट के बारे में बताया गया। दुर्गा शंकर नायक, जिला समन्वयक, युनिसेफ ध् सेंटर फॉर केटेलाईजिंग चेंज (सी-03) द्वारा बाल संरक्षण एवं किशोर सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से बताया गया। उप पुलिस अधीक्षक अपूर्वा क्षत्रिय द्वारा महिला एवं बाल अधिकारों की जागरूकता हेतु कार्यशाला के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# महाविद्यालय में हुआ दो दिवसीय परिचय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की केमिकल सोसायटी और अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'परिचय' कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापक रूपा सोरी द्वारा एमएससी रसायनशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं को अंग्रेज़ी में अपना परिचय कैसे दें बताया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष रूपा सोरी ने छात्र-छात्राओं को अपना परिचय देने की मूलभूत नियम बताई। जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम अंग्रेजी में अभिवादन करना फिर उसके बाद अपना नाम, परिवार की जानकारी, अपनी शिक्षा से संबंधित जानकारी, अपनी क्वालिफिकेशन, अपनी भविष्य की योजनाओं के इत्यादि बारे में सरल अंग्रेज़ी के वाक्यों से समझाया। कार्यशाला के प्रथम दिवस एमएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं द्वारा एक एक कर के अपना परिचय दिया गया। प्रत्येक छात्र के परिचय के बाद उन्हें भौतिक शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक लोचन वर्मा के द्वारा उनकी खामियां बताते हुए और बेहतर तरीके से बोलने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला के अंतिम दिन एमएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्रों द्वारा अपना परिचय अंग्रेजी में दिया गया और प्रत्येक के बाद उन्हें भी बेहतर परिचय देने के गुर सिखाए गए। इस कार्यशाला का संचालन अमर सिंह और गुरुगु काव्या द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में रसायनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष नसीर अहमद ने छात्र छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए शाबाशी दी और अंग्रेज़ी से न डरते हुए उसे अपनी शक्ति बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में रसायनशास्त्र विभाग की अतिथि व्याख्याता ऋचा श्रीवास्तव, गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष नेहा बंजारे, वाणिज्य विभाग से विभागाध्यक्ष आकाश वासनीकर, हनी चोपड़ा और एमएससी रसायन शास्त्र प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नशे की हालत में स्कूल आते थे गुरुजी, ग्रामीणों की शिकायत पर स्कूल पहुंची जांच टीम

पायनियर संवाददाता ✓ केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवागढ़ के प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक हजारी राम दुग्गा विगत कुछ दिनों से लगातार अनुपस्थित चल रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर उक्त शिक्षक की शिकायत की गई थी। शिकायत में ग्रामीणों ने यह भी बताया था कि सहायक शिक्षक हजारी राम जब भी स्कूल आते हैं तो नशे की हालत में रहते हैं। ग्रामीणों की इस शिकायत को गंभीरतापूर्वक लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल केशकाल एसडीएम व खण्ड शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए थे। जिसके बाद गुरुवार को केशकाल एसडीएम शंकरलाल सिन्हा के नेतृत्व में गठित जांच टीम प्राथमिक शाला पहुंची थी जहां शिक्षक अनुपस्थित पाए गए।

स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला नवागढ़ के सहायक शिक्षक हजारी दुग्गा हमेशा स्कूल में नशे की हालत में पहुंचते थे और अभी कुछ दिनों से लगातार स्कूल भी नही आते थे।

जिसके कारण स्कूली बच्चों के की पढ़ाई भी काफी प्रभावित हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण व पालक जन कोंडागांव कलेक्टर दीपक सोनी के समक्ष शिक्षक के शिकायत करने पहुंचे थे। इस शिकायत के जांच हेतु कलेक्टर ने केशकाल एसडीएम शंकरलाल सिन्हा, बीईओ प्रभुलाल केमरो, बीआरसी प्रकाश साहू, माखनलाल कोमरा तथा बलराम नाग प्राथमिक शाला नवागढ़ पहुंचे थे। जांच टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान भी उक्त शिक्षक स्कूल में बिना किसी को जानकारी दिए अनुपस्थित थे।

**लापरवाह शिक्षक के खिलाफ होगी कार्यवाही-** इस दौरान एसडीएम शंकरलाल सिन्हा ने स्कूल के अन्य शिक्षकों व बच्चों से भी इस सम्बंध में जानकारी लिया गया साथ ही ग्रामीणों के साथ चर्चा की गई। ग्रामीणों ने उक्त शिक्षक की कार्यशैली पर काफी नाराजगी जाहिर किया। परिणामस्वरूप स्कूल में वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए एसडीएम ने तत्काल खेतरपाल प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक रमाकांत गजेंद्र को प्राथमिक शाला नवागढ़ में संलग्न किया है। वही शिक्षक हजारी राम पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए जांच रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को भेजा गया है।

# पीड़िता के साथ छेड़छाड़ कर स्टाग्राम पर अश्लील फोटो किया अपलोड, आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

पायनियर संवाददाता ✓ बचेली
www.dailypioneer.com



थाना बचेली पुलिस की त्वरित कार्यवाही थाना बचेली में 6 दिसंबर को पीड़िता अपने परिजन के साथ आना उपस्थिति आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 जून 2018 से आरोपी हेमंत सोना निवासी सराईपाली द्वारा पीड़िता के साथ लगातार अश्लील हरकत कर रहा था एवं अश्लील हरकत का फोटो एवं वीडियो बना लिया था इसकी सूचना परिजनों को देने पर जान से मारने की एवं अश्लील फोटो को वायरल कर देने की धमकी दे रहा था जिससे पीड़िता डरी हुई थी कि 3 जून को आरोपी अपने मोबाइल फोन के स्टाग्राम आईडी स्टेटस में अश्लील फोटो अपलोड किया था पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना बचेली में अपराध क्रमांक 77 2022 धारा 354 354 का 200 94509 509 506 भादवी 8 12501 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामला किशोर बालिका से संबंधित होने से थाना प्रभारी द्वारा पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित कार्यवाही करापुरा आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया निर्देश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन एवं रिंकू उर्फ पास्टर पिता स्वर्गीय प्रकाश सोना उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम नगरिया उठाना सरायपाली जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ को दिनांक 8 दिसंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसे न्यायालय के आदेश पर जेल जेल भेजा गया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोविंद यादव के नेतृत्व में उप निरीक्षक सीपी क व केशव ठाकुर सुनीता यादव मध्यप्रदेश आर संतोषी ध्रुव और भरत मरावी एवं साइबर सेल दंतेवाड़ा की भूमिका रही।

# गुजरात विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिली रिकॉर्ड तोड़ जीत का भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**किरन्दुल (पायनियर संवाददाता)।** गुरुवार को गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत से काफी ज़्यादा सीट मिली एवं भाजपा ने रिकॉर्डतोड़ जीत दर्ज की। इस खुशी में किरंदुल मंडल में भाजपाइयों द्वारा मिठाई बांटकर मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा जश्न मनाई गई।एवं देर रात तक मेन मार्केट में पार्षद निधि जायसवाल द्वारा एवं गजराज कैम्प में उपस्थित सभी लोगों को मिठाईयां बांटी गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा, महामंत्री द्वेय संजीव दास, दीनानाथ ठाकुर, राजु छालीवाल, मनोज छालीवाल, प्रकाश जैन, संदीप जायसवाल, राजेश वेपरल, निमाई पाल एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# माकड़ी में नवीन शासकीय महाविद्यालय का हुआ उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



विकासखंड माकड़ी में नवीन शासकीय महाविद्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक मोहन मरकाम व कार्यक्रम की अध्यक्षता में देवचंद मातलाम के द्वारा किया गया। जहां विशिष्ट अथिति के रूप में मोतीबाई नेताम, गौतम टिका, बस मरकाम, हेमलाल, अनुराग पटेल, बीरस प्रसाद साहू, राम कुमार, संग्राम भावनाम, राजेन्द्र रागैर, चंदर सोल मुखवाती, जोकर मंडावी, कुकली घोषाम, लस्कुराम पोमाग, विनोद शोरी रहें। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सिद्धार्थ चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि, महाविद्यालय के सत्र 2022-23 के छात्र छात्राओ के प्रवेश का संक्षिप्त में परिचय और वनांचल क्षेत्र मे महाविद्यालय प्रारंभ के लिए विधायक का अभार व्यक्त किया। विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि, उच्च शिक्षा के महत्व और प्राचार्य, प्राध्यापक गणों की प्रशंसा की। इस अवसर पर विधायक मोहन मरकाम के ने बच्चों के द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र छात्राओ द्वारा छत्तीसगढ़ सौन्दर्यता का चित्रण और देश रंगीला घर नृत्य की प्रस्तुति की गई।

# नारायणपुर जिलों से होकर गुजरने वाली एनएच- 130डी का होगा उन्नयन

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सिलसिलेवार कई ट्वीट करके यह जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में ईपीसी मोड के तहत एनएच- 130डी पर कोंडागांव और नारायणपुर जिलों में पेव्ड शोल्डर कॉन्फिगरेशन के साथ 2-लेन उन्नयन कार्य को 322.40 करोड़ रूपये की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना वर्तमान असुविधा को समाप्त करेगी और छत्तीसगढ़ के अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र में राष्टीय राजमार्ग यातायात की सुरक्षित और कुशल आवाजाही सुनिश्चित करेगी। मंत्री ने कहा कि इस खंड के विकास से लंबे यातायात मार्ग और माल ढुलाई की दक्षता में समग्र रूप से सुधार होगा, जिससे सुगम और सुरक्षित यातायात परिचालन सुनिश्चित हो सकेगा। गडकरी ने आगे कहा, इसके अलावा इस परियोजना के कार्यान्वयन से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, जिससे आखिरकार क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। वही केंद्र सरकार के इस फैसले का जिले के वासियों ने दिल खोल कर स्वागत किया है स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# जिले में मनाया गया भ्रष्टाचार विरोधी दिवस

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध और भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो नई दिल्ली के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवतावादी नेता मोहित गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन और छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष घासी भारद्वाज के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया गया। जिसमें देश प्रदेश के विभिन्न स्थानों से, राजनैतिक, सामाजिक, राजकीय जनप्रतिनिधि लोगो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सुरवात माननीय मोहित गुप्ता के अध्यक्षता मे राष्ट्रीय गीतजन गणमन से शुरू किया। साथ ही सभा मे उपस्थित मुख्यातिथियों के वाद से किया गया। शक्ति जिला प्रभारी विजय खूंटे के द्वारा भ्रष्टाचार संबधित जनजागरूकता लाने के लिए दिया व संवाद और छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष घासी भारद्वाज के द्वारा छत्तीसगढ़ मे फैले व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्य करने और लोगो का हिताधिकार के लड़ाई में जमीनी स्तर से लेकर किसी भी हद मे न्याय सुनिश्चित करेंगे। संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवतावादी नेता माननीय मोहित गुप्ता के द्वारा 9 दिसंबर को विश्व अंतराष्टीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मे लोगो को जागरूकता लाने का एक छोटी सी प्रयास किया गया है।और 10 दिसंबर अंतरराष्टीय मानव अधिकार के शुभकामनायें सहित किया। अभिवादन कार्यक्रम की संचालक जांजगीर चाम्पा जिलाध्यक्ष राकेश जोशी के द्वारा करते हुए, जिला से जिला समन्वयक तुलसी नाग जी सभा मे आये अतिथियों को प्रशशि प्रमाण पत्र और मैडल प्रदान कर अतिथियों और कार्यकर्ता लोगो का मान सम्मान किया गया। संभागीय ब्यूरो चीफ दैनिक आज की पहल सिद्धार्थ महाजन निधि लोगों को और भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने संबोधित किया।

# पुलिस ने वृद्ध एवं बीमार महिला को इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले में पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया है बता दें पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के नेतृत्व में नारायणपुर पुलिस के द्वारा एक ओर नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर सामुदायिक पुलिसिंग एवं बुनियादी पुलिसिंग के तहत् आम जनता से समन्वय स्थापित कर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में आज थाना ओरछा से डीआरजी, जिला पुलिस बल एवं छसबल की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान हेतु क्षेत्र में निकली थी, जहॉ उक्त पुलिस पार्टी को ग्राम तुसमेल की बीमार वृद्ध महिला सोनी लेकाम उम्र 50 वर्ष जो बीमार होने के कारण चलने फिरने में असमर्थ थी, जिसे उनकी बेटी अस्पताल ले जाने में असमर्थ महसुस कर रही थी जहॉ ग्राम गुदाड़ी की ओर नक्सल सर्चिंग पर गये डीआरजी के जवानों को गांव के लोगों द्वारा हालात बताया गया कि गांव की वृद्ध महिला बीमार होने से चलने फिरने में असमर्थ है तत्पश्चात उन्हें थाना प्रभारी ओरछा उत्तम गावड़े एवं डीआरजी कमाण्डर हरिनाथ रावत एवं डीआरजी के जवानों द्वारा वृद्ध एवं बीमार महिला को गांव की पहाड़ी से कांवड़ एवं टोकरी में बैठाकर पहाड़ी से उतार कर मुख्य मार्ग पर लाया गया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओरछा से सम्पर्क स्थापित कर तत्काल मौक पर एम्बुलेंश बुलाया गया एवं बीमार महिला को उसके परिजनों के साथ ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओरछा भेजा गया। स्वास्थ्य केन्द्र ओरछा में उक्त महिला का ईलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने उक्त महिला के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना करते हुए जिला पुलिस बल, डीआरजी एवं छसबल के अधिकारी एवं जवानों को संवेदनशील पुलिसिंग हेतु बधाई दिया है।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों ने ज्ञापन सौंपा

**जगदलपुर (पायनियर संवाददाता)।** पीएमटी अनुसूचित जाति एवं जनजाति बालक छात्रावास छात्र प्रतिनिधि मंडल ने जिले के समस्त छात्रावासों का निरीक्षण उपरांत यहां व्याप्त अनियमितताओं संबंधित अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। प्री मैट्रिक / पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरा, बाऊड्री वॉल में काटा तार, गार्ड तथा गार्ड रूम की व्यवस्था, शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होते ही गददा, चादर, कम्बल, मच्छरदानी खेल सामाग्री छात्रावासों को प्रदान किया जाए। जिले के सभी प्री मैट्रिक / पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों को समय पर शिष्यावृति और भोजन सहाय राशि प्रदान किया जाए, जिले के सभी छात्रावासों में पेय हेतु वाटर फील्टर की व्यवस्था किया जाए, प्री मैट्रिक / पोस्ट मैट्रिक बालक/बालिका छात्रावासों के कक्षा 10वी तथा 12वी में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को (गणित / अंग्रेजी / विज्ञान) विषय पर कोचिंग की व्यवस्था कराया जाए। तथाजिले के सभी जर्जर स्थिति के छात्रावास भवनों को पुनः मरम्मत किया जाए।

# स्वरोजगार योजना से लाभान्वित होकर संध्या ठाकुर बनी आत्मानिर्भर

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



घर-परिवार की जिम्मेदारी के साथ स्वयं की अतिरिक्त आमदनी के लिए कुछ काम-धंधा कर गुजरने की सोच ने घरेलू महिला संध्या ठाकुर को आत्मनिर्भरता की मुकाम तक पहुंचा दी है। शासन की स्वरोजगार योजना से लाभान्वित होकर नगर की संध्या ठाकुर बस स्टैण्ड में बेकरी फेक्ट्री संचालित करने सहित अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर चुकी हैं। वहीं अपने इस व्यवसाय में 10 अन्य लोगों को रोजगार सुलभ करवा रही हैं। संध्या ठाकुर ने बीते दो वर्ष पहले उद्योग विभाग में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 10 लाख रूपए ऋण-अनुदान के लिए आवेदन किया था, जिस पर उद्योग विभाग द्वारा बैंक के माध्यम से 10 लाख रूपए ऋण सुलभ कराया गया और ढाई लाख रूपए अनुदान दिया गया। संध्या ठाकुर ने बताया कि, उक्त ऋण राशि से बस स्टैण्ड में बेकरी फेक्ट्री खोलकर उत्पादन शुरू किया और उत्पाद को बेहतर गुणवत्ता का बनाने के फलस्वरूप शहर के साथ गांवों में भी अच्छी मांग होने से बीते दो वर्ष में ही उनका व्यवसाय बढ़िया चलने लगा है। संध्या ठाकुर ने बताया कि, उन्होंने वर्ष 2009 से घर में ही केक और पेस्ट्री बनाने का व्यवसाय शुरू किया था। परंतु पैसों की कमी और फैमिली सपोर्ट ना होने के कारण वे कभी अपने व्यवसाय को विस्तार नहीं कर पाई। जब धीरे-धीरे लोगों को हमारा केक और अन्य उत्पाद अच्छा लगने लगा और उनका सहयोग हमें मिलने लगा तो हमारा आत्मविश्वास बढ़ा। जब एक बैंक कस्टमर ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में बताया कि, सरकार द्वारा लोगों को उनके स्वरोजगार को शुरू करने के लिए 10 से 25 लाख रूपयें तक का लोन उपलब्ध कराया जाता है। तब हमने 2020-21 में पंजाब नेशनल बैंक में अपना आवेदन प्रस्तुत किया। बैंक के कर्मचारियों का हमें अच्छा सपोर्ट मिला और 10 लाख रुपए मैन्युफैक्चरिंग का लोन प्राप्त हुआ। जिस पर हमें 25 प्रतिशत अर्थात 2 लाख 50 हजार रुपए का सब्सिडी भी प्राप्त हुआ। इसके बाद हमने बस स्टैण्ड में एक स्टोर किराये पर लिया और कुछ आवश्यक मशीनरी भी ली। जैसे ही हमने अपना एसएस केक हाउस शुरू किया वैसे ही कोरोना महामारी के कारण पूरे देश और राज्य में लॉकडाउन लग गया। कोरोना काल में लॉकडाउन के कारण स्टोर का रूम रेंट और स्टोर में कार्य करने वाले लोगों का वेतन भी निकालना मुश्किल हो गया था। उस दौरान मानसिक रूप से हमें थोड़ी परेशानी आयी, लेकिन हमने पूरी मेहनत और लगन से घर पर ही सरकार द्वारा बनाये गए कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए अपने कार्य को प्रारंभ रखा और लोगों का भी हमें अच्छा सपोर्ट मिला और कोरोना काल में भी हमारा व्यवसाय अच्छे से चल निकला। संध्या ठाकुर बताती हैं कि आज अपने व्यवसाय में अब दे रही हैं 10 लोगों को रोजगार। हमें अपना व्यवसाय शुरू किये लगभग 2 साल हो चुके हैं। हम यहां अभी 10 लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं।

# अविश्वास प्रस्ताव हुआ ध्वस्त : नगरपालिका और जनता का विश्वास एक बार फिर मेमन के साथ

## अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग, कांग्रेस को 8 वोट मिले वही भाजपा को 7

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



नगरपालिका में उपाध्यक्ष के प्रति कांग्रेस पार्टी के आठ पार्षदो के द्वारा अविश्वास प्रस्तुत करने कलेक्टर को 24 नवम्बर को ज्ञापन दिया दिया गया था । उस अविश्वास प्रस्ताव में बहुमत साबित करने आज शुक्रवार को समय निर्धारण करते हुए नगरपालिका के सभाकक्ष में मतदान की प्रक्रिया प्रारम्भ किया गया । ज्ञात हो कि गरियाबंद नगर पालिका में 15 पार्षदो में आठ पार्षद कांग्रेस और 7 पार्षद बीजेपी समर्थक माने जाते है इसके साथ ही पालिका के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर बीजेपी समर्थक गफ्फू मेमन अध्यक्ष और सुरेंद्र सोनटके उपाध्यक्ष पद पर पदासीन है ।वही उपाध्यक्ष के कार्य से असंतुष्ट 8 कांग्रेस के पार्षदो द्वारा उपाध्यक्ष के प्रति अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन सौपा गया । वही शुक्रवार को अविश्वास प्रस्ताव को सिद्ध करने का तिथि निर्धारित के साथ ही सुबह 11 बजे से चुनाव अधिकारी एडीएम और एसडीएम के साथ सभी 15 पार्षद सभाकक्ष में प्रवेश कर वोटिंग की प्रक्रिया प्रारम्भ हुआ और 2.30 को फ़ैसला भाजपा के पक्ष में आया जहां पर एक बार फिर पालिका अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन की टीम को जीत हासिल हुआ ।

**क्या कहते है आंकड़े :** गरियाबंद में कुल पार्षदों की संख्या 15 है कांग्रेस के पास 8 पार्षद है वही भाजपा के पास 7 पार्षद है ,कांग्रेस के पास 8 पार्षद होने के बावजूद भी अपनी बहुमत लाने के लिए उन्हें 10 पार्षदों की ज़रूरत थी वही भाजपा के पास अभी 7 पार्षद है । पर जब पालिका में सरकार बनी तो भाजपा को जनता कांग्रेस से जित कर आऐ दो पार्षदों नें पूर्ण समर्थन कर बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाने में कामयाब हुई थी। लेकिन बाद मे ये दोनो पार्षद कांग्रेस का दामन थाम लिया था अब जब उपाध्यक्ष के उपर अविश्वास लाने की पारी आई तो कांग्रेस को सत्ता में आने के लिए 2 और पार्षदों की ज़रूरत थी, नियम के तहत दो तिहाई बहुमत होने पर अविश्वास प्रस्ताव मान्य होगा।

### हम सब एक परिवार है ये जीत नगरवासियों की हुई है : गफ्फू मेमन

मैं आप सभी नगरवासियों को धन्यवाद करता हूँ आप सभी मेरी ताक़त है हम पहले से ज़्यादा और अधिक ऊर्जा के साथ गरियाबंद के विकास के लिए कार्य करेंगे मुझे विश्वास है आप सब मेरा साथ ऐसे ही देते रहेंगे हम सब एक परिवार है और आज मेरी नहीं पूरे परिवार की जीत हुई है।

### पार्षदों को गुमराह कर लाया अविश्वास प्रस्ताव : हाफिज

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज खान ने कहा कि नगर पालिका गरियाबन्द में कांग्रेस पार्षदों द्वारा जो उपाध्यक्ष के लिए अविश्वास प्रस्ताव जो लगाया गया था । जिसके बारे में न संगठन का कोई बैठक हुआ है न कोई संगठन को जानकारी है। विधायक जी को भी मीडिया के माध्यम से पता चला विधायक तो परिवारिक कार्यक्रम में बाहर थे। हमे भी मीडिया से पता चला। हमारे पार्षदों को गुमराह कर के कुछ लोग अविश्वास प्रस्ताव लगवाया गया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नीतियों का परिणाम भानुप्रतापपुर की जीत : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



चुनाव परिणाम के आते ही मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन के निर्देश पर हिमांचल प्रदेश में सरकार बनाने और उप चुनाव भानुप्रतापपुर में कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंड़ावी की ऐतिहासिक जीत पर कृषि ऊपज मंडी में कांग्रेस जनो, तोवलैया, मज़दूर साथियों के साथ मिलकर ज़ोरदार आतिशबाजी कर मिठाइयाँ बाँट कर कांग्रेस पार्टी की जीत का जश्न मनाया। मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन, मुख्यमंत्री सलाहकार विनोद वर्मा के निर्देश पर हिमांचल प्रदेश और उप चुनाव भानुप्रतापपुर में चुनाव प्रचार करने गये थे दोनो जगह कांग्रेस पार्टी की जीत पर यहाँ जश्न मनाया जा रहा है। हिमांचल प्रदेश की जनता ने और भानुप्रतापपुर की जनता ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनकल्याणकारी योजना को स्वीकार कर कांग्रेश प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत दिलाई है मुख्यमंत्री की मेहनत और कार्यकर्ताओं की सक्रियता के साथ खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन के कुशल मार्गदर्शन में जीत हासिल हुई है। इसके पहले हमारे प्रदेश के दंतेवाड़ा, चित्रकोट, मरवाही, खेरागढ़ में हुये उप चुनाव में भी जनता ने कांग्रेस प्रत्याशियों को जीता कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजनाओं को स्वीकार किया था, इन्ही जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण ही आज पुनः हमें भानुप्रतापपुर विधानसभा में जीत मिली है यह जीत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनकल्याणकारी योजनाओं की जीत है। मंडी कार्यालय में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्र साव, ज़िला उपाध्यक्ष अरुण यादव, मंडी सदस्य दीपक टिकरिया, सचिव सचीन्द्र शर्मा, किसान नेता हेमंत उपाध्याय, युवक कांग्रेस नेता राजा तिवारी, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद अध्यक्ष, एनएसयूआई अध्यक्ष हरीश लहरें, जग्गा राव, अमित मार्कण्डेय, जय बंजारे, सोनू लहरे, विकाश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियाँ मनाई।

## आठ सिंचाई योजनाओं के लिए 25.57 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की आठ विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के लिए 25 करोड़ 57 लाख 13 हजार रूपए स्वीकृत किए है। इन योजनाओं के पूरा होने से किसानों को पांच हजार 595 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। स्वीकृत सिंचाई योजनाओं में दुर्ग जिले के विकासखण्ड-धमधा की तांदुला परियोजना अंतर्गत खासाडीह माईनर के जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 97 लाख 1 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 274 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-धमधा की ग्राम हिर्री के पास नाले में स्टापडेम कम रपटा निर्माण के लिए 3 करो? 57 लाख 48 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 20 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

# निमाया सेवा जतन फाउंडेशन की पहल स्पेशल बच्चों को सरप्राइज गिफ्ट

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com






मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार 09 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस सेलिब्रेशन के अनुक्रम में निमया सेवा जतन फ उंडेशन के पदाधिकारीगण, नन्हे मुन्नों के चहेते सांता क्लॉज का रूप धारण कर कोपलवाणी मूक बधिर विद्यालय के छात्र छात्राओं को बतौर खुशी, टॉफी, बैलून, कैप आदि बांटा। तत्पश्चात उन्हें मां अन्नपूर्णा के प्रसादी स्वरूप भोजन कराया। निमया सेवा जतन फाउंडेशन की अध्यक्ष मधु निरंजन सिंह यादव ने बताया कि माह दिसंबर विश्व फुटबॉल मैच के बुखार के अतिरिक्त नववर्ष स्वागत के लिए भी जोश खरोश के साथ तैयार है। इसीलिए हमने अग्रिम में एक कदम बढ़ाकर स्पेशल बच्चों को प्री क्रिसमस सेलिब्रेशन तोहफा दिया तथा शाला में अध्ययनरत स्पेशल चाइल्ड सात वर्षीय कुमारी चेतना साहू को शैक्षणिक रूप से अडॉप्ट करने का प्रस्ताव भी रखा। सेवा भाव के इन सुनहरे पलों के साक्षी हमारे कार्यकताओं के अलावा सतीश सिन्हा, रविंद्र सिंह, मिलन यादव, पदमा राव, कुमारी सृष्टि, कुमारी ईशा, किरण यादव, अरुणा श्रीकांत बने। कार्यक्रम संयोजन में अंजली देशपांडे का योगदान उल्लेखनीय रहा। आभार प्रदर्शन कोपलवाणी संस्था की प्राचार्य पदमा शर्मा ने किया।

# मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लीनिक में 1.32 लाख से ज्यादा महिलाओं का हुआ निःशुल्क इलाज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री दाई-दीदी मोबाइल क्लीनिकों के माध्यम से अब तक राज्य में करीब 1776 कैम्प लगाएं जा चुके हैं। इनमें रायपुर, बिलासपुर एवं भिलाई नगर निगम क्षेत्र की स्लम बस्तियों में रहने वाली 1 लाख 32 हजार 888 महिलाओं एवं बच्चियों का उनके घर के पास ही दाई-क्लीनिक कैंप के माध्यम से इलाज किया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लिनिक योजना संचालित है। योजना के तहत दाई-दीदी क्लिनिक की मोबाइल मेडिकल यूनिट के वाहन में महिला चिकित्सकों और महिला स्टॉफ की टीम पहुंचती है तथा जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चियों की विभिन्न बीमारियों का निःशुल्क इलाज करती है। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 24 हजार 146 महिलाओं का लैब टेस्ट किया गया तथा 1 लाख 27 हजार 99 महिलाओं को निःशुल्क दवाईयां दी गई। इससे गरीब स्लम क्षेत्र में रहने वाली तथा मेहनत मजदूरी करने वाली ऐसी महिलाएं जो समयाभाव या अन्य कई कारणों से अपना इलाज नहीं करा पा रही थी, उन्हें इलाज की सुविधा घर के पास ही महिला चिकित्सकों और चिकित्सा स्टॉफ के माध्यम से मिल रही है।

# हिमाचल प्रदेश में चला पूर्व सांसद छाया वर्मा का जादू



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत से सरकार बना लिया है। यहां पर चुनाव प्रचार में छत्तीसगढ़ से पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा ने हिमाचल पहुंचकर 8 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के पक्ष में सघन चुनावी प्रचार प्रसार किया जहां 7 विधानसभा छेत्र में कांग्रेस के प्रत्याशियों ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। वही छाया वर्मा का जादू हिमाचल प्रदेश के चुनाव में देखने को मिला। इधर बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों सहित छाया वर्मा के समर्थकों ने इस जीत के लिए उन्हें बधाई दी।

## महंत ने राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव शैलजा को बधाई दी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नवनियुक्त महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी बनाये जाने पर बधाई शुभकामनाएं दी।डॉ महंत ने कहा, उनके कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ कांग्रेस और भी अधिक सफलता अर्जित करेगी।

## वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदानी दिवस पर उनके वीरता को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि।डॉ. महंत ने कहा कि, वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, एक सच्चे देशभक्त थे। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय उन्होंने जेल से भागकर अंग्रेजों से लोहा लिया था जिसमें वे गिरफ्तार कर लिए गए थे। अंग्रेजी हुकूमत ने 10 दिसम्बर 1858 को उन्हें रायपुर के जयस्तम्भ चौक पर फाँसी दे दी। बाद में उनके शव को तोप से उड़ा दिया गया और इस तरह से भारत के एक सच्चे देशभक्त की जीवनलीला समाप्त हो गई।

# एडीएम की अध्यक्षता में समाज प्रमुखों की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में विभिन्न समाजों के प्रमुखों के साथ बैठक संपन्न हुआ।जिसमें समाज प्रमुखों को जमीन आंबटन प्रकिया,आवेदन कैसा करना है एवं कहा करना है,सामुदायिक भवन निर्माण के मांग के संबंध में आज सभी को विस्तृत जानकारी दी गयी।नइस दौरान बारी बारी से सभी समाज प्रमुखों ने अपनी अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। जिस पर अपर कलेक्टर गुप्ता ने शीघ्र ही नियमानुसार कार्रवाई एवं समस्या को निराकरण करने का आश्वासन दिया है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। जिनका लाभ आम जनों को दिलाने प्रशासन सतत प्रयासरत है। उन्होंने सभी समाज प्रमुखों को योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान विभिन्न समाज प्रमुखों द्वारा सामाजिक भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटन,सहित अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी।साथ ही सामाजिक भवन निर्माण के लंबित कार्य को भी शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त बैठक में साहू, कुर्मी, सतनामी, कलार, यादव, ब्राह्मण, सिंधी, नाई, मसीही, सिख,आदिवासी, गौड़, कंवर,निषाद,कुम्हार सहित अन्य बड़ी संख्या में समाज के प्रमुख एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

## महतारी एक्सप्रेस न मिलने से गर्भवती महिला की मौत, कांग्रेस सरकार के ऊपर कलंक : भाजपा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्त I व विधायक रंजना साहू ने महतारी एक्सप्रेस नहीं मिलने के कारण गर्भवती महिला की मौत के लिए राज्य सरकार और उसके स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के बीच के सत्ता संघर्ष में कहीं नवजात शिशुओं की जान जा रही है तो राज्य में कई जगह गर्भवती महिलाओं की जान जा रही है। कांग्रेस सरकार की आंतरिक कलह की वजह से स्वास्थ्य विभाग ने दम तोड़ दिया है। स्वास्थ्य मंत्री के गृह नगर अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लापरवाही के कारण 4 नवजात शिशुओं की मौत की हृदय विदारक घटना के बाद अब कोरबा में एक गर्भवती महिला की जान इसलिए चली गई क्योंकि उसे महतारी एक्सप्रेस उपलब्ध नहीं कराई गई। भाजपा प्रदेश प्रवक्त I विधायक रंजना साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ का स्वास्थ्य विभाग वेंटिलेटर पर है और स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री के द्वंद्व में आम जनता, बच्चे, गर्भवती माताएं, बुजुर्ग ही नहीं नवजात शिशुओं तक को समुचित उपचार मिलना तो दूर की बात है, जान से खिलवाड़ हो रहा है। कोरबा के ग्रामीण क्षेत्र में जिस गर्भवती महिला की मौत हुई है, उसे यदि समय पर महतारी एक्सप्रेस मिल जाती तो उसे बचाया जा सकता था लेकिन अराजक सरकार की ध्वस्त व्यवस्था ने अराजक ने गर्भवती माता के साथ अजन्मे बच्चे की जान ले ली। छत्तीसगढ़ में ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां इस तरह की दिक्क त का सामना न करना पड़ रहा हो।

# एसडीएम ने लगाई धान खरीदी केंद्र में चौपाल



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश में बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव ने जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत ग्राम छेरकापुर के धानखरीदी केंद्र में जन चौपाल लगाई। जिसमें 9 आसपास के गांव के लोग सम्मलित हुए। इस दौरान चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं यथा -गौठान,ऋ ण माफी, भूमिहीन खेतिहर मजदूर न्याय योजना,किसान न्याय योजना,बिजली बिल हाफ,राशन कार्ड पेन्शन, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आदि योजनाओं के लाभार्थियों, हितग्राहियों से चर्चा किया एवं सम्बंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस चौपाल के दौरान बेहद ही आत्मीयता से बलौदाबाजार एसडीएम आईएस रोमा श्रीवास्तव स्वयं ग्रामीणों के बीच जमीन में बैठकर चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने भी एसडीएम को गांव में होने वाले के समस्याओं के बारे में अवगत कराया। श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए शीघ्र ही निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को भी दिए है। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ रोहित नायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण,ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के समूचे पदाधिकारियों ने लगाया आरोप

# पनिका समाज ने एसटी वर्ग में पुनः शामिल करने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री के नाम रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने आए साकत पनिका समाज के जिलाध्यक्ष प्रकाश साकत ने कहा कि हमारे पनिका समाज के सामाजिक जनों का विकास, उत्थान व प्रगति पूरी तरह बाधित हो रही है, क्योंकि अविभाजित मध्यप्रदेश के मात्र 8 जिलों में यह जाति जहां अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल है।

वहीं छत्तीसगढ़ राज्य में पिछड़ा वर्ग में शामिल हैं किसी भी जाति में फेरबदल अथवा हटाने का अधिकार भारतीय संसद को होता है। ऐसी विसंगति की वजह से प्रदेश की लाखों बेटियां जो मध्यप्रदेश से शिक्षा प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य में ब्याही जाती हैं व छत्तीसगढ़ की बेटियां मध्यप्रदेश में विवाह होकर जाती हैं। तब उनके जाति संबंधित प्रकरणों में अनेक तरह की कठिनाइयों का उन्हें सामना करना पड़ रहा है। जो राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओ जैसी महत्त्वपूर्ण योजना को भी प्रभावित करती है। ऐसी विसंगतियों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए पनिका समाज छत्तीसगढ़ की यह मांग है कि वर्ष 1971 के पूर्व जिसे 8 दिसम्बर 1971 के बाद से अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से हटाकर पिछड़ा वर्ग में जोड़ दिया गया है, जिसे अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में बहाल करने के लिए विधानसभा में विशेष प्रस्ताव लाकर उसे सर्वसम्मति से पारित कर केन्द्र सरकार को अतिशीघ्र भेजने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में ओमप्रकाश भईया (मानिकपुरी पनिका समाज प्रदेशाध्यक्ष), प्रकाश मानिकपुरी (मानिकपुरी पनिका समाज प्रदेश सचिव), मोनु साकत, सुरज साकत, इंद्रपाल पड़वार, लखन साकत, बलराम साकत, तीरथ पनेरिया, राजकुमार साकत, रामजी साकत, धनिराम साकत, रामप्रसाद पनिका, माया साकत, पुष्पा मोंगरे, प्रेमलता साकत, ताराबाई परेवा, सागर साकत, सुनिता साकत, गिरजा साकत, पुजा साकत, आरती साकत, भूमि साकत, अनिता सोनवानी आदि शामिल रहे।

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने डीईओ ने दिलाई छात्र-छात्राओं को शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



देश में शीतकाल में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव ने शुक्रवार को सवेरे 10 बजे जिला शिक्षा कार्यालय में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क दुर्घटना से बचने के लिए समूहिक रुप से शपथ दिलाई।

जिला शिक्षा अधिकारी ने शपथ दिलाया कि मैं शपथ लेता हूं/लेती हूं, कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखूंगा/रखूंगी। यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन कराऊंगा/करवाऊंगी। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनूंगा/पहनूंगी। कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाऊंगा/ लगाऊंगी। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाऊंगा/चलाऊंगी। वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करूंगा/करूंगी। मैं हमेशा एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता दूंगा/दूंगी। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा/रहूंगी। इसके साथ विभिन्न स्कूलों में भी जगरूकता शपथ शिक्षकों के द्वारा दिलायी गयी है। इसके साथ ही कलेक्टर श्री रजत बंसल ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मानव जीवन अनमोल है नशे की हालत में वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार एवं आसपास के नागरिकों को भी इसकी जानकारी दें और यातायात नियमों का पालन करने की अपील करें।

# संभागायुक्त कावरे ने किया बेमेतरा-दुर्ग के धान खरीदी केंद्रों का अवलोकन, गंडई अनुविभाग के कार्यालयों का निरीक्षण

## 30 प्रतिशत किसानों ने ऑनलाइन के माध्यम से कटाया टोकन, किसानों ने कहा ऑनलाइन सुविधा का मिल रहा लाभ

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



आयुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे द्वारा बुधवार को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला के तहत गंडई अनुविभाग के राजस्व कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा सर्वप्रथम अनुविभागीय कार्यालय गंडई में 105 लंबित न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार न्यायालय तहसीलदार गंडई में 196 प्रकरण लंबित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने नस्तीबद्ध प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में जमा करने हेतु निर्देशित किया। कावरे ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जांच के दौरान 02 प्रकरण ऑनलाइन दर्ज नहीं पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी मंगलेश कुमार नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी किया एवं सभी राजस्व प्रकरणों को अनिवार्यतः ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त ने सभी कर्मचारियों के टेबल पर नेम-प्लेट आवश्यक रूप से रखे जाने के निर्देश भी दिए। आम जनता एवं अधिवक्ताओं से की चर्चा -संभागायुक्त कावरे द्वारा कार्यालय परिसर में उपस्थित आम जनता से चर्चा के दौरान उपस्थित ग्रामीण मुकेश सिंह ठाकुर से उनकी समस्या के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया की बंटवारे से संबंधित प्रकरण इस कार्यालय में लंबित हैं जिस पर कावरे ने उपस्थित अधिकारी को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही संभाग आयुक्त महोदय द्वारा गंडई के अधिवक्ताओं से न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। जिस पर उपस्थित अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण में संतुष्टि व्यक्त की गई। धान खरीदी केंद्र में निरीक्षण के दौरान 48 घंटे के भीतर भुगतान के दिए निर्देश- संभागायुक्त कावरे द्वारा खैरागढ़-गंडई-छुईखदान एवं बेमेतरा साथ ही दुर्ग जिले के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिस दौरान कावरे ने खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जिले के उपार्जन केंद्र गंडई पहुंचकर धान विक्रय हेतु पहुंचे किसानों से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में चर्चा की एवं किसानों से उनके द्वारा कराए गए टोकन की प्रक्रिया के संबंध में सवाल किए। जिस पर ग्राम पंडरिया से आए हुए किसान राजीव यादव द्वारा बताया गया कि किसानों को ऑनलाइन टोकन की सुविधा से काफी लाभ मिल रहा है इससे उनके समय की बचत भी हो रही हैं। शाखा प्रभारी एवं किसानों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कई किसान ऑनलाइन टोकन सुविधा के तहत अपना टोकन कटा रहे हैं जिस पर संभागायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की। कावरे ने आद्रतामापी मशीन से आद्रता की जांच की एवं उपस्थित अधिकारी एवं शाखा प्रभारी गंडई जगदीश जंघेल को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करें साथ ही सभी शाखा प्रभारियों को डाटा एंट्री की कार्रवाई तत्काल उसी दिन किए जाने के निर्देश दिए। धान उपार्जन केंद्र हनईबन के निरीक्षण के दौरान केंद्र में अत्यधिक मात्रा में धान होने पर अनुविभागीय अधिकारी रेणुका रात्रे व शाखा प्रभारी रूपनारायण को निर्देश दिए कि तत्काल उठाव की कार्यवाही सुनिश्चित करें व 24 घंटे के भीतर इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# आयुक्त ने किया नगर चौपाटी का निरीक्षण अधिकारियों से ली कार्यों जानकारी

### फिर सज संवर रही नगर चौपाटी, मनोरंजन और खानपान पर विशेष फ़ोकस

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



शहर की चौपाटी को संवारने का काम अंतिम चरण पर है। प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने आज अधिकारियों के साथ नगर चौपाटी का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से चौपाटी में चल कार्यो की जानकारी मांगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा की योजना बनाकर अपग्रेडेशन हेतु प्लान के हिसाब से तैयार करे। चौपाटी के कार्यो को शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिए। अधिकारियों ने जानकारी में बताया कि व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए जल्द ही काम पूरा हो जाएगा। बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन और खानपान की व्यवस्था होगी। जिससे यह एक मनोरंजन स्थल का रूप होगा। इसमें आधुनिक मनोरंजन के साधन के साथ खानपान की भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। चौपाटी का संचालन लगातार चलता रहे। चौपाटी के दुकानों के लिए आवेदन भी लिए जा रहे है। बच्चों के रुझान के लिए आधुनिक मनोरंजन के साधन और बेहतर खानपान सभी के लिए अनुकूल व्यवस्था रहेगी। चौपाटी के भीतरी परिसर में झूले व अन्य मनोरंजन के साधन लगाए जा रहे है। नगर चौपाटी के किनारे-किनारे खानपान की और भी अधिक दुकानें लगाई जाएंगी, साथ ही बच्चे, बुजुर्गों और महिलाओं को भी ध्यान में रखकर चौपाटी में व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने अधिकारियों को ऑर्किटेक्ट से बात कर चौपाटी के अपग्रेडेशन हेतु एवम प्लान के हिसाब से कार्यो में गति लाने निर्देश दिए। उन्होंने कहा चौपाटी में ओपन एयर थियेटर का अपग्रेडेशन कर व्यवस्थित लॉन का निर्माण करने, पार्क में सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति के बारे में जानकारी ली। बाउंड्रीवाल की मरम्मत करने, फुड स्टॉल की संख्या 30 से बढ़ाकर 150 करने, टॉय बोट लाइन की मरम्मत, पेवर ब्लॉक लगाने, पेच वर्क और हाई मास्ट लाईट लगाने के निर्देश दिए अनावश्यक पेड़ो को काटने के साथ साथ गुमटी दुकानों पर रंगरोहन के बारे में चर्चा की। साथ उन्होंने कहा कि चौपाटी के अंदर चारो ओर बिजली के लटके हुए तारो को हटवाकर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, थानसिंह यादव, सहित अन्य मौजूद रहें।

# बंदी की मृत्यु की होगी दंडाधिकारी जांच

**अनुविभागीय दंडाधिकारी छावनी/भिलाई करेंगे जांच**

दुर्ग। केंद्रीय जेल दुर्ग में दंडित बंदी गुदवा उर्फ बसंत, आत्मज राजू उर्फ सुरेंद्रनाथ उम्र 32 वर्ष निवासी कैंप-2, न्यू संतोषी पारा भिलाई थाना छावनी, जो केन्द्रीय जेल दुर्ग में परिरुद्ध था। कलेक्टर एवं जिला दंण्डाधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने बंदी की मृत्यु की दंडाधिकारी जांच हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी छावनी/भिलाई को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। जांच अधिकारी द्वारा निर्धारित बिंदु पर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। जांच के लिए निर्धारित बिंदु है, क्या दंडित बंदी किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित था, क्या बंदी को समय पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। बंदी की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई, बंदी की मृत्यु के लिए जेल अधीक्षक/कर्मचारी तो जिम्मेदार नहीं है, दंडित बंदी की मृत्यु के लिए क्या इस घटना को टाला जा सकता था, साथ ही जांच अधिकारी उचित समझते हुए जांच करेंगे।

# राज्यपाल से आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करने की मांग से भाजपा का आरक्षण विरोधी चरित्र सामने आया: कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कूटरचना कर षड्यंत्र रच कर भाजपा नेता को राजभवन भेजकर छत्तीसगढ़ विधानसभा में सर्वसम्मति से पास 76 प्रतिशत आरक्षण के विधेयक पर राज्यपाल को हस्ताक्षर नहीं करने की मांग करवा रहे है। भारतीय जनता पार्टी का एक वरिष्ठ नेता प्रतिनिधिमंडल के साथ 7 दिसंबर को राजभवन जाकर राज्यपाल से विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करने की मांग किया यह खबर सभी अखबारों में छपी है। भाजपा नेता के द्वारा हस्ताक्षर नहीं करने की मांग करना भाजपा के आरक्षण विरोधी चरित्र को उजागर किया है। भाजपा बेनकाब हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रदेश के आदिवासी वर्ग, ओबीसी वर्ग, एससी वर्ग और ईडब्ल्यूएस को मिलने वाले 76 प्रतिशत आरक्षण के कानूनी अधिकार को रोकने के लिए राज्यपाल से आरक्षण विधेयक में हस्ताक्षर नहीं करने की मांग कर रही है। भाजपा लगातार आरक्षण के खिलाफ काम कर रही है। राज्य सरकार ने प्रदेश के आरक्षित वर्ग को आरक्षण का लाभ देने जब विधानसभा का विशेष सत्र का आयोजन की तभी भाजपा के नेता इस आरक्षण को रोकने के लिए विधानसभा के विशेष सत्र का विरोध कर रहे थे और जब विधानसभा का विशेष सत्र हुआ और उसमें आरक्षण विधेयक लाया गया तब भी भाजपा से जुड़े विधायकों ने हंगामा कर, अभद्र व्यवहार कर इस आरक्षण विधेयक को रोकने का षड्यंत्र किया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार भाजपा के आरक्षण विरोधी षड्यंत्र कुचक्र को पार कर प्रदेश के आदिवासी वर्ग, ओबीसी वर्ग, एससी वर्ग और ईडब्ल्यूएस वर्ग को 76 प्रतिशत आरक्षण देने के कानूनी अधिकार से संबंधित विधेयक को पास करवाया है और राजभवन हस्ताक्षर के लिए भेजा है अब भाजपा राजभवन में भी इस आरक्षण को रोकने का षड्यंत्र भाजपा रच रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार ने आदिवासियों को 32 प्रतिशत आरक्षण देने विपक्ष को न्यायालय में नहीं रखा था, एससी वर्ग के आरक्षण में 4 प्रतिशत कटौती किया था, दो वर्गों में मतभेद करवाकर, झगड़ा करवाया उस गलती को सुधारने का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किया है। सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार कर एक मजबूत आरक्षण विधेयक लाया है।

# अर्पणा दिव्यांग स्कूल में ब्लड डोनेशन कैंप

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



काश कोई अपना सा हो फाउंडेशन ने बी अर्पणा स्कूल राजेंद्र नगर में अष्ट विनायका रियालिटी के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। बच्चों का चेकअप कर उन्हें गिफ्ट बांटा गया। कैंप में बिलासा ब्लड बैंक ने 76 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। अष्ट विनायक के डाक्टर विक्की लोहाना ने बताया कि हम हर साल थैलेसिमिया और सिकलसेल पीड़ित बच्चों के लिए ब्लड कैंप आयोजित करते है। विक्की लोहाना ने कहाकि जन जागरूकता के अलावा हम जो सुन नहीं सकते, बोल नहीं सकते उन बच्चों का टेस्ट भी करवाते है। काश कोई अपना सा हो फाउंडेशन हर माह एक नेक कार्य करने का संकल्प लिया है। कैंप में सभापति प्रमोद दुबे शामिल हुए और बच्चों को आशीर्वाद दिया। कैंप में संदीप कुकरेजा, राखी नलकने, काजल सचदेव, सुरेश सचदेव का विशेष सहयोग रहा।

# 2956 युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया कौशल

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। 4700 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 2956 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। इसके अलावा नर्सिंग अटेंडेंट की भर्ती प्रक्रिया 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है।

# सरस्वती साइकिल योजना :50 छात्राओं को सभापति राजेश यादव ने किया वितरण

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत दीपक नगर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल। छत्तीसगढ़ सरकार में छात्राओं के लिए चल रही सरस्वती साइकिल योजना से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दीपक नगर की छात्राएं लाभान्वित हुई।सरस्वती साईकिल योजनांतर्गत नगर निगम के सभापति राजेश यादव ने 50 छात्राओं को साईकिल वितरण किया। खुश होकर सभी छात्राओ ने मुख्यमंत्री भूपेश बधेल का आभार व्यक्त किया। सभापति राजेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल योजना चला रही है।सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने जाने में मदद करती है बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह आसान हो जाती है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मीना सिंह एल्डरमैन अजय गुप्ता, प्राचार्या शेफाली सोनी, मीना पाल बिंदु राजपूत मंजू सोनी वंदना चौहान खुशबू साहू मौजूद रहें। छात्राएं साइकिल पाकर बहुत खुश हुई। इनका कहना है इतनी दूर से आने जाने के लिए कोई साधन नही मिलता था। साइकिल मिलने से स्कूल आने में काफी सहूलियत होगी। समय की बचत होगी। जिससे हम और अधिक अच्छे से अध्ययन कर सकते है। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्राचार्या शेफाली सोनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# स्वामी आत्मानदं प्रियदर्शिनी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नेवरा में सडक सप्ताह कार्यक्रम मनाया गया





पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद प्रियदर्शिनी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नेवरा तिल्दा में सड़क सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र - छात्राओं को विद्यालय की ओर से शपथ दिलाया गया। शपथ दिलाते समय विद्यालय के संस्था प्रमुख प्राचार्य दुष्यंत सोनी जी के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के संस्था प्रमुख दुष्यंत सोनी के द्वारा छात्र-छात्राओं को रोड सेफ्टी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दिया व प्रेरित किया गया।

# गरीब वृद्ध का बीपीएल राशनकार्ड बनाने के लिए निगम करेगा पहल

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com



ऐसे गरीब जिनकी आयु 60 पार है और राशनकार्ड नहीं बना है उनका राशनकार्ड बनाने विशेष पहल किया जाएगा। यह निर्णय रिसाली निगम के खाद्य विभाग प्रभारी सोनिया देवांगन की अध्यक्षता में हुई बैठक में ली गई। सलाहकार समिति के सद्स्यों ने कहा कि राशनकार्ड बनाने में लेन देन की शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफकार्यवाही करने वे आयुक्त से अनुशंसा भी करेंगे। खाद्य विभाग सलाहकार समिति के सद्स्यों ने कहा कि बहुत से लोग ऐसे है जिनकी आयु 60 पार हो चुकी है। वे अकेले या फिर पति-पत्नी रहते है। मजदूर कार्ड भी नहीं है। वृद्धजनों को शासन की योजना राशनकार्ड का लाभ नहीं मिल रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे हितग्राहियों का बीपीएल राशनकार्ड बनाने निगम खाद्य विभाग के अधिकारियों से बैठक कर पहल करेगा। बैठक में पार्षद सद्स्य विनय नेताम, अनिल देशमुख, रंजीता बेनुआ, शीला नारखेड़े, पार्वती महानंद, हरिशचंद्र व राशनकार्ड प्रभारी जगरनाथ कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

**आवेदन पार्षद या केवल हितग्राही से**

राशनकार्ड बनाने के लिए आवेदन निगम कर्मचारी अब पार्षद या हितग्राही से ही लेंगे। अन्य व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। पार्षद सद्स्यों का कहना था कि इससे व्यवस्था में सुधार होगा। साथ ही आर्थिक लेन देन की शिकायत पर अंकुश लगेगा।

**बीपीएल सत्यापन में सख्ती लाए**

बैठक में निर्णय लिया गया कि बीपीएल राशनकार्ड बनाने प्रस्तुत आवेदन की जांच सूक्ष्मता से की जाए। सत्यापन कार्य करने वाले कर्मचारी इस बात को अवश्य देखे कि आवास 1000 वर्ग फीट से कम जगह पर बना है कि नहीं। मजदूर कार्ड है कि नहीं। अगर हितग्राही किराए के झोपड़े में रहता है तो उससे किरायानामा अवश्य मांगे। दस्तावेज पूर्ण होने पर ही बीपीएल राशनकार्ड बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाए।

## एनएमडीसी मुख्यालय में 'शोध और उद्योग में सिविंग एवं साइजिंग के महत्व' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# हैदराबाद में बीआईएस और एनएमडीसी ने किया संयुक्त रूप से एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ हैदराबाद
www.dailypioneer.com




भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), नई दिल्ली और एनएमडीसी लिमिटेड ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को हैदराबाद में एनएमडीसी मुख्यालय में 'शोध और उद्योग में सिविंग एवं साइजिंग के महत्व' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में शिक्षा जगत, अनुसंधान संस्थानों, उपकरण निर्माताओं और उद्योग के स्टेकहोल्डरों ने भाग लिया।

संगोष्ठी में खनन, धातु विज्ञान, कृषि, भवन निर्माण सामग्री (सिविल इंजीनियरिंग), सीमेंट उद्योग, फार्मास्युटिकल उद्योग, खाद्य और पेय, नैनो प्रौद्योगिकी, पेंट और पिगमेंट उद्योग पाउडर धातुकर्म के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भारत भर से सेमिनार में भाग लिया। के वी राव, प्रमुख, बीआईएस, हैदराबाद ने उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. आर. पी. सिंघल, अध्यक्ष, सीईडी 55, बीआईएस ने संगोष्ठी की थीम पेश की। उन्होंने सीईडी 55 के तहत आने वाले विभिन्न भारतीय मानकों के बारे में जानकारी दी। दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन), एनएमडीसी लिमिटेड संगोष्ठी के मुख्य अतिथि थे। मोहंती ने अपने सम्बोधन में विभिन्न उद्योगों में आकार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 3-डी प्रिंटिंग, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, इमेज प्रोसेसिंग, मशीन लर्निंग और नैनो टेक्नोलॉजी जैसी भविष्य की प्रौद्योगिकियों की गुणवत्ता पूरी तरह से पाउडर के आकार तथा आकार वितरण पर निर्भर है। उन्होंने विभिन्न उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न कच्चे माल के आकार के उदाहरण भी दिए।

बीआईएस के डॉ. आर.पी. सिंघल ने कहा कि भारत द्वारा अपनाए जाने वाले मानक अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं और यह भी बताया कि बीआईएस मानकों को वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। सीईडी 55 के भारतीय मानकों पर व्याख्यान देने के लिए उद्योग, अनुसंधान और उपकरण निर्माण के तकनीकी विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था। बीआईएस, एनएमडीसी, सीएसआईआर-आईएमएमटी, एआईएमआईएल, एआरसीआई, रेड्डी लैब्स, एसोसिएट सोपस्टोन कंपनी और चैंपियन मैन्युफैक्चरिंग के विशेषज्ञों ने प्रतिनिधियों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा किया।

डॉ. जी वी राव डीजीएम (ख.सं.), एनएमडीसी लिमिटेड, तकनीकी समिति सदस्य सीईडी 55, बीआईएस ने नवीनतम कार्यो और सीईडी 55 तकनीकी समिति के बीआईएस मानकों के संशोधन के बारे में जानकारी दी।

डॉ. मनोज कुमार रजक, सदस्य सचिव, सीईडी 55, बीआईएस, नई दिल्ली ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का अभार एवं धन्यवाद किया।

# हिमाचल प्रदेश के धर्मपुर विधानसभा में राम गिंडलानी की मेहनत रंग लाई



पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के मुख्य पर्यवेक्षक भूपेश बघेल जी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राम गिंडलानी को हिमाचल प्रदेश के धर्मपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया था और राम गिंडलानी एवं उनके साथी निखिल मांडले लगातार 25 दिनों तक धर्मपुर विधानसभा के सभी 3 ब्लॉको में सघन दौरा एवं प्रचार प्रसार और संघठन के कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित कर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी चंद्रशेखर के पक्ष में मतदान करने का अपील किये और 8 दिसंबर 2022 को उस मेहनत का परिणाम आया और गिंडलानी जी की मेहनत रंग लायी , धर्मपुर में कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रशेखर ने 7 बार के विधायक एवं वर्तमान में मंत्री रहे महेंद्र सिंह के सुपुत्र रजत ठाकुर को 2807 मतों से पराजित कर धर्मपुर विधानसभा सीट पर कब्जा किया।

संपादकीय

## एमसीडी नतीजे केजरीवाल को मौका

**दिल्ली** सरकार और दिल्ली नगर निगम-एमसीडी में 'आप' को मौका मिल गया है। अब केजरीवाल के सामने बेहतर प्रदर्शन न कर पाने का कोई बहाना नहीं होगा। हालांकि, कोई राजनीतिक पार्टी चुनाव हारने पर खुश नहीं होती है, पर शायद दिल्ली नगर निगम-एमसीडी में 15 साल से चला आ रहा अपना नियंत्रण खोने के बावजूद कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहत की सांस ली होगी। इसका कारण सरल है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों को उम्मीद थी कि 'आप' को प्रचंड बहुमत मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और भाजपा आप की 134 सीटों के मुकाबले 104 सीटें पाने में सफल हुई। यदि हम पिछले 15 साल में तीनों नगर निगमों के कामकाज पर गौर करें तो यह उपलब्धि एक तरह से ठीक कही जा सकती है जिनकों चुनाव घोषणा के ठीक पहले आपस में मिला कर एक निगम बनाया गया था। उन पर अक्षमता और भ्रष्टाचार के आरोप थे जिसमें बरसात में जल भराव तथा कचरे के पहाड़ शामिल हैं। स्थानीय अधिकारी दयनीय रूप से विफल सिद्ध हुए थे। हालांकि, भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपने कठोर परिश्रम से बड़ी सीमा तक इस नकारात्मक छवि से मुक्ति पाने में सफलता पाई। उसके आक्रामक प्रचार अभियान में केन्द्रीय मंत्री व सर्वोच्च नेतृत्व शामिल था। यह कांग्रेस के प्रचार के एकदम उलट जिसे केवल 9 सीटें मिली हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी को भाजपा कार्यकर्ताओं से सबक सीखना चाहिए कि वे 'कभी हार नहीं मानने' के रास्ते पर चलते हैं और इसी कारण वे पार्टी के लिए एमसीडी में सम्मानजनक संख्या में सीटें पाने में सफल हुए हैं। भले ही राहुल गांधी की दूरगामी नीति की राजनीति में प्रासांगिकता हो, पर यह किसी प्रकार जमीनी कामकाज का स्थान नहीं ले सकती है। केवल अच्छे-अच्छे बयानों या ट्वीट से राजनीतिक लाभ नहीं मिलता है।

चुनाव परिणामों में 'आप' के लिए भी सबक है। उसका 'नरम हिंदुत्व' वोट जुटाने में विफल रहा है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में फरवरी, 2020 में सांप्रदायिक दंगे हुए थे, पर भाजपा यहां के 41 वार्डों में से 21 पर विजय पाने में सफल हुई है। याद किया जा सकता है कि आमतौर से भाजपा की आलोचना करने वाली 'आप' उस समय खामोश थी। इससे 'आप' के वाम-उदारवादी समर्थकों का दिल टूट गया। भले ही कोई खास लाभ न मिला हो, पर आप हमेशा स्वयं को 'हिंदू पार्टी' के रूप में पेश करती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 'हनुमान भक्त' हो गए हैं तथा उन्होंने व उनके उप-मुख्यमंत्री ने अपनी दीपावली पूजा का टीवी प्रसारण कराया। केजरीवाल ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया है तथा करेंसी नोटों पर भगवान गणेश व देवी लक्ष्मी के चित्र छापने का सुझाव दिया है। लेकिन आप को धार्मिक ध्रुवीकरण के प्रयास से कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिला। हालांकि, आप नेताओं व एक्टिविस्टों के कठोर परिश्रम ने उसे लाभ पहुंचाया। भाजपा ने आप को बदनाम करने तथा नीचा दिखाने की अनेक रणनीतियां अपनाईं जिनमें सत्येन्द्र जैन की वीडियो क्लिपिंग का प्रयोग भी शामिल है। उसने मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन इन सबके बावजूद केजरीवाल की पार्टी एमसीडी में स्पष्ट बहुमत पाने में सफल हुई। अब राज्य सरकार व एमसीडी, दोनों 'आप' के पास हैं, ऐसे में उसे ठीक प्रदर्शन न करने का कोई बहाना नहीं होगा। लेकिन केजरीवाल एक खोजी व्यक्ति हैं। वे हमेशा उप-राज्यपाल पर आरोप लगा सकते हैं कि वे आप को राजधानी की जनता के लिए अच्छा काम नहीं करने दे रहे हैं। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अब 'आप' अपनी जिम्मेदारी टालने के बजाय बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देगी।

# गंभीर चुनाव सुधार जरूरी

### जटिल चुनावी समस्याओं पर गौर न करने तथा उनके समाधान की अक्षमता का नतीजा मामूली परिवर्तन हो सकते हैं, जबकि गंभीर चुनाव सुधार जरूरी हैं।



**संग्राम मिश्र**
(लेखक, वरिष्ठ आईएएस हैं।)




चुनाव प्रक्रिया को प्रदूषित करने में सर्वाधिक प्रमुख व महत्वपूर्ण मुद्दा 'धन शक्ति' का दुरुपयोग है। यह दुरुपयोग अनेक अन्य आयामों से जुड़ जाता है जिसमें आसानी से प्रभावित हो सकने वाले लोगों को परोक्ष रूप से प्रभावित कर मतदाताओं को ललचाने व बूथ कैप्चरिंग जैसी गतिविधियों के लिए उकसाया जा सकता है। अनेक मामलों में चुनाव-पश्चात हिंसा ऐसी ही घटनाओं में शामिल है जिनको प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से धन शक्ति द्वारा प्रभावित किया जाता है। राजनीति का अपराधीकरण या उम्मीदवारों की आपराधिकता लोकतंत्र के लिए भयानक खतरा है। दबाव तथा बल प्रयोग से चुनाव परिणाम ऐसे अवांछित लोगों की विजय के रूप में सामने आ सकते हैं जो पूरी प्रक्रिया का मजाक उड़ाते लगते हैं।

यदि किसी व्यवस्था में ऐसी अवांछित गतिविधियां शामिल हो जाएं तो देर-सवेर प्रक्रिया का प्रदूषित होना टाला नहीं जा सकता है। समस्या का तार्किक समाधान यही है कि शुरुआत में ही विकृतियों पर लगाम लगाई जाए क्योंकि ऐसा न करने पर नतीजे भयंकर रूप से विनाशकारी सिद्ध हो सकते हैं। इस बात पर व्यापक चर्चा कर पारदर्शी रूप से विश्लेषण किया जाना चाहिए कि इस दुष्चक्र को कैसे तोड़ा जाए। इसके लिए स्पष्ट भाषा में संप्रेषण जरूरी है। लेकिन ऐसा करना कहने की तुलना में ज्यादा कठिन है। अब तक प्रदूषित हो चुकी प्रक्रिया को शुद्ध करने तथा उसकी विपरीत चीजों को स्थान दिलाने के लिए एक व्यापक 'पैराडाइम परिवर्तन' की जरूरत है जिसके लिए उद्देश्य की गंभीरता तथा सटीक क्रियान्वयन जरूरी है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, चुनाव प्रक्रिया को प्रदूषित करने वाले तत्व परस्पर जुड़े होते हैं। इसमें कुछ अन्य आयाम भी काम करते हैं जिनमें जाति, भाषा व धर्म, आदि के आधार पर खेले जाने वाले विभाजनकारी चुनावी कार्ड भी शामिल हैं। मतदाताओं को ललचाने के लिए 'खैरात' या 'रेवड़ियों' का प्रस्ताव तथा अन्य चुनावी गलत व्यवहार भी समस्या समाधान में बाधाओं का काम करते हैं। विभाजक रेखाओं पर आधारित मतदान के आयाम तथा कुछ अन्य मुद्दे भी प्रक्रिया को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। एक सार्थक चुनाव सुधार के लिए इन सभी आयामों पर गौर करना जरूरी है। इन आयामों की गंभीरता और प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण किया जाना चाहिए तथा इनको देश के समक्ष मौजूद अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं के साथ रख कर देखा जाना चाहिए। अतीत पर नजर डालें तो भारतीय निर्वाचन आयोग ने चुनाव सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। इसके साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा विधायिका को भी सुधार की दिशा में अपना योगदान करना चाहिए। चुनाव सुधारों के लिए अनेक आयोगों का समय-समय पर गठन किया गया और उन्होंने अपनी विस्तृत रिपोर्टें भी दी हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव प्रक्रिया में सकारात्मक परिवर्तनों के लिए अपना उल्लेखनीय फैसला भारत सरकार बनाम असोसियेशन आफ डेमोक्रेटिक रिफार्म, 2002 मामले में दिया था। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में कहा कि चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को अपनी परिसंपत्तियों, दायित्वों व अपराधों के लिए दंड जैसे तथ्यों की घोषणा चुनाव के लिए नामांकन करते समय करनी चाहिए। न्यायालय ने लिली थामस बनाम भारत सरकार, 2013 मामले में आदेश दिया था कि यदि किसी उम्मीदवार को अपराध के लिए सजा हो चुकी है तो उसे अयोग्य ठहराया जाएगा तथा उसकी विधायिका की सदस्यता भी समाप्त हो जाएगी।

2013 में सर्वोच्च न्यायालय ने पीपुल्स यूनियन आफ सिविल लिबर्टीज़ बनाम भारत सरकार मामले में मतदाताओं को चुनाव में अपनी नकारात्मक राय रखने का अवसर दिया था। इस निर्णय में चुनाव प्रक्रिया में नोटा-उपरोक्त में से कोई नहीं, का विकल्प रखने का आदेश दिया था। सर्वोच्च न्यायालय के इन निर्णयों का चुनाव प्रक्रिया पर दूरगामी प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही सरकार द्वारा चुनाव सुधारों की दिशा में गठित अनेक समितियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। 1993 में गठित वोहरा समिति तथा चुनावों की राज्य द्वारा फंडिंग के बारे में इंद्रजीत गुप्ता समिति की संस्तुतियां उल्लेखनीय हैं।

चुनाव सुधारों में विधि आयोग ने 1999 में अपनी रिपोर्ट दी थी। इसके साथ ही प्रस्तावित चुनाव सुधारों के बारे में भारतीय निर्वाचन आयोग ने 2004 में अपनी रिपोर्ट दी थी। निर्वाचन आयोग की इस रिपोर्ट में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए थे। लेकिन इन रिपोर्टों के क्रियान्वयन के बारे में स्थिति बहुत संतोषजनक नहीं कही जा सकती है। इन रिपोर्टों के क्रियान्वयन के बारे में मुझे प्रख्यात रचनाकार एस.टी. कालरेज की रचना 'द राइम आफ एनसिएंट मैरीनर', यानी प्राचीन समुद्री यात्री की दुःखद स्थिति की यह पंक्ति याद आती है कि 'वाटर, वाटर एवरीव्हेयर, नाट अ ड्राप टु ड्रिंक', यानी पानी तो सभी जगह चारों ओर है, पर उसमें से पीने योग्य एक बूंद पानी भी नहीं है। यह बात लगभग पूरी तरह चुनाव सुधार से संबंधित रिपोर्टों पर भी लागू होती है। हमारे पास चुनाव सुधारों के बारे में अनेकानेक रिपोर्टें व उनकी संस्तुतियां हैं, पर विडंबना है कि राजनीतिक अनिश्चितता या राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण उनके बारे में कोई खास निर्णय नहीं लिये जा सके हैं। वर्तमान समय में माननीय सर्वोच्च न्यायालय इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार कर रहा है कि करदाताओं के पैसे से मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए 'खैरातों' का वितरण कहां तक उचित है। इस पर मीडिया तथा आम जनता व राजनीतिक विश्लेषकों में भी काफी विचार-विमर्श हो रहा है।

हालांकि, चुनाव सुधार संबंधी सभी मामलों व चुनाव में आने वाली समस्याओं की गहन चर्चा से स्पष्ट होता है कि कुछ मुद्दों पर कहीं-कहीं कार्रवाई की गई है ताकि परिवर्तन की ताजी हवा से चुनाव संबंधी समस्यायें समाप्त हों। लेकिन इन प्रयासों से हम समस्याओं के मूल समाधान तक नहीं पहुंच सके हैं। इस कारण हम अत्यन्त जटिल व गंभीर समस्याओं के सटीक समाधान तलाशने में विफल रहे हैं। इसके लिए हमें मुख्य समस्याओं पर सीधे हमला बोलना होगा। जब तक धन शक्ति, राजनीति के अपराधीकरण तथा जाति, धर्म, भाषा व परंपराओं, आदि विभाजक आयामों को सीधे संबोधित नहीं किया जाता है तब तक आमूल चुनाव सुधारों की कल्पना नहीं की जा सकती है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा करदाताओं के पैसे से विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव जीतने के लिए 'खैरातों' के वितरण पर रोक लगाना है। इसके बिना इच्छित चुनाव सुधारों का क्रियान्वयन संभव नहीं हो सकता है। लेकिन यह कहने की तुलना में करना कठिन है क्योंकि इसके लिए जिस राजनीतिक सर्वानुमति की आवश्यकता है, फिलहाल उसका अभाव ही दिख रहा है। चुनाव प्रक्रिया को शुद्ध करने के सर्वाधिक जटिल लक्ष्य को केन्द्रित करते हुए कुछ मुद्दों पर ध्यान देना जरूरी है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि नतीजे तक पहुंचना चाहे जितना कठिन हो, पर यह व्यावहारिक व प्रभावी उपाय होना चाहिए। हमारे देश का विशाल आकार, जनसंख्या संरचना तथा जनसंख्या संरचना की परिवर्तनशील गत्यात्मकता, गरीबी रेखा के नीचे रहने वाली विशाल जनसंख्या, साक्षरता दर, बढ़ती अपराधों की दर तथा राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा एवं संस्कृति के आधार पर मौजूद व बढ़ रही विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगाना जरूरी है। उपयुक्त, स्वीकार्य व इच्छित चुनाव सुधारों को लागू करने के पहले धन शक्ति के दुरुपयोग तथा इसके विभिन्न आयामों व प्रभावों पर गंभीर अध्ययनों और विश्लेषणों की आवश्यकता है।

# मूल अधिकार बनाम मूल कर्तव्य



**चन्द्र शेखर गंगराड़े**
सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधानसभा




प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह की 10 तारीख को मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ की साधारण सभा में मानव अधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा को अंगीकृत किया गया था। किंतु अधिकारिक तौर पर 10 दिसम्बर 1950 से इस दिन को मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय 10 दिसम्बर 1950 को संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में लिया गया और उस संबंध में सभी देशों को सूचना जारी की गई।

सभी नागरिकों को मौलिक अधिकार प्राप्त हैं ओर मानव के रूप में प्राप्त उनके अधिकारों का संरक्षण हो और मानव को प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन न हो इस हेतु संविधान में ही मूल अधिकारों का प्रावधान किया गया हे ताकि उनका उललंघन करने पर उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध विधि अनुरूप कार्यवाही की जा सके।

मानव अधिकारों की रक्षा के लिए भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानव अधिकार कानून प्रचलित है और मानव अधिकारों के संरक्षण हेतु सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में केन्द्र स्तर पर ओर राज्य स्तर पर उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में मानव अधिकार आयोग का गठन किया गया।

मानव अधिकार आयोग स्वतंत्रता पूर्वक एवं निर्विघ्न कार्य कर सके इसलिए उसका गठन भारत के उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया गया था। साथ ही अधिक प्रभावशाली रूप से कार्य कर सके इसलिए एक सदस्य सुप्रीमकोर्ट का वर्तमान या भूतपूर्व न्यायाधीश को भी रखा गया था। साथ ही एक सदस्य राज्यों के उच्च न्यायालय के वर्तमान या पूर्व मुख्य न्यायाधीश को भी उसका सदस्य बनाया गया है इसके अतिरिक्त दो ऐसे व्यक्तियों को मानव अधिकार आयोग का सदस्य बनाया गया है जिन्हें मानव अधिकारों की दिशा में कार्य करने का पर्याप्त अनुभव हो।

उक्त सदस्यों के अलावा अल्प संख्यक आयोग अनुसूचित जाति आयोग अनुसूचित जनजाति आयोग एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष भी उक्त आयोग के सदस्य माने जायेंगे।

मानव अधिकार आयोग स्वतंत्रता पूर्वक कार्य कर सके इसलिए उसके अध्यक्ष एवं सदस्यों को हटाने का अधिकार भी कार्यपालिका में निहित न हो कर उच्चतम न्यायालय को दिया गया है और उच्चतम न्यायालय एक निहित प्रक्रिया का पालन करते हुए जांच उपरांत कदाचार या असमर्थता साबित होने पर उसकी रिपोर्ट पर राष्ट्रपति को ही हटाने का अधिकार दिया गया।

मानव अधिकार आयोग को कार्य करने की स्वतंत्रता के साथ-साथ मानव अधिकारी आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों की नियुक्ति भी उच्च प्राधिकार प्राप्त समिति द्वारा की जाती है जिसके अध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री तथा लोक सभा एवं राज्य सभा में प्रतिपक्ष के नेता, राज्यसभा के उप सभापति सदस्य होते हैं।

आयोग का मुख्य कार्य संविधान द्वारा प्रदत्त मानव अधिकारों का उल्लंघन करने की जॉच करना एवं प्रतिवेदन देना है। मानव अधिकार आयोग उसके समक्ष शिकायत या आवेदन करने के अतिरिक्त स्वप्रेरणा से भी जॉच कर सकता है इसके कार्यों का उल्लेख मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 में विस्तार से किया गया है।

भारत के संविधान के भाग 3 में अनुच्देद12 एवं 13 में मूल अधिकारों के संबंध में प्रावधान किया गया है तथा वर्तमान में 6 प्रकार के मौलिक अधिकार संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदत्त हैं, जिनमें प्रमुख रूप से - (1) समता का अधिकार (2) वाक स्वतंत्रता का अधिकार (3) शोषण के विरूद्ध अधिकार (4) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (5) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार।

**मूल कर्तव्य :** भारत के संविधान में जहॉ मूल अधिकारों का उल्लेख है जिनका उल्लंघन करने पर संरक्षण का प्रावधान है वहीं संविधान में मूल कर्तव्यों का भी प्रावधान किया गया है- कि भारत के नागरिकों के क्या-क्या कर्तव्य होंगे। पूर्व में संविधान में मूल कर्तव्यों का प्रावधान नहीं था किंतु वर्ष 1976 में 42वे संविधान संशोधन द्वारा संविधान में कर्तव्य जोड़े गये थे जो प्रारंभ में 10 थे पश्चात 11 वॉ कर्तव्य वर्ष 2002 में 86 वे संविधान संशोधन द्वारा शामिल किया गया जो वर्ष 2010 से प्रभावी है।

मानव अधिकार दिवस पर इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है कि जब अधिकारों के संरक्षण हेतु विधि अंतर्गत उपचार प्राप्त है किंतु कर्तव्यों का उल्लंघन करने पर सरकार द्वारा कोई कानूनी प्रतिबंध लागू नहीं किया जा सकता। इस बात पर भी विचार की आवश्यकता है कि जब मूल अधिकारों के संरक्षण, प्रचार -प्रसार हेतु मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है तो हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने, उनका पालन करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए मूल कर्तव्य दिवस भी मनाना चाहिए ताकि हम अपने कर्तव्यों को जान सकें और उनका निर्वहन एवं पालन करें।

## फरमाया



**भारत** द्वारा रूसी तेल की खरीद पिछले नौ महीनों में यूरोपीय खरीद का केवल दसवां हिस्सा है।

**- एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**पिछले** कुछ दशकों में चीन पूरी तरह बदल गया है। मेरे विचार से पूरा क्षेत्र इसे देख रहा और इसका अनुभव कर रहा है।

**- अन्नालीना बोयरहाक**
जर्मन विदेश मंत्री



**मैं** रांकापा में नहीं जा रहा हूं। इस बारे में पी.सी. चाको से बात नहीं हुई है।

**- शशि थरूर**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## चुनाव के नतीजे

**दिल्ली** निगम चुनाव परिणाम आने के बाद आप ने पुराना राग अलापना शुरू कर दिया है। पूर्वानुमान से ग्रसित मनीष सिसोदिया ने भाजपा को बदनाम करना शुरू कर दिया है कि भाजपा उनके जीते पार्षदों को तोड़ने का प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि मतदान प्रतिशत कम रहने से आप की जीत की सम्भावना बढ़ गयी थी और हुआ भी ऐसा ही, पहले भी कम मतदान प्रतिशत का सीधा प्रभाव भाजपा पर पड़ता रहा है, मतदाताओं का उदासीन रवैया अक्सर राजनैतिक समीकरण बिगाड़ता रहता है ऐसा ही दिल्ली निगम चुनाव में भी हुआ, सरकार और राजनैतिक लोगों को इस पर चिंतन करना चाहिए, राशन बांटो या फ्लैट बनवाओ.... जनता को ये सब कोई खास प्रभावित नहीं कर पाता। उनकी सोच रोजमर्रा की जरुरत तक सीमित है, रोज फ्री बिजली और पानी का लालच राशन और फ्लैट पर भारी पड़ता दिखाई दिया। जनता को ये संकुचित सोच बदलनी होगी और बड़े लक्ष्य को लेकर चलना होगा अन्यथा देश आंतरिक चुनोतियों से जूझता रहेगा। भाजपा को भी चुनाव परिणामों से सबक लेकर खासकर शहरी मतदाताओं के लिए अपनी रणनीति में परिवर्तन की जरूरत महसूस हो सकती है।

**-मनोज,** मेरठ

## बदहाल पंजाब

**भारत** देश का सबसे समृद्ध राज्य पंजाब है। जो 1979 से 1984तक फैले आतंकवाद की आग से जल और झुलस चुका था। पुलिस और पंजाब के लोगों के सहयोग से प्रदेश आतंकवाद मुक्त होकर पुनः समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। पाकिस्तान का सीमावर्ती राज्य होने के कारण पाकिस्तान से मादक पदार्थो और हथियारों की तस्करी हो रही है। पंजाब के युवाओं को बर्बाद करने के लिये ड्रग्स की सप्लाई हो रही है।शत्रु देश युवाओं को बर्बाद करने के लिये ड्रोनों से मादक पदार्थों को भेज रहा है। जिसे देश के सजग सीमा प्रहरी कई बार पकड़ चुके है। इसके अलावा राज्य में अवैध शराब का निर्माण और वितरण हो रहा है। जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने के लिये पंजाब सरकार को निर्देश दिया है। पंजाब में बढ़ते खालिस्तानी समर्थक, कट्टरपंथ, मतांतरण, नशे की समस्या और बढ़ते कैंसर के मरीज पंजाब के लिये खतरे की घण्टी है। इनसे निपटने के लिये सरकार और प्रशासन तन्त्र को मिलकर प्रदेश और समाज हित में कदम उठाना चाहिये, जिससे कट्टरपंथी तत्वो को बढ़ावा न मिले और आतंकवाद पुनः राज्य में न फैलने पाए।

**-कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

## इंडोनेशिया में कट्टरता

**पिछले** दिनों इंडोनेशिया की संसद में ऐसा कानून पास किया गया जिससे वहां के लोगों के लिए राष्ट्रपति की आलोचना करना दंडनीय अपराध बना दिया गया। इतना ही नहीं, नागरिकों के साथ-साथ विदेशियों के लिए विवाह से बाहर यौन संबंध को आपराधिक बना दिया गया है, गर्भनिरोधक के प्रचार पर रोक लगा दिया गया है। राज्य संस्थानों की मानहानि पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पत्रकारों को अपनी लेखनी पर खुद जवाबदेह बना दिया गया है। धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकार को सिमित कर दिया गया है। मार्क्सवाद एवं लेनिनवादी विचारधारा को प्रतिबंधित कर दिया गया है। कुल मिलाकर यह निजता के अधिकार पर सरकारी पहरेदारी के साथ लोगों के बुनियादी अधिकार को खत्म करने वाला काला कानून है। सन 2019 में भी ऐसे ही कानून के जरिए इंडोनेशिया को धार्मिक कट्टरता के दलदल में धकेलने की कोशिश को उस समय हुए व्यापक विरोध प्रदर्शनों के कारण स्थगित करना पड़ गया था। देखें इस बार वहां के लोग इस काले कानून को कैसे स्वीकार करते हैं।

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

# करप्शन का केंद्र बना बालोद जिले का आरटीओ विभाग, अवैध वसूली के खेल में बाबू से लेकर अधिकारी हो रहे मालामाल, खुली दुकानदारी

## बाहरी जिलों के वाहनों में फिटनेस करने का चल रहा खेल

## दलालों के लिए बदनाम आरटीओ विभाग में दलालों का हैं बोलबाला






पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

**पायनियर लगातार**

सूबे के मुखिया भूपेश बघेल और परिवहन मंत्री मो. अकबर की मंशा पर आरटीओ विभाग पानी फेर रहा हैं। इनके निर्देश और आमजनों को दी जाने वाली सुविधा जिले में बेअसर है। यहां अपने काम के लिए जनता को आज भी दलालों का सहारा लेना पड़ रहा है। ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, लाइसेंस का नवीनीकरण कराना हो या फिर वाहनों का रजिस्ट्रेशन, बिना दलालों के यहां कुछ भी संभव नहीं है। दलालों के लिए बदनाम आरटीओ विभाग में दलालों का बोलबाला हैं। ग्राम पाकुरभाट स्तिथ जिला परिवहन कार्यालय में सुबह दफ्तर खुलते ही दफ्तर के आसपास दर्जनों की संख्या में दलाल मंडराने लगते हैं। कईयों ने ठीक सामने ही दुकान सजा रखी हैं। इन दलालों का संपर्क सीधे संबंधित बाबुओं व आरटीओ से रहता है। यदि जनता सीधे अधिकारियों के पास जाती है तो उन्हें डाट-फटकार कर भगा दिया जाता है। या काम को पेचीदा बताकर काम करने में देरी की जाती हैं। लेकिन वही दलालों के संपर्क से काम चंद घन्टो में हो जाता हैं। हालांकि निर्धारित तय शुल्क से डेढ़ से तीन गुना राशि अतिरिक्त देनी होती है। लेकिन काम कुछ घन्टो में हो ही जाता हैं। यहां यह कहना गलत नही होगा कि जिले का आरटीओ विभाग भ्रष्टाचार की गर्त में डूब चुका है। यहां के बाबू से लेकर अधिकारी ने अच्छी खासी दुकानदारी खोल कर रखी हैं। हर काम में कमीशन और अवैध वसूली के खेल में ऊपरी कमाई कर ये मालामाल हो रहे हैं। बताया जाता है विभाग के एक बाबू ने तो ऊपरी कमाई से कई जमीनों के टुकड़े भी ले रखे हुए हैं।

**ऊपरी कमाई से अच्छी खासी आय अर्जित कर ली हैं**

परमिट, फिटनेस व लायसेंस के नाम पर लूट-आरटीओ में अब आनलाइन सिस्टम होने के बाद भी दलालों के बगैर कोई काम नहीं होता। आरटीओ कार्यालय में लायसेंस बनाने व रिनेवल कराने से लेकर बसों एवं अन्य वाहनों के परमिट व फिटनेस देने तथा नाम परिवर्तन में जमकर लूट मची है। बाहरी जिले के वाहनों में भी फिटनेस का खेल यहां जमकर चल रहा हैं। वही सूत्र बताते है कि बाहरी जिलों के वाहनों का फिटनेस कार्य जिले में बंद है, बावजूद अन्य जिलों से आने वाले वाहनों का फिटनेस काम यहां किया जाता हैं। वो भी तय शुल्क से अधिक और ऊपर का पैसा लेकर। इस मामले में अधिकारी से अन्य जिलों के वाहनों का फिटनेस करने सम्बन्धी आदेश दिखाने कहा गया, तो उन्होंने न कहकर पल्ला झाड़ दिया। यह भी देखा गया है, की बिना पैसे दिए काम नहीं होता। यहां हर काम दलालों पर चल रहा है। फिटनेस के लिए शुल्क के अलावा भी वाहन मालिकों से रकम मांगे जा रहे हैं। स्पेशल परिमिट के लिए तो बगैर चढ़ावे के बात ही नहीं बनती। दफ्तर में परिवहन विभाग के कर्मचारी सिर्फकार्यालयीन कार्य में ही लगाए गए। जबकि लायसेंस, फिटनेस से लेकर वाहन मालिकों से जुड़े कार्यो के लिए दलाल लोग तैनात हैं। इतना ही नहीं तमाम प्रोसेस आनलाइन होने के बाद भी दलालों की सक्रियता पहले की तरह बनी हुई है।

**ऑनलाइन प्रोसेस जटिल-**

ऑनलाइन प्रोसेस इतनी जटिल है कि आम आदमी इससे दूर भागता है। ऑनलाइन होने से घर बैठे अपना काम करवा सकते है। यह दावा सिर्फसरकारी बनकर रह गया है। इससे परेशान उपभोक्ताओं को मजबूरी में ऑनलाइन प्रक्रिया से काम ना कर एजेंट के माध्यम से काम करवाना ही आसान लगता है। ऑनलाइन प्रक्रिया में नाना प्रकार के सवाल पूछे जाते है। इन सब कारणों से लोग ऑनलाइन प्रक्रिया नहीं अपनाते साथ ही काम भी देरी से होता है। एजेंट हाथों-हाथ काम करा लेता है। और इसमे विभाग के बाबू और अधिकारी की सहभागिता होती हैं।

**कही भी सड़क किनारे या एनएच पर सजती है दुकान**

जिला परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी या उड़नदस्ता की टीम कही भी कभी भी सड़क किनारे या नेशनल हाईवे-30 पर अपनी दुकान खोल बैठ जाते है। आने जाने वाले वाहनों से दस्तावेज चेकिंग के नाम पर कुछ न कुछ कमी बताकर तय शुल्क से अधिक जुमार्ना लेते है। चालानी कार्यवाही और जुमार्ने के नाम पर अनाप शनाप वसूली की जाती हैं। कई मामलों में तो चालानी कार्यवाही नही की जाती है। अधिकारी-कर्मचारी सीधे माण्डवली कर अपनी जेब गर्म कर लेते हैं।

**दलालों का आज भी दबदबा-**

आरटीओ कार्यालय में भले ही सभी कार्य अब आनलाइन होने का दावा किया जा रहा हो बावजूद आज भी वहां हर काम के लिए दलाल सि य हैं। लायसेंस बनवाने व नवीनीकरण कराने के लिए भी लोगों को दलालों का ही सहारा लेना पड़ता है। समय की कमी व छोटे-छोटे कामों के लिए भी बार-बार की दौड़ और लंबा इंतजार के चलते लोग दलालों के माध्यम से ही इस तरह के काम करवाने मजबूर हैं। हालाकि दलाल भी अब सारा प्रोसेस आनलाइन ही करते हैं लेकिन उनके माध्यम से काम एक तय समय में हो जाने का आधार बन जाता है। इसका दलाल भी फायदा उठाते है और काम के लिए तय शुल्क का तीन गुना वसूलते हैं। जिसकी मुख्य वजह है इनकी अधिकारियों से साठगांठ।

# बेरला में श्री शिव महापुराण का शुभारंभ, पहले दिन निकाली गई कलश यात्रा, 2100 महिलाएं हुई शामिल



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला के देहयान मैदान में 8 से 16 दिसम्बर तक आठ दिवसीय संगीतमयी श्री शिव महापुराण का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर दिव्य सवा लाख पार्थिवेश्वर महा रुद्राभिषेक भी किया जाएगा। आयोजन का शुभारंभ बेरला समेत आसपास के ग्रामीण अंचल की सैकड़ों महिलाओं की ओर से कलश यात्रा निकालकर किया गया। जिसमें मुख्य यजमान किसान नेता योगेश तिवारी सपत्नीक शामिल हुए। वृंदावन धाम उत्तर प्रदेश से पधारी ख्याति प्राप्त कथा वाचक बाल साध्वी मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि के द्वारा श्री शिव महापुराण का वाचन किया जाएगा। सुबह 7 से 12 बजे तक रुद्र महायज्ञ होगा। इस महायज्ञ में यज्ञकर्ता राजीव लोचन दास महाराज है। इसके बाद दोपहर 1 बजे से श्री शिव महापुराण की कथा प्रारंभ होगी, जो कि सायंकाल 5 बजे तक चलेगी। शोभायात्रा में भागवत ठाकुर, पुसउ सिन्हा, डामन सिन्हा, राजेश जैन, छगन सिन्हा, अजय मिश्रा, पीयूष शर्मा मनोज सिन्हा गिरीश गबेल, ब्रजेश शर्मा, किशन साहू, शिवझडी सिन्हा, कामदेव सिन्हा, नेतराम ठाकुर, ज्ञानेश्वर साहू, राजू साहू, केशव सिन्हा, रूपन दास पात्रे, लखन चक्रधारी, मनोज पटेल, रतिराम साहू, सरोज पाल, केशलाल साहू, बलराम राय, टोपेन्द्र, अरूण से, अविनाश राजपूत, तिलक सिन्हा, मनोज बंजारे नरेश राय, महेश्वर पटेल, विक्की चौबे समेत सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए।

**यात्रा में 2100 महिलाओं ने धारण किया कलश**

जिला बेमेतरा में दूसरी बार आयोजित हो रहे शिव महापुराण एवं सवा लाख पार्थेश्वर रुद्राभिषेक के लिए समस्त नगर वासियों में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में 2100 महिलाएं कलश धारण कर शामिल हुई। गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश शहर के मुख्य चौक चौराहों से होकर गुजरी। कलश यात्रा में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य सुआ, डंडा, राउत नाच के कलाकार मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर रहे थे।

# थाना रनचिरई क्षेत्रांतर्गत महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति मोबाईल एप से सबंधित गया

## स्कूलों में जाकर छात्राओं व शिक्षकों को किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





पुलिस अधीक्षक बालोद जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशानुसार थाना रनचिरई क्षेत्रांतर्गत 07 दिसंबर को ग्राम चिचबोड़ एवं डोंगीतराई के स्कूलों में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप में जाकर यातायात नियमों, ऑनलाइन फ्रॉड, गुड़ टच- बैड टच, बच्चों के प्रति लैंगिक अपराध के संबंध में जानकारी दिया गया ,साथ ही साथ अभिव्यक्ति मोबाईल एप से संबंधित जानकारी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक यामन कुमार देवांगन थाना प्रभारी रनचिरई, महिला आरक्षक विन्तेश्वरी साहू, आरक्षक गुलाब किशोर ठाकुर द्वारा स्कूल के छात्र/छात्राओं तथा शिक्षकों को अभिव्यक्ति मोबाइल एप को महिलाओं की सुरक्षा हेतु कारगर बताते हुए एप में दी गई सुविधाओं जैसे तत्काल सहायता हेतु एस ओ एस बटन, महिला अपराध संबंधित शिकायत दर्ज करने की सुविधा तथा महिला सुरक्षा सम्बंधित टिप्स के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही अभिव्यक्ति मोबाइल एप को अधिक से अधिक डाउनलोड करने हेतु जानकारी दिया गया। ग्राम चिचबोड़ के स्कूल तथा डोंगीतराई के स्कूल में छात्राओं/शिक्षकों को अभिव्यक्ति मोबाइल एप डाउनलोड कराया गया।

# प्रशांत बोकड़े के नेतृत्व में जीत की खुशी मनाई गई

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जिला युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकड़े के नेतृत्व में 8, दिसंबर को जिला युवा कांग्रेस द्वारा दल्लीराजहरा नगर में भानुप्रतापपुर उपचुनाव की जीत एवं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को जनाधार प्राप्त होने की खुशी मनाई गई। इस दिन नगर के हृदय स्थल जैन भवन चौक में आतिशबाजी कर,कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद एवं भानुप्रतापुर उपचुनाव की कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मांडवी जिंदाबाद के नारे के साथ जिला युवा कांग्रेस द्वारा दल्लीराजहरा में जश्न मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से दल्लीराजहरा नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर उपस्थित थे। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन ने बताया की कांग्रेस पार्टी एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए काफी लम्बे समय से काम कर रहे थे। इस दौरान सुहैल खान, दिनेश यादव, गजेंद्र ठाकुर, नीरज साहू, चन्दन ठाकुर, हेमंत पटेल,विकास जैन मित्तल, सोनू सेन,मुकेश देवांगन,आनंद भास्कर,पप्पू पंजवानी, विकास, प्रदीप बबलू, अनिल कोम्बे, बसंत साहू, युवराज साहू, आदित्य रामटेके, नोमेश रामटेक, खिलेश पटेल, आयुष दुबे, दीपक, मुकेश पटेल, साहिल आदि शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू ने प्रांतीय कोर कमेटी से विचार विमर्श व बातचीत कर प्रांतीय कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा किया है। संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ प्रदेश के पांचो संभागबस्तर, सरगुजा, दुर्ग, बिलासपुर व रायपुर संभाग से संगठन हित में कार्य करने हेतु समर्पित ऊजार्वान, सक्रिय व संघर्षशील साथियों को प्रमुखता से स्थान दिया है जिसमें- कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष- नरेंद्र लाल देवदास, संजय मेहर दीपक प्रकाश प्रदेश संरक्षक- अनिल रामटेके, रेखराज साहू, प्रदेश सचिव- अशोक कुमार तेता, प्रदेश कोषाध्यक्ष- तेजराम कामड़िया, प्रदेश संयोजक महिला प्रकोष्ठ- हीना कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष- भुनेश्वरी सहारे, सूर्य लाल साहू, प्रेमचंद सोनवानी, महेश शेट्टी, आनंद साहू, प्रदेश प्रवक्ता- हेमलता बढ़ाई, धनीराम मरकाम, प्रदेश मीडिया प्रभारी- आर. के. साहू, प्रमुख महामंत्री संगठन- जितेंद्र साहू, प्रदेश महासचिव- अनुपमा सोनी, दिलेन्द्र नायक, रत्नाकर खूंटिया, गजपाल सिंह नायक, प्रदेश महामंत्री- कीर्तन मंडावी,ब्यास नारायण सोरी, रामाधार नायक, महेश्वर कोटपरिया, प्रदेश संगठन मंत्री- गायत्री चनाप, ओमप्रकाश यादव, रामेश्वर साहू, लोलर प्रसाद चौधरी, प्रदेश सलाहकार- विवेक मिलिंद, रमेश विश्वकर्मा, प्रदेश संयुक्त सचिव- द्रोपती चनाप, अश्वनी देशलहरे, सगुन मंडावी, परमेश्वर साहू, प्रदेश संयुक्त महामंत्री- मितेन्द्र बघेल, कमलकांत नेताम संभाग प्रभारी गण- गोवर्धन सारके (बस्तर संभाग) राकेश सेंकराज (सरगुजा संभाग), नरेंद्र साहू (दुर्ग संभाग) रामकरेश जोशी (रायपुर संभाग), रोहित डिंडोरे (बिलासपुर संभाग), संगठन अधिवक्ता-प्रमोद रामटेके हाईकोर्ट बिलासपुर आदि प्रमुख रूप से शामिल है।

# विधायक आशीष छाबड़ा ने किया ओपन जेल का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथर्रा में बनने वाले प्रदेश के पहले ओपन जेल भूमि पूजन किया ज्ञात हो कि इसके लिए राज्य शासन ने बजट में 2212.27 लाख रुपए का प्रावधान किया है इस ओपन जेल में कैदियों को व्यवसायिक प्रशिक्षण के साथ-साथ जीविकोपार्जन के लिए अन्य प्रशिक्षण भी प्रदान किए जाएंगे प्रदेश की यह पहली जेल है जो बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में बनने जा रही है। ग्राम पथर्रा को इसके लिए चयनित किया गया है विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से बजट में इसे विगत वर्ष पूर्व ही शामिल किया गया था जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के पश्चात अब जाकर इस कार्य का भूमि पूजन किया जा सका है ओपन जेल के प्रारंभ होने से गंभीर किस्म के अपराध में संलिप्त नहीं होने वाले अपराधियों को इस जेल में स्थानांतरित किया जा सकेगा तथा उन्हें जीवन की मुख्यधारा में लौटने में सहायता करने के उद्देश्य से उन्हें व्यवसायिक प्रशिक्षण साथ के साथ साथ अन्य जीविकोपार्जन के विविध कार्य भी सिखाए जाएंगे विधायक आशीष छाबड़ा के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड ने की कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंसी पटेल तथा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मिथिलेश वर्मा सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लोकेश वर्मा तथा जनपद सदस्य कुलवंत इन गजानंद साहू सहित उषा बाई पांडे सरपंच ग्राम पंचायत पथर्रा,मनोज शर्मा, बसंत जोशी, रामखिलावन साहू, सिददीक खान, संतराम यादव, मोहित वर्मा,राजकुमार बंजारे,राजेंद्र वर्मा,खूबी ध्रुव,अनिल यदु, छोटू बेलदार, शैलेन्द्र साहू,संध्या ठाकुर, सौरभ पाण्डे, संदीप खरे, ध्रुव रजक, अमित वर्मा,नारायण यदु, दिनेश जोशी,लल्लू कुरैशी,अरुण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पाण्डेय तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का हुआ भूमि पूजन: विधायक आशीष छाबड़ा

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा आयोजित वार्ड न.03 के तालाब सौंदर्यीकरण कार्यक्रम में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक मे शामिल हुए सर्वप्रथम विधिविधान से पूजा अर्चना कर राशि 40 लाख रुपए की लागत से पाण्डेय तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बहुत पुरानी मांग पाण्डेय तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाता रहा है,आप सभी के मांग के अनुरूप आज तालाब सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया गया पाण्डेय तालाब पूरे नगर की हृदय स्थलों में से एक है, वार्ड वायियो की धार्मिक आस्था का केंद्र है जहां पूरे वर्ष लगातार धार्मिक कार्यक्रम सहित अनेक प्रकार के विधि विधान के कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं,इस तालाब की भव्यता बेहतर हो इसी भावनाओं के साथ यहां बड़ी स्वीकृति कराई गई है,जनभावनाओं को विशेष ध्यान में रखते हुए अतिशीघ्र ही कार्य पूर्ण करे जिससे नगर की पाण्डेय तालाब को बहुत खूबसूरत स्वरूप मिले और नगर विकास में एक अच्छी उपलब्धि हो,इस अवसर पर शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,मनोज शर्मा सभापति,रानी सेन पार्षद,जया साहू पार्षद, रश्मि मिश्रा पार्षद,शशिप्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, मिथेलस वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा,राजू साहू, मिटा नामदेव,जनता साहू, रावेन्द्र देवांगन, प्रशांत तिवारी, शंकर चौहान, चंद्रप्रकाश शीतलानी,सुमित्रा साहू,अजीत छाबड़ा,गण्नेश महेस्वरी, ध्रुव रजक,सुरेन्द्र मोटवानी,विजय खिलयानी, मोती पिंजानी,गणेश हिरानी,राजा मगवानी,रवि मोटवानी, देवा मोटवानी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# ग्राम भरींटोला-43 के किसानों को फसल बीमा का मिला लाभ

**दल्लीराजहरा।** कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि खरीफ वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत ग्राम भरीटोला-43 में धान असिंचित के 149 कृषकों को फसल कटाई परिणाम के आधार पर दावा राशि 24,76,823.29 रूपये एनईएफटी के माध्यम से आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर दर्ज किये गये बैंक खाता नंबर पर एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया रायपुर के द्वारा भुगतान किया गया है। 01 कृषक को धान सिंचित फसल कटाई प्रयोग के परिणाम थ्रेसहोल्ड उपज 3921 किलोग्राम से वास्तविक उपज 4413.69 किलोग्राम अधिक प्राप्त होने के कारण दावा राशि की पात्रता नहीं बनती है। किसी भी कृषक को अपने बैंक खाता का अद्यतन स्टेटमेंट नही होने के कारण बीमा राशि प्राप्त होने की जानकारी नही हो पा रही है। उप संचालक कृषि ने ग्राम भरीटोला-43 के किसानों से अपील की है कि वे लोग जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, दल्लीराजहरा में अपना बैंक खाता प्रिंट के माध्यम से इन्द्राज करावें। इससे फसल बीमा दावा राशि की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

# श्री कृष्ण बाल लीला का वर्णन सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध




**दल्लीराजहरा।** नगर स्थित मां अंगरमोती मंदिर वार्ड नं 2 के पास चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, रास लीला, गोवर्धन पर्वत एवं श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह की कथा सुनाई गई। कथा वाचक पंडित तोरण महाराज जी ने कथा प्रसंग के दौरान भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओ के साथ गायों के चराने, गांव की गोपिकाओ के घरों में घुसकर दूध, दही एवं माखन खाने सहित अन्य बाल लीलाओ की कथा सुनाई।

उन्होंने श्रोताओं को भगवान श्री कृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया की भगवान का प्रथम विवाह रूखमणी के साथ हुआ। रूखमणी स्वयं लक्ष्मी माता है।

# नवागढ़ में जिला स्तरीय जनचौपाल शिविर आयोजित ग्रामीणों के लिए लाभकारी रहा नवागढ़ शिविर



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण के उद्देश्य से विकासखंड मुख्यालय नवागढ़ के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में शु वार 09 दिसम्बर 2022 को जिला स्तरीय जन चौपाल शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 130 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 101 का मौके पर ही किया गया। विधायक एवं संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे, कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सी ई ओ लीना कमलेश मंडावी,अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेयी, एस डी एम प्रवीण तिवारी जनपद पंचायत सी ई ओ प्रज्ञा यादव सहित जिला स्तर के अधिकारियों ने शिविर में उपस्थित रह कर आम लोगो की समस्याओं का निराकरण किया। शिविर में स्वस्थ्य विभाग द्वारा 167 लोगों की स्वास्थ्य जॉच कर निःशुल्क दवा वितरित की गई। मछली पालन विभाग ले जाल ,एवं आइस बॉक्स बांटा गया उद्यानविभाग ने साग भाजी के पौधे बांटे। राजस्व विभाग द्वारा किसानों को ऋण पुस्तिका दी गई 58 हाई स्कूली छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत निःषुल्क सायकल वितरण किया गया।

Bandhan Bank
रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छ: रास्ते के पास,
एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन: +91-79-26421671-75

**ऋणीओं के लिए मांग सूचना**

नीचे बताया गया खाता एन.पी.ए. में परिवर्तित किया गया है और बंधन बैंक द्वारा सिक्युरिटाइझेशन एन्ड रिकन्स्ट्रकशन ओफ फायनान्सियल एसेट्स एन्ड एन्फोर्समेन्ट ओफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट (ध एक्ट), 2002 की धारा 13 (2) तहत नीचे बताए गए कर्जदारों को डिमान्ड नोटिस जारी की गई थी, जो वापिस आई है। इस लिए आप सभी को और सार्वजनिक जनता को इस प्रकाशन द्वारा नोटिस जारी की जा रही है।

| ऋणीयों के नाम, और ऋण खाता नं. | बंधक संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का ब्यौरा | मांग सूचना की तिथि/ NPA की तिथि | मांग सूचना तिथि को बकाया राशि | सूचना चस्पा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती राजेश चौहान श्रीमती कविता चौहान (सह-उधारकर्ता) 861/863 | सभी चल और अचल संपत्ति, 663/11 के खसरा नंबर भाग में स्थित 1000 वर्ग फुट, ग्राम धनोरा, पीएच नंबर 28/39, आरएनएम एएनडीए, 490001 स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: सड़क, पूर्व: खुली भूमि, पश्चिम: खुली भूमि, दक्षिण: खुली भूमि | 21.11.2022/ 10.07.2018 | रु.9,97,866.99 | 03.12.2022 |
| श्री रामेश्वर प्रसाद निर्मल श्रीमती चित्ररेखा निर्मल 861/729, 861/1162 | सभी चल और अचल संपत्ति, खसरा नंबर 216/31/11, प्लॉट नंबर 171 पीएचएन 35, ग्राम पंडार, तहसील पाटन, जिला दुर्ग में स्थित 5062.36 वर्ग फुट स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: थगिया हाउस, पूर्व: रोड, पश्चिम: केजाबाई हाउस, दक्षिण: रदाबाई हाउस | 21.11.2022/ 05.07.2021 | ऋण खाता नं. 861/729- रु.8,70,410.62 ऋण खाता नं. 861/1162- रु.1,21,491.47 कुल रु.9,91,902.09 | 03.12.2022 |

आप से इस सूचना के माध्यम से यह मांग की जाती है की इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर आपके नाम के सामने वर्णित बकाया लोन राशि ब्याज, खर्च, शुल्क सहित का भुगतान कर दें, अन्यथा SARFEASI एक्ट की धारा 13 (4) के तहत अगली कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षित संपत्ति को रीडीम करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार का ध्यान, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है।


स्थान: दुर्ग
तारीख: 10/12/2022

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

# करंट की चपेट में आकर फिर एक हाथी शावक की मौत

## वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवाल, क्षेत्र में पहले भी करंट से हो चुकी है हाथी की मौत

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले के घरघोड़ा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले कुडुमकेला के पास ग्राम पुसलदा के बगीचे में करंट की चपेट में आने से एक हाथी शावक की मौत हो गई। 15 दिनों के भीतर करंट की चपेट में आकर जंगली हाथी की मौत की यह दूसरा मामला है। घटना की सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा उप वन मंडल के अंतर्गत आने वाले कुडुमकेला क्षेत्र के ग्राम पुसल्दा के बगीचे में लगे गन्ने की खेत मे घुसा था, जहां करंट प्रवाहित विद्युत के संपर्क में आ जाने से एक हाथी शावक की मौत हो गई। मृत हाथी शावक की उम्र 5 से 6 वर्ष बताई जा रही है। हाथी शावक की मौत की सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है।

विदित रहे हाल फिलहाल में घरघोड़ा क्षेत्र में ही करंट को चपेट में जंगली हाथी की मौत की खबर सामने आ चुकी है, और विभाग के द्वारा इस मामले में बीटगार्ड पर कार्रवाई कर अपनी लापरवाही को आसानी से छुपा लिया गया। पिछले कुछ महीनों से जिले में शिकारियों के द्वारा लगातार वन्यप्राणियों के अवैध शिकार की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। पूरे मामले में कही न कही विभाग के उच्च अधिकारियों की निष्क्रियता और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

**झोपड़ी में लगी आग :** बीती रात धरमजयगढ़ वन मंडल से भटककर घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में पहुंचे हाथी शावक एक किसान के गन्ने की बाड़ी में घुसा था। जहां बोर पंप के तार को मुंह से खींचा जिससे पेनल बोर्ड में शार्ट सर्किट होने से झोपड़ी में आग लग गई और झोपड़ी पूरी तरह जल कर राख हो गई।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के प्रभारी रेंजर मिलन भगत से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि बीती रात धरमजयगढ़ की तरफ से आया एक हाथी शावक गन्ने की खेत में घुस गया था और वहां पर लगे बोर पंप के तार को चबाने के बाद सूंढ से खींचा और उसकी मौत हो गई।

## सक्ती जिले में राखड़ परिवहन और डंपिंग में लापरवाही पर होगी सख्त कार्यवाही : रजनी भगत

**सक्ती।** जिले के बड़े सीपत में कराए जा रहे राखड़ डंपिंग क्षेत्र का एसडीएम रजनी भगत ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा मालखरौदा के ऊर्जा संयंत्रों से निकलने वाले राखड़ के परिवहन और डंपिंग में लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम मालखरौदा रजनी भगत ने इस संबंध में आज निरीक्षण किया और सख्त निर्देश दिए। एसडीएम रजनी भगत ने तिरपाल ढांककर ही राखड़ परिवहन करने तथा धूल उड़ने पर पानी का छिड़काव लगातार करते रहने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राखड़ परिवहन के लिए अनुमति प्राप्त वाहनों पर अनुमति आदेश और इनवॉइस की कॉपी भी गाड़ी में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नियम विरुद्ध और गैर जिम्मेदाराना तरीके से राखड़ परिवहन करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये,रजनी भगत ऊर्जा संयंत्र से उत्पादित राखड़ और उसके निष्पादन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। पावर प्लांट प्रबंधनों के अधिकारियों ने बताया कि संयंत्र में उत्सर्जित राखड़ का निष्पादन सीमेंट उद्योग में, फ्लाई ऐश ब्रिक निर्माण में तथा अनुमति प्राप्त भूमि में डंपिंग करके किया किया जाता है। रजनी भगत ने कहा कि नागरिकों को बिना परेशानी हुए फ्लाईऐश का निष्पादन किया जाए। फ्लाई ऐश का डंपिंग अनुमति प्राप्त जमीन में ही किया जाए, एसडीएम ने कहा कि राखड़ का सुरक्षित निष्पादन की जाए जिससे नागरिकों को राखड़ से स्वास्थ्यगत परेशानी नहीं हो।

# श्री धन्वतंरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में सस्ती दवा उपलब्ध होने से 34 हजार से अधिक लोगों की 53 लाख रूपए की हुई बचत

■ 89 लाख रूपए की एमआरपी की दवाईयां मात्र 35 लाख रूपए में उपलब्ध

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले के आम नागरिकों को बाजार में मिलने वाली महंगी दवाईयों से राहत दिलाने के लिए नगरीय निकायों में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा है, जहां सस्ती दर पर मिल रही गुणवत्तापूर्ण दवाओं का सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। जेनेरिक मेडिकल स्टोर में दवाईयां निजी मेडिकल स्टोर एवं बाजार में मिलने वाली दवाओं की कीमत की तुलना में 50 से 65 प्रतिशत की छूट में लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे उपभोक्ताओं के दवाई में होने वाले खर्च में कमी आ रही है। योजना की शुरूआत से अब तक जिले के 34 हजार 748 लोगों को श्री धन्वतंरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर के माध्यम से 89 लाख 28 हजार 662 रूपए की एमआरपी की दवाईयां मात्र 35 लाख 73 हजार 796 रूपए में उपलब्ध कराई गई है। इससे लोगों की 53 लाख 54 हजार 866 रूपए की बचत हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका मुंगेली में 14 हजार 47 लोगों को 56 लाख 35 हजार 614 रूपए एमआरपी की दवाई मात्र 19 लाख 72 हजार 465 रूपए में उपलब्ध कराई गई है, इससे लोगों की 36 लाख 63 हजार 149 रूपए की बचत हुई है। इसी प्रकार नगर पंचायत लोरमी में 05 हजार 643 लोगों को 11 लाख 88 हजार 516 रूपए एमआरपी की दवाई मात्र 05 लाख 94 हजार 258 रूपए में उपलब्ध कराई गई है, इससे लोगों की 05 लाख 94 हजार 258 रूपए की बचत हुई है। इसी प्रकार नगर पंचायत पथरिया में 11 हजार 371 लोगों को 12 लाख 99 हजार 612 रूपए एमआरपी की दवाई मात्र 06 लाख 36 हजार 810 रूपए में उपलब्ध कराई गई है, इससे लोगों की 06 लाख 62 हजार 802 रूपए की बचत हुई है। नगर पंचायत सरगांव में 03 हजार 687 लोगों को 08 लाख 04 हजार 920 रूपए एमआरपी की दवाई मात्र 03 लाख 70 हजार 263 रूपए में उपलब्ध कराई गई है, इससे लोगों की 04 लाख 34 हजार 657 रूपए की बचत हुई है।

गौरतलब है कि श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से सम्बंधित लगभग 281 प्रकार की दवाईयां, जिसमें सर्दी, खांसी, बुखार, जैसी सामान्य बीमारियों के अलावा मधुमेह, रक्तचाप, हार्ट और थायराइड जैसे गंभीर बीमारियों की दवाईयां और 27 प्रकार के सर्जिकल सामग्री अधिकतम 65 प्रतिशत के डिस्काउंट पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में लघु वनोपज के उत्पाद भी उपलब्ध है।

# नाबालिग प्रेमिका को गर्भपात कराने के लिए खिलाई थी गोली प्रेमिका की मौत, आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

पायनियर संवाददाता < पेंड्रा
www.dailypioneer.com



करीब डेढ़ साल पहले अपने नाबालिग प्रेमिका को 5 महीने का गर्भ ठहर जाने के बाद उसे गर्भपात के लिए गोली खिलाने के बाद मौत होने के मामले में आरोपी प्रेमी को स्पेशल एडीजे कोर्ट गौरेला ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

पूरा मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र के शिकवा गांव का है जहां 30 जुलाई 2021 को एक नाबालिक लड़की की तबीयत बिगड़ने पर मौत हो गई थी जिस पर खुलासा हुआ था कि गांव का ही रहने वाला खेमचंद रजक उर्फ गोलू का प्रेम संबंध गांव की ही मृतका नाबालिक लड़की से था और लड़की के साथ लगातार शारीरिक संभोग के चलते उसको 5 महीने का गर्भ ठहर गया था जिसके बाद खेमचंद ने गोली गर्भपात के लिए लाकर दी जिसको खाने के बाद काफी खून बह जाने के कारण हाइपोवॉलूमिक शॉक के कारण अत्यधिक रक्त रक्त स्त्राव से मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने तत्काल ही अपराध क्रमांक 222 धारा 304, 376 , 313 और 314 आईपीसी के तहत कायम किया था और 1 सितंबर को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था बाद में मृतका के उम्र के संबंध में उसकी स्कूल से दाखिल खारिज पंजी से दस्तावेज प्राप्त किया तो मृतका की उम्र उसकी मौत के दिन 15 साल 9 महीने थी और तब आरोपी खेमचंद के खिलाफ पास्को एक्ट 2012 की धारा 6 भी जोड़ी गई। इस मामले में विशेष अपर सत्र न्यायाधीश किरण थवाईत ने फै सला सुनाते हुए कहा कि इस मामले में अभियुक्त का आशय मृतका की मृत्यु कार्य करने या हत्या करने का नहीं है उसका आशय मात्र मृत का के गर्भ को गिराने का था ताकि मृतका के परिजन तथा समाज के लोगों को उसके प्रेम संबंधों का पता न चले ।

अभियुक्त ने मृत्यु या हत्या कार्य करने के लिए इस उद्देश्य से कोई दवाई नहीं दिया था ऐसी स्थिति में आरोपी को धारा 302 के तहत दोष मुक्त करते हुए धारा 376 (3), 314 और पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी पाते हुए धारा 314 के अपराध में 10 साल की सजा और पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत आजीवन कारावास जो कि आरोपी के शेष जीवनकाल तक के लिए होगी और ?1000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है । इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष अतिरिक्त लोक अभियोजक पंकज नगाइच ने किया।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**मुंगेली।** राजीव गांधी युवा क्लब जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम दुल्लापुर (सो.) कंतेली मुंगेली में 10 एवं 11 को रखा गया है , जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मुंगेली श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि श्रीमान संजीत बनर्जी उपाध्यक्ष जिला पंचायत मुंगेली, अध्यक्षता हेमेंद्र गुरु गोस्वामी अध्यक्ष नगर पालिका मुंगेली रहेंगे , जिसमें प्रमुख रूप से मुंगेली जिले के सभी कबड्डी दल के प्रतिभागी सम्मिलित होंगे । कबड्डी में प्रो कबड्डी का नियम लागू रहेगा । निर्णायक का निर्णय सर्वमान्य होगा। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 151/- शुल्क के साथ अपना नाम दर्ज करा सकते हैं , आयोजन में पहला ईनाम 7001/, दुसरा 5001/ तीसरा 3001/ चैथा ईनाम 1501/ रखा गया है। यह कबड्डी कार्यक्रम खेल मैदान प्राथमिक शाला दुल्लापुर (सो) कंतेली स्कूल प्रांगण में रखा गया है ।

# जीपीएम पुलिस ने लैंगिक समानता लाने निकाली जागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता < पेंड्रा
www.dailypioneer.com




पुलिस मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों को अवसर प्रदान करने एवं पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से (महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के उन्मूलन दिवस के अवसर पर) लैंगिक जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण के निर्देशन एवं अनुभाग अधिकारी पुलिस अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 8-12 -2022 को शासकीय बहु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा के छात्रों एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल पेंड्रा की छात्राओं के द्वारा रैली निकालकर जन समुदाय को लैंगिक समानता, महिलाओं पर हो रही हिंसा, भेदभाव के संबंध में बताया गया साथ ही महिला सुरक्षा संबंधी कानूनी अधिकार, यातायात नियम, साइबर क्राइम, अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी दी गई।

जागरूकता रैली में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा की शिक्षिका श्रीमती पैकरा, श्रीमती एस मरावी ,श्रीमती के वैश्य, श्रीमती के श्रीवास, शिक्षक विनय तिवारी , पीके पालके , भावेश लहरें , विवेक त्रिपाठी , एम एस कवर ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा के व्याख्याता अनिल कुमार शर्मा धरमराज भार्गव, पवन सिंह राठौर, मीना शर्मा ,सहायक शिक्षक कमलेश यादव एवं यातायात प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, उप निरीक्षक अमरनाथ शुक्ला पेंड्रा थाना प्रभारी श्रीमती उषा सोंधिया उप निरीक्षक सेतराम गहीर ,आरक्षक सतीश यादव, महिला सेल प्रभारी सत्या सिंह बिसेन, महिला आरक्षक रेशू गौतम के द्वारा इस गतिविधि का सफल आयोजन किया गया।

## उपचुनाव की तैयारी को लेकर सक्ती कलेक्टर ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2022-23 के लिए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सक्ती जिले के ग्राम लवसरा, ग्राम जेठा और ग्राम सुवाडेरा के सामुदायिक भवनों के मतदान केंद्र का निरिक्षण किया। कलेक्टर ने इन सभी ग्राम के सरपंचों से बात की एवं संबंधित अधिकारियों जल्द से जल्द साफ़ सफाई एवं व्यस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । साथ ही साथ उन्होंने कहा की मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाइए। उन्होंने ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। निरीक्षण में एसडीएम रेना जमील, ऐडम बीरेन्द्र लकड़ा, जॉइंट कलेक्टर पंकज दाहिरे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शतप्रतिशत व्यक्तियों का आयुष्मान भारत कार्ड पंजीयन के लिए कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के शतप्रतिशत व्यक्तियों का आयुष्मान भारत कार्ड के पंजीयन हेतु जिला कलेक्टोरेट स्थित आगर सभाकक्ष में कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) के ग्राम स्तरीय उद्यमियों (व्हीएलई) के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा जनसामान्य को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्डधारक को 05 लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज मिलता है। उन्होंने समस्त व्हीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक व्यक्तियों के घर-घर जाकर उनका आयुष्मान कार्ड बनाएं। ताकि प्रत्येक व्यक्ति को योजना का लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने कार्यशाला में उपस्थित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनाने में व्हीएलई को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। वहीं कलेक्टर ने कार्यशाला में बीपीएम की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले, इस हेतु प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विकासखण्डवार लक्ष्य निर्धारित कर शतप्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने की बात कही। कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) के स्टेट हेड मदन मोहन राउत ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## बांके बिहारी उद्योग में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में स्थित बांके बिहारी उद्योग में काम करने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उद्योग में काम करने वाले अन्य सहकर्मियों ने मृतक युवक को अस्पताल पहुंचाया किंतु तब तक देर हो चुकी थी तथा डॉक्टर ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया है। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने उद्योग प्रबंधन की लापरवाही बताते हुए सवाल उठाए हैं तथा वैधानिक कार्यवाही की मांग कर रहे हैं वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। शव के पोस्टमार्टम के बाद युवक की मौत के कारणों का खुलासा होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों ने मृतक युवक के परिजनों को बताया कि ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है तथा उधोग प्रबंधन कर्मियों के द्वारा युवक को अस्पताल पहुंचाया गया तथा हादसे अन्य लोगो के फोन के माध्यम से सूचना पाकर परिजन भी पहुंच चुके थे। किंतु हादसे के बाद युवक को हॉस्पिटल लाने पर जांच उपरांत डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया है। मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि हादसे की सूचना उद्योग प्रबंधन नहीं दी गई जबकि सहकर्मियों के द्वारा फोन पर मामले की जानकारी दी गई वही उद्योग प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कई सवाल खड़े किए हैं।

# हत्या के प्रयास मामले का फरार आरोपी चंद्रपुर में हुआ गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



इंजीनियर पर रॉड से प्राणघातक हमला कर लंबे समय से चंद्रपुर से छुपकर रहने वाले आरोपी को चक्रधर नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर थाने लेकर आई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाने के हत्या के प्रयास मामले के लंबित अपराध के फरार आरोपी नारायण प्रसाद उरांव की पतासाजी के लिए स्टाफ एवं मुखबिर लगाया गया था। इसी बीच थाना प्रभारी को आरोपी नारायण उरांव के चंद्रपुर में छिपकर रहने की सूचना मिली जिस पर उनके द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर थाने से पुलिस टीम चन्द्रपुर भेजकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी एसकेएस कंपनी के साइट इंजीनियर पर रॉड से हमला कर फरार था। घटना की रिपोर्ट अगस्त माह में थाना चक्रधरनगर में आहत अमित कुमार सिंह द्वारा दर्ज कराया गया था। 10 अगस्त को घटना के आहत अमित कुमार सिंह पिता राजेंद्र सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी आजाद नगर उर्रहाट रीवा थाना समान चौकी जिला रीवा मध्य प्रदेश वर्तमान पता एस0के0ए0 कैंप जामगांव द्वारा थाना चक्रधरनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि एसकेएस कंपनी में साइड इंजीनियर का कार्य विगत 2 माह पूर्व से कर रहा है।

## सुपोषण अभियान के बेहतर क्रियान्वयन हो

# पीएम आवास के कार्य में तेजी लाने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने 09 दिसम्बर को महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सीडीपीओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक कर उन्हें सुपोषण अभियान के बेहतर क्रियान्वयन पर विस्तार से दिशा-निर्देश देते हुए बेहतर काम करने के लिए उत्साह वर्धन किया। उन्होंने बैठक में कहा कि सुपोषण अभियान से जुड़े सभी विभागों के समन्वित प्रयास से सक्ती जिले में कुपोषण की दर घटनी चाइए। इसी समन्वय के साथ जिले को कुपोषण मुक्त बनाने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी में बच्चों को गरम भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण आहार में अंडा, रेडी टू इट दिए जा रहे हैं, जो प्रभावी साबित हुए हैं। बच्चों के परिजनों को भी पोषण युक्त आहार की जानकारी दें और उसका पालन करने प्रेरित करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सक्ती जिले के सभी ब्लॉक का डेटा देखा और कहा कि गलत डेटा बिलकुल भी बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा की डभरा ब्लॉक का डेटा काफ़ी निराशाजनक है, वहाँ के सीडीपीओ को ग्राउंड पे जाकर काम करने के निर्देश दिये। मीटिंग के दौरान उन्होंने कहा की ब्लॉक में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो वे सीधा एसडीएम से मिल कर उस समस्या निराकरण करे। कलेक्टर पन्ना ने कहा कि आगामी समय में कार्ययोजना के अनुसार कुपोषित की श्रेणी में चिन्हांकित बच्चों के घरों में जाकर जानकारी दे। इनकी ग्रोथ की समुचित निगरानी निर्धारित की जाएगी और विभिन्न पर्वो पर टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

बैठक में पोषण पुनर्वास केन्द्रों, सुपोषण अभियान तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता तथा सहायिका नियमित उपस्थित रहे, केन्द्रों में साफ-सफाई, पानी, शौचालयों की अच्छी व्यवस्था हो, बच्चों तथा उनके परिजनों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करें। इस मीटिंग के दौरान एसडीएम रजनी भगत, एसडीएम रेना जमील, एसडीएम दिव्या अग्रवाल, सभी ब्लॉक के सीडीपीओ, सीएमएचओ सक्ती, और सुपरवाईज़र्स उपस्थित रहे।

## कलेक्टर नूपुर ने किया एनएच रेलवे ओवर ब्रिज सकरेली का निरीक्षण

**सक्ती।** सक्ति कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने 08 दिसम्बर को रेलवे ओवर ब्रिज सकरेली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश ठेकेदारों को दिए। ब्रिज के 22 पिलर में 14 पिलर तैयार हो चुके है। उन्होंने कार्य में तेजी लाने के साथ ही साथ मानव संसाधन बढ़ाने के निर्देश देते हुए ब्रिज की सारी जानकारी ली।

## आकस्मिक मृत्यु प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** सक्ती कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आकस्मिक आपदा में मृत्यु प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 व 4 के तहत् चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के तहसील डभरा के ग्राम गोबरा जिला सक्ती निवासी मृतक स्व. तनमय को सर्प के काटने की वजह से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस मृतक की माता अमरिका भारद्वाज पति लुकुस कुमार भारद्वाज को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 व 4 के तहत चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# डंडे से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



मामूली बात पर डंडे से पीट-पीटकर पत्नी को मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेडीमुडा(अ) के सुवासुपारा में रहने वाला भगत राम अगरिया (50 वर्ष) उसकी पत्नी दिलो बाई अगरिया (45 साल) को केवल इतनी सी बात पर डंडे से मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया क्योंकि उसके मना करने के बावजूद उसकी पत्नी पड़ोस के घर टमाटर मांगने जा रहा थी। घटना की सूचना के तत्काल बाद रात में ही लैलूंगा पुलिस सुवासुपारा में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया जिसे कल न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को घटना के संबंध में सूचना मिली, जिस पर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया। एसपी अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन एवं सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर तत्काल थाना प्रभारी लैलूंगा हमराह स्टाफ के साथ घटना ग्राम भेडीमुडा (अ) सुकवासुपारा पहुंचे। मृतिका के ससुर इन्दरसाय अगरिया (उम्र 73 साल) बताया कि 06 दिसंबर की रात्रि बहू दिलो बाई अपने पति को चटनी बनाने के लिए पड़ोसी के यहां टमाटर मांगने के लिए जा रही हूं बोली जिस पर बेटा भगतराम विश्वकर्मा उसकी पत्नी को मना किया।

# कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला अस्पताल, एसडीएम, तहसील कार्यालय सहित विभिन्न स्थलों का किया औचक निरीक्षण, लिया व्यवस्थाओं का जायज़ा

## कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी वृद्धाश्रम का नियमित निरीक्षण कर करा रहे हैं जरूरी सुविधा मुहैया

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com







जिला मुख्यालय के कार्यालयों में शुक्रवार को उस समय हड़कम्प मच गया, जब कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला अस्पताल, एसडीएम व तहसील कार्यालय, कृष्ण कुंज, वृद्धाश्रम और ईवीएम रूम का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर शर्मा ने जिला चिकित्सालय के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में ओपीडी कक्ष, आईसीयू कक्ष, महिला-पुरूष मरीज वार्ड, शिशु वार्ड ब्लड बैंक सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा। उन्होंने मरीजों से ईलाज एवं दवाईयों आदि के समुचित उपलब्धता के साथ-साथ शौचालयों की साफ-सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से मरीजों को दी जाने वाली नाश्ता एवं भोजन आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को नया मेन्यू के आधार पर ही भोजन एवं नाश्ता प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम शीतल बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उईके, सिविल सर्जन आर.के.श्रीमाली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**पोषण पुनर्वास केन्द्र में पहुँचकर व्यवस्थाओं का किया पड़ताल**

कलेक्टर शर्मा ने महिला वार्ड में पहुँचकर वहाँ भर्ती मरारपारा बालोद के मरीज जमीला बेगम से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा। जमीला बेगम ने बताया कि उन्हें नाश्ते में पोहा मिला है तथा प्रतिदिन मेन्यू के अनुसार मरीजों को अच्छा भोजन दिया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर ने सर्जिकल वार्ड, आपातकालीन कक्ष, आइसोलेशन वार्ड आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन बर्न यूनिट के प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा अधिकारियों को इसका शीघ्र निर्माण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने ब्लड बैंक में पहुँचकर वहाँ उपस्थित कर्मचारियों से ब्लड बैंक में रखे ब्लड की मात्रा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रेयर ब्लड ग्रुप वाले तथा आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तत्काल ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने इस संबंध में की गई व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। डॉक्टरों ने बताया कि आपात स्थितियों में मरीजों का रैपिड टेस्ट कराकर आधे घंण्टे में खून की जॉच कर उन्हें ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाती है।

कलेक्टर ने कहा कि रक्त दान हेतु महीने में एक दिन कैम्प लगाकर लोगों को रक्त दान के लिए प्रेरित कराई जाए। जिससे कि अस्पतालों में समुचित मात्रा में ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इस दौरान कलेक्टर ने आइसोलेशन वार्ड एवं 100 बिस्तर शिशु अस्पताल के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। वहाँ स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र में पहुँचकर व्यवस्थाओं का पड़ताल किया।

**कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की ली जानकारी**

कलेक्टर शर्मा ने तहसील कार्यालय बालोद का औचक निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने तहसीलदार कोर्ट, नायब तहसीलदार कोर्ट में राजस्व प्रकरणों का अवलोकन किया और सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डायवर्सन, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, खाता विभाजन के प्रकरणों के निराकरण की भी जानकारी ली और नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया और प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय परिसर में साफ-सफाई और बेहतर व्यवस्था बनाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर शर्मा ने इस दौरान सी-मार्ट के समीप स्थित स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। उन्होंने वहाँ उपलब्ध निर्वाचन से जुड़ी सामग्रियों एवं मशीनों तथा स्ट्रांग रूम में सुरक्षा हेतु लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**बुजुर्ग महिलाओं को दी गई जरूरी दवाईयाँ**

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय बालोद स्थित सुखाश्रय वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों की समुचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। राजस्व विभाग के अधिकारियों के अलावा समाज कल्याण तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नियमित रूप से सुखाश्रय वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर बुजुर्गों के निवास, भोजन, मनोरंजन आदि के अलावा समय पर ईलाज की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करा रहे हैं। सुखाश्रय वृद्धाश्रम में निवासरत महिला श्रीमती जानकी बाई सहित चार बुजुर्ग महिलाओं के आंख में तकलीफ होने पर तत्काल उसे जिला चिकित्सालय में लाकर नेत्र विशेषज्ञ के द्वारा उसका उपचार कराया गया। नेत्र विशेषज्ञ के द्वारा उपचार करने के पश्चात इन बुजुर्ग महिलाओं को जरूरी दवाईयाँ भी दी गई। उल्लेखनीय है कि बुजुर्ग महिला जानकी बाई के आंख का पूर्व में आपरेशन हो चुका है। इसके साथ ही साथ में अस्पताल आए 3 बुजुर्ग महिलाओं को मोतियाबिंद है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन ने बताया कि इन तीनों महिलाओं का मोतियाबिंद पकने के पश्चात् इनका ऑपरेशन एवं समुचित उपचार किया जाएगा।

# लंदन के प्रोफेसर योगेश का आईआईएम रायपुर में हुआ व्याख्यान डिजीटल मार्केटिंग और आर्टिफिशियल इंटलीजेंस पर किया मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



देश के जाने-माने रिर्सचर, एनआरआई प्रोफेसर योगेश के द्विवेदी का भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर, आइआइएम में विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर व्याख्यान हुआ। द्विवेदी फिलहाल ब्रिटेन लंदन में हैं तथा आइजेआइएम के संपादक हैं। उन्होंने अपने उदबोधन में बताया कि एक गुणवत्ता युक्त शोध लेख कैसे तैयार करें ताकि जर्नल डेस्क की अस्वीकृति से बचा जा सके. कोई भी शोध लेख जमा करने के पहले जांच लें कि वह अच्छी समीक्षा और जांच से गुजरा है कि नही अन्यथा शोध लेख अस्वीकृत होने पर बेहद निराशा होती है।

संपादक के लिए भी काफी समय देना होता है. इसी तरह एक श्रेष्ठ जर्नल तैयार करने के लिए शोधकर्ता को कई चरणों से गुजरना होता है. अगर यह सही प्रक्रिया है तो आपका शोध लेख पठनीय और सराहनीय होगा। द्विवेदी ने शोध आलेख लेखन की प्रक्रिया को चरणबद्ध से समझाया और अपने शोधपरक अनुभवों से विद्यार्थियों को जागरूक और लाभान्वित किया। उन्होंने आइआइएम के प्रोफेसर और रिर्सच स्कॉलर की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया. रायपुर के बाद द्विवेदी ने भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद तथा मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट एमडीआई गुड़गांव दिल्ली में भी लेक्चर दिया तथा विद्यार्थियों और अध्यापकों का मार्गदर्शन किया. आइआइएम रायपुर की ओर से प्रोफेसर योगेश के द्विवेदी का स्वागत प्रोफेसर सुमीत गुप्ता, प्रोफेसर संजीव पाराशर, डॉ.जीतेश, प्रो.अनुभा इत्यादि ने किया। मालूम होवे कि आइआइएम में दो दिनों की अंतराष्ट्रीय वर्कशॉप भी आयोजित की गई थी जिसमें कई प्रोफेसर विद्वानों ने हिस्सा लिया. योगेश के. द्विवेदी डिजिटल मार्केटिंग और इनोवेशन के प्रोफेसर हैं और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, स्वानसी यूनिवर्सिटी, वेल्स, यूके में इमर्जिंग मार्केट्स रिसर्च सेंटर के संस्थापक निदेशक हैं। इसके अलावा, वह सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (एसआईबीएम), पुणे, भारत में एक प्रतिष्ठित शोध प्रोफेसर हैं. प्रोफ़ेसर द्विवेदी वर्तमान में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट के प्रधान संपादक के रूप में भी नेतृत्व कर रहे हैं।

# भारत में रियलमी 10 प्रो सीरीज़ का अनावरण हुआ, नंबर सीरीज़ में यूज़र्स के लिए सर्वश्रेष्ठ आधुनिक विशेषताएं केवल 17,999 रु. के शुरुआती मूल्य में पेश कीं

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड और सबसे भरोसेमंद टेक ब्रांड, रियलमी ने अपने लेटेस्ट यूथ फ्लैगशिप स्मार्टफोंस - रियलमी 10 प्रो.5जी और रियलमी 10 प्रो 5जी के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी 10 प्रो सीरीज़ 5जी को उत्कृष्टता के साथ बनाया गया है। इसमें अद्भुत डिस्प्ले, फ्लैगशिप कैमरा, शक्ति शाली 5जी प्रोसेसर है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस प्रदान करता है। इसमें बॉक्स में रियलमी यूआई 4.0 मिलता है। अपनी नंबर सीरीज़ में नए उत्पाद के साथ रियलमी एक बार फिर यूज़र्स को ज्यादा आधुनिक व संपूर्ण अनुभव प्रदान कर रहा है, और मिड से लेकर हाई एंड सेगमेंट में अपनी पहुँच का विस्तार कर रहा है। लॉन्च के बारे में श्री माधव शेठ, सीईओ, रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी, और प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिज़नेस ग्रुप ने कहा, "रियलमी नंबर सीरीज़ भारत और विश्व में हमारे यूज़र्स द्वारा सबसे ज्यादा पसंद की गई सीरीज़ है। यूज़र्स को ज्यादा आधुनिक टेक्नॉलॉजी प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ हमने हमेशा नंबर सीरीज़ के हर उत्पाद में ज्यादा आधुनिक विशेषताएं प्रदान की हैं, जो अपने मूल्य वर्ग में सर्वश्रेष्ठ हैं। रियलमी 10 प्रो सीरीज़ 5जी के साथ हमारा उद्देश्य नंबर सीरीज़ में बाजार की सर्वोत्तम विशेषताएं पेश करना और यूज़र्स को प्रीमियम फीचर्स प्रदान करना है। इन दोनों स्मार्टफोंस में फ्लैगशिप लेवल का डिस्प्ले और शक्ति शाली 5जी प्रोसेसर है, जो भारत में 5जी को जनसमूह तक पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# इंदौर इन्फोलाइन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नेशनल एक्सपो का आयोजन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com








नेशनल एक्सपो में पूरे भारत से बड़े उद्योगों से संबंधित 120 कंपनियों ने अपने स्टाल लगाए हैं, पार्किंग एवं निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था इंदौर इन्फोलाइन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित 9 से 11 दिसंबर तक होने वाले नेशनल एक्सपो का उद्घाटन शुक्रवार को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में जी आर ग्रुप के चेयरमैन रमेश अग्रवाल एवं उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर एमएसएमई के निदेशक राजीव कुमार, रायपुर इलेक्ट्रिकल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम महेश्वरी, इंदौर इन्फोलाइन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजकुमार अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। नेशनल एक्सपो के उद्घाटन अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए जीआर ग्रुप के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ और रायपुर के उद्योगपतियों से भी इस प्रदर्शनी को देखने की अपील की है। रमेश कुमार अग्रवाल के अनुसार पिछले 12 वर्षों से इंदौर इन्फोलाइन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा देश के अनेक शहरों में नेशनल एक्सपो प्रदर्शनी और बिक्री का आयोजन कर उद्योगपतियों को उद्योग करने में सहायक सिद्ध हुई है। नेशनल एक्सपो के उद्घाटन अवसर पर एमएसएमई के निदेशक राजीव कुमार ने उद्योगों को सरकारी योजनाओं और सब्सिडी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से उद्योगपतियों को आधुनिक एवं नए-नए उत्पादन के साथ-साथ आविष्कार की जानकारियां अपने नजदीक मिल जाती हैं। उरला इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने कहा कि उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन नेशनल एक्सपो का पिछले 12 वर्षों से सहयोगी है, इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ के उद्योगों को ऑटोमेशन और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिली है। रायपुर इलेक्ट्रिकल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम महेश्वरी ने रायपुर छत्तीसगढ़ के सभी डीलरों और वितरकों से एक्सपो में शामिल होकर देशभर उद्योगों से संबंधित स्थलों में पहुंचकर उत्पाद देखने और समझने की अपील की है ताकि उनके उद्योगों को और भी लाभ मिल सके। इंदौर इन्फोलाइन के प्रबंध निदेशक और आयोजक आरके अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों से अपील की है कि वे अपने वरिष्ठ प्रबंधकों, तकनीकी कर्मचारियों, परचेज मैनेजर के साथ इस प्रदर्शनी में आकर देशभर के औद्योगिक उत्पाद करने वाले उत्पादनो के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो उनके उद्योग में सहायक होगा।

इंदौर इन्फोलाइन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित नेशनल एक्सपो सुबह 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे के बीच 9 - 10 एवं 11 दिसंबर तक रहेगा। नेशनल एक्सपो में पहले दिन हजारों लोगों ने पहुंचकर सभी doms में उत्पादों का अवलोकन किया। तीन दिवसीय इस नेशनल एक्सपो में 10 से 12 हजार लोगों के आने की उम्मीद आयोजकों ने की है।

# श्री रावतपुरा सरकार विवि में हुआ प्लेसमेंट छात्र हुए बंधन बैंक के लिए चयनित





पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए बंधन बैंक द्वारा प्लेसमेंट का अवसर प्राप्त हुआ। प्लेसमेंट का आयोजन 6 दिसंबर मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया था। जिसमें विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) के छात्र सुरेंद्र निषाद एवं अक्षय कुमार साहू का चयन एरिया मैनेजर के पद पर चयन हुआ। बता दें विश्वविद्यालय द्वारा वे सभी उम्मीदवार छात्रों के लिए भी पूल प्लेसमेंट का अवसर था। जो यूजी और पीजी की पढ़ाई कर चुके है और बाहर से आए कई छात्रों का भी चयन हुआ। विश्वविद्यालय परिसर में बंधन बैंक के हेड-बिजनेस एचआर पार्टनर दिलीप कुमार मित्रा, सीनियर एचआर बिजनेस पार्टनर आत्रयी सेनगुप्ता एवं डिविजनल मैनेजर चिंता हरण मंडल ने प्री-प्लेसमेंट प्रस्तुति, समूह चर्चा, व्यक्ति गत साक्षात्कार के माध्यम से प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी की गई। रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जे. के. उपाध्याय, विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति प्रो डॉ. एस. के सिंह, कुलसचिव प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने छात्रों को प्लेसमेंट के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 100वां शोरूम के साथ सिम्पोलो भारतीय सिरेमिक उद्योग में सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रीमियम ब्रांड

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




सिम्पोलो सेरामिक्स भारत में सिरैमिक उद्योग में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला प्रीमियम ब्रांड है। ब्रांड ने अपने उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम गुणवत्ता के शानदार डिजाइन पेश करके कई गुना वृद्धि की है। सिम्पोलो इटालियन सिरेमिक बाजार से प्रेरित है और नवीनतम अत्याधुनिक तकनीकों से बनी टाइलें बनाने की पहल करने वाला पहला सिरेमिक ब्रांड है। सिम्पोलो सेरामिक्स ने अपने व्यवसाय का विस्तार किया और कर्नाटक (विजयपुरा) में 5400 वर्ग फुट से अधिक के क्षेत्र में अपनी 100वीं गैलरी लॉन्च की। शोरूम के भव्य उद्घाटन पर श्री भरत अघरा (सीएमओ) ने साझा किया कि सिम्पोलो अगले 2 वर्षों में महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्रों में 100 और शोरूम खोलने की योजना बना रहा है। सिम्पोलो ग्राहक के अनुभव को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है जिसमें उत्पादों के 360 डिग्री दृश्य में तत्काल दृश्य के साथ लाइव डिस्प्ले मॉकअप और क्यूआर कोड की स्कैनिंग शामिल है, इस प्रकार ग्राहक को उत्पाद को जल्दी से अंतिम रूप देने में मदद मिलती है। शोरूम में सिम्पोलो के सबसे अधिक बिकने वाले उत्पाद जैसे 1200×2400 ड्राई ग्रेनुला फर्स्ट क्लास के साथ 1200×1800 पॉश सरफेस के साथ बाहरी अनुप्रयोगों के लिए 16 मिमी रॉकडेक श्रृंखला, किचन टॉप, डबल चार्ज और ग्लेज़ेड विट्रिफाइड टाइलें, दीवार टाइलें आदि प्रदर्शित हैं।

**सिम्पोलो विट्रिफाइड प्राइवेट लिमिटेड के बारे में :-**
सिम्पोलो विट्रिफाइड, 2008 में स्थापित, भारत में प्रीमियम टाइल्स सेगमेंट में मार्केट लीडर्स में से एक है। सिम्पोलो ग्रुप की शुरुआत 1977 में रूफटाइल उत्पादों के साथ हुई और 1991 में सैनिटरीवेयर व्यवसाय में सिम्पोलो ब्रांड के माध्यम से प्रवेश किया। सिम्पोलो अब टाइल्स और सैनिटरीवेयर सेगमेंट में प्रीमियम उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति और वितरण के व्यवसाय में लगा हुआ है। कंपनी 50 से अधिक देशों में निर्यात के साथ 1100 से अधिक डीलरों के नेटवर्क के माध्यम से भारत और भारत के बाहर बिल्डरों, वास्तुकारों और घर के मालिकों को अपने उत्पाद प्रदान करती है।


## न्यायालय जिला दण्डाधिकारी रायपुर

**नोटिस**

क्रमांक/275/ब-121/2021-22/288 रायपुर, दिनांक 21 नवम्बर, 2022

प्रति,
1. श्री जर्नादन बिस्वाल व संता बिस्वाल
2. श्रीमती शुभास्मिता बिस्वाल पति जर्नादन
निवासी म.नं. 461 हर्षित विहार कालोनी उरकुरा बिरगांव जिला रायपुर

----

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी आवास फायनेनसर्स लिमिटेड जिला रायपुर की ओर से पीयुष अग्रवाल अधिवक्ता ने आवेदन पत्र / शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन पत्र से आपको कंपनी ने 12.50,000.00 रूपये का ऋण दिया था, और श्रीमती शुभास्मिता बिस्वाल के स्वामित्व की अचल संपत्ति कंपनी के पक्ष में बंधक रखी गयी है आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण कंपनी ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 13,14,595.00 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति कंपनी अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर कंपनी के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी आवास फायनेनसर्स लिमिटेड जिला रायपुर से 12,50,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा उरकुरा, प.ह.नं.108 वार्ड नं. 29 रायपुर स्थित ख.नं. 77/102 प्लाट नं. 125 कंपनी के पक्ष में बंधक रखा गया है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 26.12.2022 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 21 नवम्बर, 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जिला दण्डाधिकारी रायपुर



## न्यायालय नायब तहसीलदार मर्दापाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202205200800001/अ-6/2021-22
मौजा-खोड़सानार, तहसील-मर्दापाल

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलराम पिता राजू, उम्र-53 वर्ष, जाति-मुरिया, निवासी ग्राम-खोड़सानार, तहसील मर्दापाल, जिला-कोण्डागांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के चाचा कोला उर्फ सिंगलू पिता कोहला के नाम से ग्राम खोड़सानार, प.ह.नं.-43 मूलनार, रा.नि.मं.-मर्दापाल, तहसील मर्दापाल, जिला-कोण्डागांव में भूमि खसरा नंबर योग 04 कुल रकबा 1.5780 हेक्टेयर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के चाचा कोला उर्फ सिंगलू पिता कोहला की मृत्यु दिनांक 03.10.2017 को हो चुका है। कोला उर्फ सिंगलू पिता कोहला जो कि अविवाहित/निःसंतान था। आवेदक उक्त खाते से फौती नाम खारिज कर आवेदक अपना नाम एवं अनावेदक गणों का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, आपसी सहमत से बंटवारा किया हुआ नकल की प्रति एवं बी-1, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पर यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना है तो वह अपना दावा या आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 15.12.2022 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मर्दापाल



## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
## PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, **C.G.P.W.D.** for Form "A" (Percentage Rate Tender) **in new Registration system (unified Registration system)** for the following work:-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 19/SE E/M/2022-23 (I Call) System Tender No. 116597 Registered contractor Class in "D" & above | Providing Shifting of 11KV/LT Line & X-mer DP on road at Risama to Matwari 1.90 KM Distt-Durg (C.G.) | **Rs. 22.10 Lacs** | 27-12-2022 |

Note :-
The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in.** Only those contractor/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

G-96559/2



## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा।जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है । अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे।ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060117806631, भूषण जायसवाल (ऋणी), दरसराम जायसवाल (सहऋणी) | 07-नवम्बर-22 ₹ 1,97,434/- एक लाख सतानवे हजार चार सौ चौंतीस रूपये मात्र 05-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत 59, 1 मध्य जांजगीर चम्पा मालखारोडा, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 339.11 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060116688482, सोमप्रकाश (ऋणी), इन्द्रावती (सहऋणी), रिषी कुमार (सहऋणी) | 07-नवम्बर-22 ₹ 2,96,965/- दो लाख छियानवेहजार नौ सौ पैंसठ रूपये मात्र 05-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत 831, जिला धमतरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 3000 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060118174090, जय मां बगलामुखी ट्रेडर्स (ऋणी), प्रमिला सिंह (सहऋणी), उमेश चन्देल (सहऋणी) | 07-नवम्बर-22 ₹ 11,51,205/- ग्यारह लाख इक्यावन हजार दो सौ पांच रूपये मात्र 05-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में अर्द्धशहरी एवं ग्रामीण 5 3284/3 कोसा, जांजगीर चम्पा, पामगढ, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 5658 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060820483629, सोमप्रकाश (ऋणी), रिषी कुमार (सहऋणी), इन्द्रावती (सहऋणी) | 07-नवम्बर-22 ₹ 5,87,582/- पांच लाख सतासी हजार पांच सौ बयासी रूपये मात्र 05-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 831, बेलारदोना, धमतरी, मगरलोद, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 333.46 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060114536952, संतोष शर्मा (ऋणी), श्रीमती रामवती शर्मा (सहऋणी) | 11-नवम्बर-22 ₹ 12,65,245/- बारह लाख पैंसठ हजार दो सौ पैंतालीस रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 161 आरआईसी नवापारा सर्वे नं. 705/4-6, वार्ड नं. 7 पानी की टंकी के पास, गोबरा नवापारा, तहसील आभानपुर, जिला रायपुर, राज्य छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 933 वर्गफीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060115303129, किशन लाल साहू (ऋणी), दीपक साहू (सहऋणी) | 11-नवम्बर-22 ₹ 10,49,768/- दस लाख उनचास हजार सात सौ अडसठ रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पिथोरा महासमुंद 152 1 2 3 पीएच 12 22 वार्ड नं. 7 पिथोरा, महासमुंद, पिथोरा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2455 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060123920368, टीकम सिंह सोनवानी (ऋणी), गौतम सोनवानी (सहऋणी) | 11-नवम्बर-22 ₹ 8,36,821/- आठ लाख छत्तीस हजार आठ सौ इक्कीस रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 929 पीएच नं. 09 का भाग, आरएनएम सिरपुर ग्राम अचानकपुर, महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 367.04 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060722411404, मनीराम कैवरत (ऋणी), श्रीमती प्रमीला बाई कैवरत (सहऋणी) | 11-नवम्बर-22 ₹ 23,14,419/- तेइस लाख चौदह हजार चार सौ उन्नीस रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में अर्द्ध शहरी एवं ग्रामीण पीएच नं. 37, खसरा नं. 206 आरएनएम मस्तूरी बिलासपुर, मस्तूरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 729.55 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060819872295, राजेश कोटंगाले (ऋणी), आशा कोटंगाले (सहऋणी) | 11-नवम्बर-22 ₹ 2,10,020/- दो लाख दस हजार बीस रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में अर्द्ध शहरी एवं ग्रामीण पीएच नं. 35 खसरा नं. 188 7 पीएच नं. 35 का भाग, बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 33.33 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060118795282, लखन लाल (ऋणी), निराशा कश्यप (सहऋणी), ब्यास कश्यप (सहऋणी) | 11-नवम्बर-22 ₹ 2,99,750/- दो लाख निन्यानवे हजार सात सौ पचास रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत 841/1 मध्यम जांजगीर चम्पा नवागढ, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 382.71 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060119314629, बाबा सेल्स एण्ड सर्विसेज (ऋणी), दिलशाद खान (सहऋणी), मुखताज अहमद खान (सहऋणी) | 11-नवम्बर-22 ₹ 4,78,122/- चार लाख अठहत्तर हजार एक सौ बाईस रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम 199/48 रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 700 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060125589430, शेख मोबिन (ऋणी), उमे सलामा (सहऋणी), श्रीमती महलखा बेगम (सहऋणी), शेख (सहऋणी) | 11-नवम्बर-22 ₹ 15,48,080/- पन्द्रह लाख अडतालीस हजार अस्सी रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम इस्लाम मोहल्ला सरायपाली रफेल सरायपाली, महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 493558, क्षेत्रफल 558 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060125057882, ठाकुरराम साहू (ऋणी), सोमनाथ साहू (सहऋणी), श्रीमती तारा बाई साहू (सहऋणी), भानू बाई साहू (सहऋणी) | 11-नवम्बर-22 ₹ 14,59,678/- चौदह लाख उनसठ हजार छः सौ अठहत्तर रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत मकान नं. भोथीदीह बुरखा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ 493661 क्षेत्रफल 2350 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060121154931, मनोज टेलर्स (ऋणी), तुलसी राम देवांगन (सहऋणी), हेमन्त कुमार देवांगन (सहऋणी), गोविन्द राम (सहऋणी), सोबिन्द राम देवांगन (सहऋणी) | 11-नवम्बर-22 ₹ 7,87,919/- सात लाख सतासी हजार नौ सौ उन्नीस रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम सीमा में खसरा नं. 996/3 वार्ड नं. 12 कांकेर चरमा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 121.04 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060100215051, राजेश कोटांगले (ऋणी), श्रीमती आशा कोटांगले (सहऋणी), करण कोटांगले (सहऋणी), दिलीप ओगले (गारंटर) | 15-नवम्बर-22 ₹ 2,59,394/- दो लाख उनसठ हजार तीन सौ चौरानवे रूपये मात्र 10-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित मौजा तालपारा पीएच नं. 35 आर एन एम बिलासपुर ब्लॉक बिलाह वार्ड नं. 13 रानी लक्ष्मी बाई नगर तालापाडा तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ क्षेत्रफल 375 वर्गगज |

दिनांकः 09-12-2022
स्थानः छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

# 50 प्रतिशत के छूट के लालच में फंसे ग्राहक, अम्मन ट्रेडर्स के संचालक रकम समेट कर फरार, पुलिस ने ठगों को भागने का दिया भरपूर मौक़ा

## पंद्रह साल पहले दिसंबर माह में ही फरार हुए थे आगरा ट्रेडर्स वाले, आधी रकम में समान के लिए 12 दिन पहले जमा करवाई जा रही रकम

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पैसे जमा करवा कर 12 दिनों बाद 50 प्रतिशत छूट के साथ समान बेचे जाने की आड़ में ठगी की आशंका के चलते शहर में संचालित अम्मन ट्रेडर्स एंड आर्डर सप्लायर्स के संचालक से पुलिस ने पूछताछ की थी और साधारण सी पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया था लेकिन अब इसके दो दिन बाद ही पूरे मोहल्ले सहित आसपास के लोगों का पैसा समेट कर बीते शुक्रवार को अम्मन ट्रेडर्स के संचालक फरार हो चुके हैं और अब पुलिस प्रशासन केवल लकीर पीट रहा है । मामला तुलसीपुर इलाके का है। यहां हैदराबाद का एक शख्स अमन ट्रेडर्स एंड आर्डर सप्लायर्स के नाम से पिछले दस पंद्रह दिनों से दुकान का संचालन कर रहा था । गुरूवार को बाजार बंद होने की वजह से उसके बंद होने पर लोगों का ध्यान नहीं गया लेकिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे दुकान ना खुलने पर जब उनके घर पर पता लगाया गया तो वो वहां भी नहीं थे जिसके बाद आसपास के लोग जिन्होंने पैसा जमा किया था उनका जमावड़ा लगने लगा और धीरे धीरे क्षेत्र का माहौल खराब होने लगा।



### शिकायत मिलने पर की जायेगी कार्यवाही : अमित पटेल

इस मामले को लेकर पायनियर से चर्चा के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल ने कहा कि अब तक किसी भी व्यक्ति की कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है । शुक्रवार की सुबह सूचना मिलने पर पुलिस टीम वहां पहुंची और भीड़ को हटाया । यदि शिकायत मिलती है तो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उचित कार्यवाही की जायेगी ।

बताया जा रहा है सुबह साढ़े दस बजे के आसपास ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को इस बात की सुचना दी लेकिन पुलिस ने शिकायत करने की बात कर के बात को टाल दिया लेकिन कुछ ही देर बाद ग्राहकों का गुस्सा फूट पड़ा और दूकान का ताला तोड़ कर लोग अपना अपना सामान निकाल कर ले जाने लगे । जब माहौल बहुत खराब हुआ तब पुलिस पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की । महज 12 दिनों में रकम दोगुना मिलने के झांसे में आकर सैकड़ों लोगों ने दुकानदार को अपनी गाढ़ी कमाई सुपुर्द कर दी। अम्मन ट्रेडर्स के संचालक ने कुछ ही दिनों में बड़ी तादाद में ग्राहक बना लिए थे ।

तुलसीपुर समेत शहर के अलग-अलग मोहल्लों के लोगों ने सामान खरीदी के लिए रकम जमा कराए गए थे। जिसमें महंगे सोफा सेट, टीवी, फ्रीज व अन्य घेरलू उत्पाद शामिल हैं । बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट में दुकानदार ने कारोबार करने संबंधी रियायत के लिए अर्जी दाखिल की थी और इसी आधार पर उसे छोड़ दिया गया था ।

लालच में फंसे लोगों ने बड़े पैमाने पर राशि निवेश कर दी। जिसमें कुछ लोगों ने महीनेभर का तनख्वाह और उधार लेकर भी निवेश किया। इसमें कुछ महिलाओं ने वैवाहिक आयोजन के लिए जरूरत के सामानों की बुकिंग कर दी। जिसके लिए दुकानदार को रकम दिया गया। दुकानदार ने भरोसा जीतने के लिए बकायदा लोगों को रसीद भी दी। इस आधार पर लोग पुलिस से दुकानदार की तलाश कर रकम वापस दिलाने की मांग कर रहे हैं।

### पंद्रह साल पहले के ठगी के पैटर्न को नहीं पकड़ पाई पुलिस

गौरतलब है कि पंद्रह वर्ष पहले सन 2006 में तुलसीपुर मेन रोड में ही आगरा ट्रेडर्स के नाम से इसी तरह के दूकान का संचालन कुछ लोगों द्वारा किया जा रहा था जो लगभग तीन महीने कारोबार कर के स्थानीय लोगों का लाखों रुपये लेकर फरार हो गए थे और बीते शुक्रवार ठीक उसी पैटर्न में शहर में इस तरह की घटना हो गई । दोनों ही मामलों में कुछ चीजें बहुत सामान्य है जिसके पैटर्न को आपके सामने सिर्फ पायनियर रख रहा है । पुराने डिटेल्स को खंगाला जाए तो अब से पंद्रह साल पहले दिसंबर माह के एक तारीख को ही आगरा ट्रेडर्स वाले फरार हुए थे और दिसंबर माह में ही अम्मन ट्रेडर्स वाले भी फरार हुए । आगरा ट्रेडर्स वालों ने भी तुलसीपुर क्षेत्र को ही टारगेट किया था और वहां से महज कुछ मीटर दूर इस बार अम्मन ट्रेडर्स वालों ने आम जनता को ठगने का काम किया । यदि शुरूआती पूछताछ में ही पुलिस कड़ाई करती और मामले की गंभीरता को समझती तो शायद ठग सफल नहीं हो पाते ।

### पायनियर ने किया था आगाह ,आयुक्त की अपील नहीं आई काम , लालच में फंसे लोग


आधी रकम में समान के लिए 12 दिन पहले जमा करवाई जा रही रकम, पुलिस ने संचालक से की पूछताछ

अम्मन ट्रेडर्स के विषय में ज्ञात होते ही पायनियर ने अपनी खबर के माध्यम से आम जनता को आगाह भी किया था और नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने भी नागरिकों से अपील करते हुए कहा था कि राशि दुगुना करने या इस प्रकार का लाभ देने विभिन्न संस्था द्वारा प्रलोभन दिया जा रहा है, ऐसे प्रलोभनों से बचें । लेकिन लालच का पर्दा आम जनता की आँखों में पड़ा रहा और अंततः अम्मन ट्रेडर्स के संचालक लोगों के रकम लेकर फरार हो गए । इस मामले में शुरू से पुलिस की भूमिका संदिग्ध ही रही । कांग्रेसी नेता तथागत पांडेय की शिकायत के बाद भी पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया ।

# कांग्रेस ने बच्चों के साथ सोनिया गांधी 76वां जन्मदिन मनाया

## कापी-पेन वितरण कर बच्चों संग जन्मदिन मनाया



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी के 76वें जन्मदिन पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में पूर्व माध्यमिक शाला लखोली वार्ड 32 में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार महासचिव अरुण सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 09 दिसंबर शुक्रवार को सोनिया गांधी जी के 76वें जन्मदिवस पर लखोली के पूर्व माध्यमिक बालक व कन्या शाला में बच्चों के इंटरवल के समय बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर मनाया। इस दौरान एक स्कूली छात्रा अर्पणा गोरी का भी जन्मदिन मनाया गया। तत्पश्चात कांग्रेसजनों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उपहार स्वरूप कापी-पेन का वितरण कर खुशियां मनाई। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा बच्चों को भारत देश में कांग्रेस पार्टी व गांधी परिवार के योगदानों को साझा किया। कार्यक्रम को लेकर वार्ड पार्षद मनीष साहू व महेश साहू सक्रिय रूप से लगे रहे। इस दौरान कमलजीत सिंह पिन्टू, मोहम्मद यहया, आसिफ अली, विजय अग्निहोत्री, अंकालू साहू, मनीष अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल, अयुम खान, रामनाथ निर्मलकर सहित स्कूल प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहे।

### गिरगांव में 11 को लोकदर्शन की प्रस्तुति

**डोंगरगांव नगर।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम गिरगाँव में आगामी 11 नवंबर को मारगांव मंडई के परिप्रेक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। ग्राम विकास समिति, ग्राम पंचायत व राजीव युवा मितान क्लब के सहयोग से रात्रि 8 बजे से संस्कृति विभाग द्वारा प्रदत्त सांस्कृतिक संस्था लोक दर्शन भिलाई की प्रस्तुति होगी।

# चिरचारी कला में विधायक एवं जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में नवीन धान खरीदी केंद्र का शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधानसभा के ग्राम पंचायत चिरकारीकला में नवीन धान खरीदी केंद्र के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गुरूवार को स्थानीय विधायक छन्नी चंदू उपस्थित रहीं । इस मौके पर अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पदम् कोठारी ने की। गौरतलब है कि किसानों की एवं आम जनता की मांग पर खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व् खाद्य मंत्री से नवीन धान खरीदी केंद्र की मांग की थी जिस पर मुख्यमंत्री जी तत्काल मुहर लगाया



जिसे आज मूर्त रूप दिया गया । धान खरीदी केंद्र के शुभारम्भ के बाद अब चिरचारी कला, चोरहा बंजारी, ठाकुर बांधा, मुंजाल पथरी सहित आसपास के किसानों को धान बेचने ज्यादा दूर का सफर तय नहीं करना पडेगा । नवीन धान खरीदी केंद्र के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक छन्नी चंदू साहू एवं जिलाध्यक्ष पदम् कोठारी का भव्य स्वागत कर उनका आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया ।

### 11 को मनाया जायेगा शहीद वीर नारायण बलिदान दिवस

**गंडईपंडरिया।** ग्राम पंचायत चकनार (नर्मदा) में आगामी 11 दिसंबर दिन रविवार को शहीद वीर नारायण सिंह जी का बलिदान दिवस मनाया जायेगा। यह आयोजन तहसील स्तरीय आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के तत्वाधान में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधेश्याम सोरी रिटायर्ड शिक्षक, अध्यक्षता द्वारिका सिंह ठाकुर अध्यक्ष तहसील ध्रुव गोंड समाज गंडई एवं विशेष अतिथि महासिंग मेरावी, गुलाब सिंह छेदैया, रामहू राम ध्रुव, हीरामन कश्यप, ऋषि कश्यप, बेदराम चंद्रवंशी, छबिलाल कश्यप, भरोसा राम मेरावी और ननकु राम ठाकुर रहेंगे। कार्यक्रम में बाईक रैली एवं कलश यात्रा चकनार - गंडई- नर्मदा सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। इस कार्यक्रम में समाज प्रमुख ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने कि अपील की है।

# मौसमी हरी सब्जी तरकारी से बाजार गुलजार

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

महँगाई की चौतरफा मार झेल रहे लोगो के लिए कुछ राहत भरी खबर है। सब्जी-तरकारी जैसे रोजमर्रा के जरूरती चीजो में भी भारी महंगाई त्रस्त परिवारो के लिए रसोई के बजट में काफी सुधार आई है। दरअसल लोकल बाडियों से सब्जी तरकारी की आवक तेज हो जाने से सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई है। हरी सब्जी को लेकर महंगाई का भारी भरकम बोझ ढो रहे संयुक्त परिवारो के भी रसोई में चटकारे के दिन आ गए हैं।

उल्लेखनीय है कि अंचल में डोंगरगांव, अर्जुनी, कुमरदा, कोकपुर व गैंदाटोला को बड़े सब्जी बाजार



के तौर पर माना जाता है। बारहोमास साप्ताहिक बाजार लगने से अंचल के सब्जी उत्पादक व विक्रेताओं को काफी हद तक सुव्यवस्थित बाजार उपलब्ध होती है, वहीं बारिश व गर्म मौसम में औसतन कमतर ही रकबे में सब्जी उत्पादन होती है। लेकिन इन दिनो ठंड मौसम में विशेषकर कन्हारपुरी, अमलीडीह, सुखरी, रातापायली, रूदगांव, तुमड़ीबोड़, बांकल, झिटिया, गोडरी, रेंगाकठेरा, जामसरार, दिवानभेड़ी सहित अंचल के तमाम ग्रामो में मौसमी सब्जी तरकारी का उत्पादन जोरो से हो रहा है, जिससे बाजार में सब्जियों की चौतरफा आवक बनी हुई है। पखवाड़े भर में सब्जियों के दाम में लगभग 25-50 फीसदी गिरावट आई है। अब गृहणियाँ भी मौसमी सब्जियाँ व साथ में सलाद व हरी चटनी परोसते देखी जा सकती हैं।

### सब्जी बाजार में बढ़ी रौनक

सब्जी विक्रेताओं की माने तो आवक में बढ़ोत्तरी से सब्जी के दाम में गिरावट जरूर आई है, लेकिन इससे ग्राहकी में इजाफा भी हुआ है। उल्लेखनीय है कि पखवाड़ेभर में गोभी, परवल, मटर, बरबट्टी, करेला, गवारफल्ली, बैगन, मूली व सेमी जैसी सब्जियों के दाम 25 से 50 फसदी तक कम हुए हैं। वहीं सलाद में मूली, गाजर, धनिया, टमाटर-मिर्च की दरें भी कम हुई है।

# भगवान की प्रतिमा से छेड़छाड़ के मामले में विक्षिप्त महिला हिरासत में!

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के रानीसागर रोड से चौपाटी जाने वाले रोड़ में स्थित भगवान हनुमान की प्रतिमा पर पाकिस्तानी झंडा पहनाने के मामले में पुलिस ने एक विक्षिप्तमहिला को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्र कह रहे हैं कि महिला आसपास ही रहती है और धार्मिक स्थलों पर जाती रहती है। उसके पास से पाकिस्तानी झंडा भी बरामद किए जाने की खबर है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है।

इधर, शहर में इस घटना को लेकर आक्रोश है। गुरुवार की शाम को जैसे ही इसकी जानकारी हिंदू संगठनों को लगी तो वे मंदिर के सामने ही प्रदर्शन पर बैठ गए थे। काफी देर तक यहां चक्काजाम की स्थिति बनी हुई थी। हिंदू संगठनों ने इस मामले में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई और भगवान की प्रतिमा से छेड़छाड़ करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

शुक्रवार की सुबह से इस मामले को लेकर माहौल गर्म है। पुलिस की कथित कार्रवाई और विक्षिप्त महिला को हिरासत में लिए जाने को मामले का दबाने का प्रयास बताया जा रहा है। देर शाम तक हिंदू संगठन महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर में मंत्रणा करते रहे। हिंदू समाज इस मामले में असल आरोपियों की शिनाख्त और कार्रवाई की मांग कर रहा है।

# मिल गया वंदेभारत का स्टॉपेज, भाजपा ने जश्न मनाया

- कांग्रेस ने भी खुशी जताते हुए सांसद पर निष्क्रियता थोप दी

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन अब राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में भी ठहरेगी। कई प्रदर्शन और सियासी बयानबाजी के बीच शुक्रवार को यह खबर सामने आई। दरअसल, सांसद संतोष पांडे ने यह मामला गुरुवार को संसद में उठाया था। शुक्रवार को उन्होंने रेलमंत्री से मुलाकात की और स्टॉपेज के लिए उन्हें तत्काल ही सहमति भी मिल गई। इस फैसले से लोगों को बड़ी राहत महसूस हो रही है। इस खबर के बाद देर शाम भाजपा नेता मानव मंदिर चौक में जुटे और डॉ. रमन





सिंह और सांसद संतोष पांडे को धन्यवाद देते हुए नारेबाजी की। इधर, कांग्रेस ने इस मामले को कुछ और ही बताया है। कांग्रेस की ओर से जारी बयान में प्रवक्ता रुपेश दुबे ने कहा कि, यह तकनीकी मामला है। पहले ही वंदेभारत के इस लाईन में संचालन की तैयारियां अधूरी थी। कांग्रेस के सौंपे ज्ञापन पर ही रेलवे के अधिकारियों ने स्टॉपेज के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया था। कहा गया कि, पहले सामने आई समय सारणी पर ही अगर सांसद संज्ञान लेते तो यह स्थिति ही नहीं बनती। इसके इतर, भाजपाई इस निर्णय को लेकर खुशी जता रहे हैं। देर शाम मानव मंदिर चौक में जुटे भाजपा नेताओं ने झंडा लहराते हुए हाथ में तख्तियां लेकर पूर्व मुख्मयंत्री डॉ. रमन और सांसद संतोष पांडे की पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**संसद में भी उठाया था मुद्दा** : गौरतलब है कि वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव राजनांदगांव स्टेशन में नहीं दिए जाने के मामले को लेकर सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में अपनी बात रखी। प्रश्नकाल के दौरान सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से उक्त ट्रेन के स्टापेज देने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि उक्त ट्रेन के ठहरने से एक बड़ी आबादी को राहत मिलेगी। सांसद ने बताया था कि राजनांदगांव के रियासतकालीन राजा बलरामदास ने रेलवे को मुफ्त में अपनी जमीन उपलब्ध कराई थी। उन्होंने मुफ्त जमीन दिए जाने के दौरान रेल्वे के समक्ष शर्त रखा था कि हर ट्रेन का स्टेशन में स्टापेज देना होगा। सांसद पांडेय ने लोकसभा में पूरजोर तरीके से अपनी बात रखते हुए ट्रेन का स्टापेज देने की मांग की थी।

# कोटरासरार गौठान में मनरेगा से होगा शेड निर्माण



पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत क्षेत्र के कोटरासरार में गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर सम्मिलित जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू ने गौठान में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट टैंक में मनरेगा से शेड देने तथा गौठान में बोरखनन की सौगात दी। इस दरम्यान श्रीसाहू ने गौठान का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गौठान योजना के माध्यम से किसानों व महिला समूहों के आर्थिक लाभ की चिंता की है। इसी सोच के फलस्वरूप शासन द्वारा गोबर खरीदी की जा रही है। रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के माध्यम से महिला समूहों को मछलीपालन, मुर्गीपालन व मशरूम उत्पादन से लेकर हाथकरघा के माध्यम से आर्थिक लाभ का अवसर दिया जा रहा है।

## इधर, खैरागढ़ बीईओ भुआर्य बहाल... शिक्षक अब भी चक्कर काट रहे

# मिड डे मिल की नियमित जानकारी में गफलत का अंदेशा, जांच जरुरी

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव/खैरागढ़
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

रसोईयों की हड़ताल से दो महीने तक बंद मिड डे मील के मामले में कमिश्नर के निरीक्षण के बाद खैरागढ़ के निलंबित बीईओ महेश भुआर्य को बहाल कर दिया गया है। जबकि शिक्षक बीईओ कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। इधर, इस मामले में कई पहलुओं पर जांच जरुरी बताई जा रही है।

दोनों निलंबित प्रधानपाठकों को तीन सप्ताह पहले निलंबन आदेश थमाया गया था और संयुक्त शिक्षा संचालक दुर्ग सम्भाग ने शिक्षा विभाग के ओएसडी को एक सप्ताह के भीतर आरोपपत्र जारी करने निर्देशित किया था। लेकिन समयावधि बीत जाने के बाद अब तक केवल प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी शिक्षिका को आरोपपत्र जारी किया जा सका है। जबकि मिडिल स्कूल के प्रभारी को अभी आरोपपत्र नहीं दिया गया है।

आरोपपत्र में मिड डे मील बंद होने की जानकारी उच्चाधिकारियों तक नहीं भेजने का आरोप लगाकर जवाब तलब किया गया है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार आरोपपत्र के बाद प्रकरण की अलग से जांच की जा सकती है। ज्ञात हो कि सितम्बर महीने से नवम्बर के पहले सप्ताह तक मानदेय बढ़ाने समेत तीन सूत्रीय मांगों को लेकर संघ के आव्हान पर पूरे प्रदेश में रसोईयों की हड़ताल के चलते स्कूलों में मिड डे मील नहीं पकाया जा रहा था। रसोईयों की हड़ताल से खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के तमाम स्कूलें भी प्रभावित रहीं।

### नहीं दिया कोई दिशा-निर्देश

खैरागढ़ ब्लॉक के 229 स्कूलों में से गिनती के स्कूलों में ही प्रधानपाठकों और समूह के पदाधिकारियों के प्रयास से मिड डे मील परोसा गया। सूत्रों के अनुसार रसोईयों के हड़ताल के बाद ठप्प हो चुके मिड डे मील की लिखित सूचना संकुलों के मार्फ़त बीईओ कार्यालय तक भिजवाने की खबर है। लेकिन बीईओ और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पूरे जिले और विकासखंड के स्कूलों को मिड डे मील के सम्बंध में कोई भी दिशानिर्देश और पत्र जारी नहीं किया गया। इस बीच 7 नवम्बर को दुर्ग सम्भाग आयुक्त के दौरे में मिड डे मील बंद पाये जाने पर अधिकारियों में हड़कंप मचा।प्रारंभिक तौर पर जानकारी रोकने के आरोप में शिक्षकों पर निलंबन की कार्रवाई की गई शिक्षकों के निलंबन के बाद पूरे महकमे में खलबली मच गई और शिक्षक फेडरेशन और पालकों ने कार्रवाई का कड़ा विरोध कर दिया।

### कुकिंग कास्ट और चावल आबंटन की जांच जरूरी

इसके बाद आनन फानन में खैरागढ़ के बीईओ को भी निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद अब भी बीईओ कार्यालय की पूरी कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल हैं।रोजाना ऑनलाइन ऐप के माध्यम से मिड डे मील की वास्तविक स्थिति, मासिक प्रपत्र में दैनिक उपस्थिति और चावल की खपत कुकिंग कास्ट के साथ ही रसोईयों की उपस्थिति समेत तमाम आवश्यक महत्वपूर्ण जानकारियों को आला अफसरों तक भिजवाने के बाद ही कुकिंग कास्ट और चावल आबंटन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। ब्लॉक के तमाम स्कूलों की ओर से उक्त जानकारियों को नियमित भेजे जाने की खबर है। मिड डे मील में लापरवाही के आरोप में बीईओ और स्कूल प्रभारियों के निलंबन के बाद कुकिंग कास्ट और चावल आबंटन की जांच जरूरी बताया जा रहा है।

# निविदा पर जताई आपत्ति, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ छुईखदान
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत अंतर्गत निर्माण कार्यों की निविदा मंगाई गई थी जिसमें टेंडर भरने वाले कुछ कॉन्ट्रेक्टर की निविदा नियम एवं शर्तो में अयोग्य होने की शिकायत की गई है। नगर पंचायत अधिकारी को अवगत कराते हुए युवाओं ने निविदा को निरस्त कर, नए सिरे से निविदा मंगाकर टेंडर खोलने की मांग की है।

नगर के युवा चाहते हैं कि निर्माण कार्य में उनको भी अवसर मिले। जिससे वे इन कार्यों में परिपक्व हो सके। नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुए युवाओं ने कार्रवाई में सहयोग की अपेक्षा जाहिर की है। नगर पालिका अधिकारी द्वारा नगर के युवाओं को पूर्ण रूप से आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि जिसके निविदा प्रपत्र



में कमी पाई जाती है तो उसे निरस्त किया जाएगा। नियम एवं शर्तो के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

युवाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ कांट्रैक्टरों ने एफडीआर जमा नहीं किया गया है जिसके चलते निविदा को निरस्त करने का मांग नगर पालिका अधिकारी से की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में अनिमेष महोबिया, नवीन महोबिया, भीम महोबिया, सोनू महोबिया, शुभम भट्ट, किशन सिलोटिया, सूरज धुर्वे,प्रवीण मेश्राम, वैभव महोबिया, प्रतीक सिंह, मेघु वर्मा, सौरज शर्मा, धनराज सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

निविदा में किसी भी प्रकार की त्रुटि मान्य नहीं है। सभी नियम एवं शर्तों के अनुसार ही टेंडर खोला जाएगा।
**-सुशील चौधरी,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी छुईखदान

# पुलिस ने 'हमर-बेटी, हमर मान' जागरूकता अभियान से बालिकाओं को किया जागरूक




पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिकाओं/युवतियों के सर्वांगीण विकास एवं सुरक्षा की दृष्टिकोण से 'हमर-बेटी, हमर मान' कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। उक्त कार्यक्रम के तहत् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी.रविशंकर (भा.पु.से.) द्वारा शुक्रवार को थाना कांसाबेल क्षेत्र के ग्राम टांगरगांव एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांसाबेल में कार्यक्रम आयोजित कर वहां मौजूद बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुये उन्हें विभिन्न विषयों के संबंध में जानकारी देकर उनका मार्गदर्शन दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं को कहा कि उन्हें अपनी शिक्षा एवं पढ़ाई में ध्यान देना चाहिये, उनके द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये। बच्चों एवं युवाओं को आगे रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शिक्षा से हम बेहतर जीवन जीने के साथ-साथ उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में शराब के दुष्परिणाम, घरेलू हिंसा, मोबाईल फ्रॉड, मानव तस्करी, यातायात नियमों, एक्सीडेंट से बचाव एवं हेलमेट की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया गया। यातायात नियमों एवं संकेतों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देत हुए कहा गया कि जब तक निर्धारित उम्र नहीं हो जाता और लाइसेंस नहीं बन जाता तब तक वाहन ना चलाएं।

पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से बच्चों की सुरक्षा हेतु टोलफ्री नम्बर 1800-123-6010 लांच किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी पीड़ित बालिका स्वयं अथवा बालिका की ओर से किसी भी व्यक्ति के द्वारा उसके साथ हो रहे शोषण, अत्याचार, दुर्व्यवहार, परेशानी या अपराध की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है, साथ ही बच्चों/उसके माता-पिता के लिये मनोचिकित्सक से परामर्श की सुविधा का भी प्रावधान है इसकी जानकारी दी गई।

इसी प्रकार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिये ''अभिव्यक्ति एप्प'' प्ले स्टोर में उपलब्ध है, जिसके माध्यम से संकट में फंसी महिलाओं/बालिकाओं को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिये इमजेंसी नम्बर की सुविधा है, साथ ही बिना थाना गए, कहीं से भी अपनी शिकायत दर्ज कराने एवं शिकायतों के निराकरण की स्थिति को भी ऑनलाईन देखने की भी सुविधा दी गई है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी संदीप मित्तल, थाना प्रभारी कांसाबेल निरीक्षक एन.एल. राठिया, यातायात स्टॉफ एवं स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक/शिक्षिकायें उपस्थित थे।

## शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाएं सेनेटरी नेपकिन पैड के उपयोग के लिए कर रही हैं सभी को प्रेरित




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहरी आजीविका मिशन द्वारा रायपुर नगर निगम क्षेत्र में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के कारणों से अवगत कराते हुए प्रजनन पथ संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता हेतु प्रेरित करने व सेनेटरी पैड के उपयोग के संबंध में जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इस तारतम्य में महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे सहित महिला पार्षद, शहरी आजीविका मिशन के प्रोजेक्ट मैनेजर व सामुदायिक संगठक शामिल हुए। कार्यशाला में महिला पार्षदों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए उनके उपयोगी सुझाव लिए गए। सभी ने माना कि स्वास्थ्य के प्रति हर महिला को जागरूक करने की बड़ी जिम्मेदारी हर शिक्षित महिला निभाएं एवं शहर की हर आयवर्ग को सेनेटरी पैड के उपयोग हेतु प्रेरित करने व उपलब्ध हर बेहतर विकल्प से उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। निगम मुख्यालय में गांधी सदन में आयोजित कार्यशाला विशेष रूप से केवल महिला पार्षदों हेतु आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में नेता प्रतिपक्ष मीनल छगन चौबे, पार्षद सीमा संतोष साहू, मंजू विरेन्द्र साहू, विश्वदिनी पाण्डेय, नीलम नीलकण्ठ, टेशु नंद किशोर, कामिनी पुरूषोत्तम देवांगन, सरिता वर्मा शामिल हुईं। नेता प्रतिपक्ष मीनल छगन चौबे ने इस पूरे जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी ली एवं शहरी आजीविका मिशन द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण अंचल के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहें सैकड़ों परिवारों की महिलाएं अभी भी प्रजनन पथ संक्रमण के खतरों के संबंध में पूरी तरह से जागरूक नहीं है। कार्यशाला में यह भी चिंता व्यक्त की गई कि मासिक धर्म के दौरान अस्वच्छ कपड़े के निरंतर उपयोग से महिलाओं और किशोरियों में संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। इस महत्वपूर्ण अभियान के संबंध में मिशन मैनेजर सुषमा मिश्रा ने विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को अवगत कराया कि संक्रमण से बचाव के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय संस्था बाला प्रोजेक्ट के साथ मिलकर जिले में स्वच्छता जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है।

# 'हाथी शावक को दे दी जाय दया मृत्यु' : सिंघवी

■ वन्यजीव प्रेमी ने लिखा मुख्य वन्य जीव संरक्षक को पत्र - 'यह जीव हत्या नहीं जीव दया होगी'

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के जशपुर के कुनकुरी रेंज में विगत 29-30 नवम्बर को गड्ढे में गिरने से 5 वर्षीय हाथी शावक की रीड की हड्डी टूटने और पीछे के दोनों पांवों में लकवा मारने के कारण उसे कष्ट से मुक्ति दिलाने के लिए रायपुर के नितिन सिंघवी ने मुख्य वन्य जीव संरक्षक सह प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) को हाथी शावक को दया मृत्यु देने पत्र के लिए पत्र लिखा है।

सिंघवी ने बताया कि वन विभाग हाथी शावक के स्वस्थ की जानकारी छुपा रहा है, परन्तु उन्हें प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथी शावक की रीड की हड्डी टूटने से वह अब कभी भी ठीक नहीं हो सकेगा। हाथी शावक को घाव होने लग गए है, जिससे शावक के शरीर में अगले दो-तीन दिनों में ही कीड़े पैदा हो जायेंगे, इससे मूक प्राणी को असहनीय दर्द होगा। कीड़े पैदा होने के बाद धीरे धीरे सेप्टिसीमिया अर्थात रक्त विषाक्तता (ब्लड पॉइजनिंग) विकसित हो जाएगी-यह तेजी से फैलने वाला ब्लड इनफेक्शन होता है। इसके बाद शावक के शरीर के कई अंग धीरे-धीरे काम करना बंद कर देंगे, जिससे हाथी शावक की मौत तड़प-तड़प कर होगी।

तीन दिन पहले लिखा पत्र अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, संवेदनशील नहीं है वन विभाग के अधिकारी सिंघवी ने आरोप लगाया कि हाथी शावक को दया मृत्यु के लिए 06 नवम्बर को मुख्य वन्य जीव संरक्षक पत्र ईमेल किया गया, पत्र व्हाट्सहेप पर भी भेजा गया, परन्तु प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्र पर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है, जो बताता है कि वन विभाग के अधिकारी कितने असंवेदनशील है। कुछ वर्ष पूर्व भी कवर्धा में एक अन्य हाथी शावक के साथ भी ऐसा ही हुआ था तब बहार से भी वेटनरी डॉक्टर बुलवाए गए थे, इलाज के नाम से शावक को बहुत कष्ट दिया गया परन्तु शावक की दर्दनाक मौत तड़प-तड़प कर हुई।

### मुख्य वन्य जीव संरक्षक को है दया मृत्यु देने का अधिकार

वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 11 प्रावधानित करती है कि यदि अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट कोई वन्यप्राणी निःशक्त या रोगी हो जो कि ठीक नहीं हो सकता तो उसे दया मृत्यु दी जा सकती है। यह अधिकार मुख्य वन्य जीव संरक्षक को प्राप्त है। हाथी वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची 1 में दर्ज वन्यजीव है।

### पीपल फॉर एनिमल रायपुर ने किया समर्थन

पीपल फॅर एनिमल रायपुर की संचालिका कस्तूरी बल्लाल ने हाथी शावक को दया मृत्यु दिए जाने के सुझाव का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि जब यह निश्चित हो जाता है कि वन्यजीव को बचाया नहीं जा सकेगा और वह कष्ट पूर्ण तरीके से मरेगा तो पूरे विश्व में ऐसे जीवों को यूथिनिसिया प्रोसीजर किया जाता है।

# सर्वश्रेष्ठ बागवानी प्रतियोगिता में 62 प्रतिभागियों ने कराया पंजीयन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




जिंदल स्टील एंड पावर एवम प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा निःशुल्क बागवानी का आयोजन किया जा रहा हैं। प्रतिभागी इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं, प्रतिभागियों कि रुचि को देखते हुए ये प्रतितोगिता 15 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है । बता दे कि अभी तक 62 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन करा लिया हैं।जिसमे सभी छोटे बड़े घर एवम छत पर की गई बागवानी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।इस बार की प्रतियोगिता में स्कूल एवम बिल्डर्स के गार्डन को भी शामिल किया गया जिसके लिए उन्हें 1000 पंजीयन शुल्क देना होगा।

जिंदल स्टील एवम पावर लिमिटेड द्वारा इस प्रदर्शनी का आयोजन हर वर्ष किया जाता हैं जिसमे हजारों लोग इस प्रदर्शनी का आनंद उठाते हैं।

वहीं इस बार इस प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजाति के फूल प्रदर्शनी में देखने को मिलेंगे। वहीं 7000 से अधिक पोधो की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। प्रथम, द्वितीय, एवम तृतीय घोषित विजेताओं को पुरस्कार वितरण जनवरी में आयोजित फ्लफूल सब्जी प्रदर्शनी के कार्यक्रम के दौरान प्रदान किए जायेंगे। इच्छुक प्रकृति प्रेमी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए व्हाटसप नंबर 9827140470 में अपना पूरा नाम,पता एवम बागवानी की चार फोटो,1 मिनट का वीडियो 15 दिसंबर तक भेज सकते हैं।

# यातायात नियमों का पालन करने अधिकारियों ने ली शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सड़क सुरक्षा के लिए बनाये गये यातायात नियमों का पालन करने अधिकारी-कर्मचारियों ने आज शपथ ली। जिला कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट एस.एस दुबे ने उन्हें शपथ दिलाई।

उन्होंने यातायात नियमों का खुद एवं परिजनों से पालन करवाने, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, एम्बुलैंस एवं फायर ब्रिगेड गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता देने और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद के लिए तत्पर रहने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ललिता भगत भी उपस्थित थीं। जिले की अन्य सरकारी कार्यालयों, स्कूल एवं कॉलेजों में भी सड़क सुरक्षा के लिए बनाये गये नियमों का पालन करने का संकल्प लिया गया।

# डब्ल्यूडीटी एवं लेखापाल के पदों पर आवेदन 26 तक

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण विकास घटक-2.0 अंतर्गत जिले में पीआईए स्तर पर 3 पद डब्ल्यू.डी.टी. (संविदा) एवं 1 पद लेखापाल सह डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। पदों के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट पर उपलब्ध है। वांछित योग्यताधारी आवेदक दिए गए निर्धारित प्रारूप में ही 26 दिसम्बर 2022 शाम 5.30 बजे तक कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्ल्यू.सी.डी.सी. जलग्रहण प्रकोष्ठ में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन केवल पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे।

### सदस्यता सूची पर दावा आपत्ति 16 तक

**बिलासपुर।** विकासखण्ड मस्तूरी के सहकारी समिति भुंईया के भगवान, मस्तूरी की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सदस्यता सूची के संबंध में दावा आपत्ति 16 दिसम्बर तक संस्था कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। आपत्तियों का निराकरण कर सूची का अंतिम प्रकाशन 17 दिसम्बर को किया जाएगा।

# ऊषा देवी मेमोरियल महाविद्यालय में ली गई सड़क सुरक्षा की शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सड़क यातायात सुरक्षा एक प्रकार की विधि या उपाय है जिससे सड़क दुर्घटना में लोगों को चोट लगने और उससे मौत होने आदि घटनाओं को कम करने का प्रयास किया जाता है। सड़क का उपयोग करने वाले सभी लोग जिसमें पैदल चलने वाले, साइकल, गाड़ी चालक या सार्वजनिक यातायात साधनों का उपयोग करने वाले शामिल हैं।लगातार बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं था इनसे हो रही अकाल मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में नगर के ऊषा देवी मेमोरियल महाविद्यालय,टैगोर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस,सकरी,बिलासपुर में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा की शपथ ली गई। इस शपथ कार्यक्रम में चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशा व शराब पीकर वाहन न चलाने, उचित दूरी बनाकर चलने, जेब्रा क्रासिग पर वाहन की गति धीमी करने व पैदल यात्रियों को चलने का अवसर देने, सड़कों पर लगे यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करने, दो पहिया वाहन चालक को हेलमेट लगाने, वाहन तेज गति से न चलाने के लिए छात्र - छात्राओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र - छात्राएं, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

# नगर विधायक शैलेष पांडेय ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नगर विधायक शैलेष पांडेय ने शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 31 लाला लाजपत राय नगर के सरजू बगीचा में 36.57 लाख रुपये की राशि से बनने वाली सड़क और नाली निर्माण के कार्यों का भूमि पूजन किया। विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि विकास कार्यों से क्षेत्र में जलभराव और जर्जर सड़कों की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को समय सीमा पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा, दुर्गा कंवर, सोमशेखर विश्वकर्मा, पार्षद शहजादी कुरैशी, रामा बघेल, सतीश मिश्रा, राजेश मिश्रा, प्रणब वर्मा, रवि ठाकुर, राजू अवस्थी, संदीप बाजपाई, सुधीर सोनी, सुमन अवस्थी, बबलू यादव, नमिता मिश्रा, शाश्वत तिवारी, अमृत गुप्ता, अंकुश चौधरी सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस भवन में केक काटकर मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) ने कांग्रेस भवन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ,यूपीए के चेयरपर्सन सोनिया गांधी के जन्मदिन पर केक काटकर मनाया । इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि सोनिया गांधी त्याग की प्रतिमूर्ति है ,जिन्होंने दो दो बार प्रधानमंत्री के पद को स्वीकार नही किया, सोनिया गांधी विदेशी मूल के होते हुए भी भारतीय संस्कृति, सभ्यता में ऐसे रच बस गई ,जैसा कि उनका जन्म ही भारत मे हुआ हो ,पांडेय ने राजनीति में संकीर्ण मानसिकता वाले लोग उन्हें बदनाम करने के लिए विदेशी मूल को राजनीतिक हथियार के रूप में प्रयोग किया पर उन लोगो के विचारों को जनता ने अस्वीकार कर दी ,और सोनिया गांधी ने 19 वर्षो तक कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में मजबूती प्रदान की। जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी नारी सशक्तिकरण की पर्याय है ,उनके सामने बड़ी से बड़ी चुनौतियों आयी ,चाहे राजीव गांधी जी की हत्या हो या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हो बिना विचलित हुए , सभी का डट कर मुकाबला किया ,श्रीमती सोनिया गांधी आज भी भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल होकर देश के अंदर भय, और सम्प्रदायवाद को समाप्त करने में लगी हुई है। छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह , ज़फ़र अली ने कहा कि सोनिया गांधी और राजीव गांधी का विवाह 1968 में हुआ ,तब सोनिया जी को राजनीति से बहुत ज्यादा सरोकार नही था ,किन्तु 1991 में राजीव गांधी के देहांत के पश्चात कांग्रेसजनों के आग्रह पर बड़ी मुश्किल से कांग्रेस अध्यक्षा बनी और अपनी काबिलियत ,संगठन क्षमता के चलते कांग्रेस को जीत दिलाई, सोनिया गांधी जी एक मिलन सार, सहज और सरल व्यक्तित्व की धनी है ,भारत के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया उन्होंने दो बार राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री न बनाकर मनमोहन सिंह को बनाया ,जबकि सत्तालोलुप भाजपा के नेता डर से सोनिया गांधी को बदनाम करने का प्रयास किया।

## यादव समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति का वितरण आज

**बिलासपुर।** यादव समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कल 10 दिसंबर को मध्यान्ह 3 बजे छात्रवृति बंटेगी। हायर सेकेंडरी, हाई स्कूल बालक एवं बालिका वर्ग समाज और रावत नाच में शामिल गोल परिवार के चयनित बच्चों को छात्रवृति वितरित होगी। उक्त जानकारी देते रावत नाच महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक डॉ.कालीचरण यादव ने बताया कि हायर सेकेंडरी बालक वर्ग में समाज के सोमकुमार यादव,मनीष यादव,बालिका वर्ग में कु.प्रियंका एवं कु. खुशबू यादव,हाई स्कूल में बालक वर्ग जयराम यादव,नीलेश यादव, अविनाश यादव बालिका वर्ग कु. खुशी,कु.महिमा एवं कु.रितु यादव शामिल हैं। इसी प्रकार यादव नर्तक गोल परिवार के बालक वर्ग हायर सेकेंडरी में अनिकेत,गौतम, हायर सेकेंडरी बालिका वर्ग में कु. अंकिता, कु.अनामिका, हाई स्कूल वर्ग में परसकुमार, धन्नू, अतुल, श्रीवेश बालिका वर्ग में कु. साधना, कु. स्नेहा, कु. पुष्पांजलि, कु. सोनिया शामिल हैं। डॉ.यादव ने बताया कि चयन समिति के निर्णय के अनुसार कल उक्त विद्यार्थियों को मध्यान 3 बजे देवकीनन्दन दीक्षित सभा भवन में छात्रवृत्ति बंटेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव मौजूद रहेंगे।

# आईजी बद्री मीणा ने रेंज के जिलों में अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

■ फरार डायरेक्टरों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित करने का निर्देश

आईजी बद्री नारायण ने बिलासपुर रेंज के जिलों में चिटफंड कंपनी के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कंपनी के फरार डायरेक्टर/पदाधिकारी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित करने हेतु सभी जिलों के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया, साथ ही जिन प्रकरणों में संपत्ति का चिन्हांकन किया जाना शेष है, उन प्रकरणों में यथाशीघ्र राज्य एवं राज्य से बाहर स्थित अचल संपत्तियों के चिन्हांकन करने का निर्देश दिया गया। अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों में अंतरिम कुर्की, अंतिम कुर्की, नीलामी तथा निवेशकों की धन वापसी की प्रतिदिन समीक्षा किये जाने तथा उनकी कुर्की की कार्यवाही शीघ्र कराने निर्देशित किया गया। स्थानीय एजेंटों का सहयोग लिया जाकर फरार आरोपियों की पतासाजी एवं संपत्ति की जानकारी प्राप्त करने निर्देशित किया गया। अनियमित वित्तीय कंपनियों के मामलों में संपत्ति कुर्की कार्यवाही एवं इनके विरूद्ध कलेक्टर कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिये संबंधित जिला कलेक्टरों से मॉनिटरिंग सेल की बैठक में चर्चा करने हेतु निर्देशित किया गया। दीगर राज्यों व दीगर जेलों मे निरूद्ध चिटफंड के आरोपी डायरेक्टर/पदाधिकारियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया साथ ही यदि इनकी गिरफ्तारी के संबंध में कोई समस्या आ रही हो तो माननीय न्यायालय के साथ होने वाली मॉनिटरिंग सेल की बैठक में समस्याओं पर चर्चा कर शीघ्र निराकरण कराये जाने निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक में जिला सक्ती से गायत्री सिंह, जिला कोरबा से अभिषेक वर्मा, जिला जांजगीर-चांपा से अनिल सोनी, जिला मुंगेली से प्रतिभा तिवारी, जिला बिलासपुर से राहुल देव शर्मा, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ से महेश्वर नाग जिला रायगढ़ से दीपक मिश्रा एवं जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही से अशोक वाडेगांवकर सहित रेंज कार्यालय में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपमाला कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती माया असवाल उपस्थित रहीं।

# 'किस्सा मोर रायपुर का' आयोजन 10 दिसंबर को बूढ़ातालाब में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




निवास योग्य शहरों की रैंकिंग में अपने शहर की सुविधाओं के संबंध में नागरिक अपना फीडबैक दें रहे हैं। आम लोगों को इस सर्वेक्षण के संबंध में प्रेरित करने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. एवं भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक साथ मिलकर 10 दिसंबर को शाम 6 बजे बूढ़ातालाब-स्वामी विवेकानंद सरोवर में 'किस्सा मोर रायपुर का' व्याख्यान्न कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में शहर के विषय विशेषज्ञ के साथ आम नागरिक रायपुर के ऐतिहासिक धरोहर एवं प्राचीन रायपुर के संबंध में विस्तार से चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता भारतीय सांस्कृतिक निधि छ.ग. के संयोजक अरविंद मिश्र होंगे। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निवास योग्य उत्तम शहरों की रैंकिंग के लिए 'इज ऑफलिविंग-2022' सर्वेक्षण संचालित की जा रही है। इसके तहत भारत सरकार द्वारा निर्धारित वेब लिंक पर जाकर या क्यूआर कोड स्कैन कर हर नागरिक प्रतिक्रिया दे सकते है।

## कृत्रिम पैर लगाने सीपत में आयोजित किया गया शिविर

**बिलासपुर।** गत अगस्त माह में रोटरी ई क्लब ऑफ बिलासपुर यूनाइटेड एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के संयुक्त प्रयास से कृत्रिम पैरों को लगाने का महा शिविर लगाया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को एक शिविर सीपत में पुनः आयोजित किया गया जिसमें पिछले हितग्राहियों के पैरों का पुनः निरीक्षण करके दिक्कतों को दूर किया गया। गुजरात से आई टीम ने सभी उपलब्ध हितग्राहियों की फिटिंग को पुनः सेट कर के उन्हें संतुष्ट किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब से पीयूष चावला, विकास केजरीवाल, रौनक साव, संजय दुआ एवं विकलांग चेतना परिषद से मदनमोहन अग्रवाल, डी पी गुप्ता, राजेश पांडे, नित्यानंद अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद
# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय योजना




## कुल चिन्हांकित शालाएं
**718**

**अंग्रेजी माध्यम** की कुल संचालित शालाएं **247**

**हिन्दी माध्यम** की कुल संचालित शालाएं **32**

नए सत्र में प्रस्तावित विद्यालय **439**

कुल लाभान्वित विद्यार्थी **2 लाख 52 हज़ार 600**

## गुणवत्ता के घटक

- आधुनिक आधारभूत संरचना
- पुरानी बिल्डिंग्स का जीर्णोद्धार
- ब्लैक बोर्ड की जगह ग्रीन बोर्ड
- आधुनिक फर्नीचर
- अत्याधुनिक प्रैक्टिकल लैब
- आडियो विज़ुअल माध्यम से पढ़ाई
- एक दिन छत्तीसगढ़ी में पढ़ाई

## स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना

- प्रतिवर्ष कक्षा 10 एवं 12 में प्रावीण्य सूची में शामिल छात्रों का सम्मान
- प्रत्येक छात्र को ₹1.5 लाख का पुरस्कार

SAMVAD- 33385/109

**सेवा - जतन - सरोकार**
**छत्तीसगढ़ सरकार**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403